राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 88
लखनऊ, शुक्रवार 15 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने को हर संभव प्रयास कर रही सरकार : केशव प्रसाद मौर्य 03
आपसी सौहार्द को बढ़ाता है जौलजीबी मेला : धामी 12

# एक ही दिन होगी पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा

## प्रदर्शनकारी छात्रों की मांगों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप के बाद यूपीपीएससी ने लिया फैसला

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा को एक ही दिन में कराने का निर्णय लिया है। साथ ही दिसंबर में प्रस्तावित आरओ/एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। आयोग के इस फैसले से लाखों छात्रों को राहत मिली है।



प्रयागराज में प्रदर्शनकारी छात्रों की मांगों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएससी को छात्रों के साथ संवाद और समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद यूपीपीएससी ने यह निर्णय लिया है। अब पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा 2024 को एक ही दिन में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही स्थगित की गयी आरओ/एआरओ (प्रा.) परीक्षा-2023 का प्रारूप तय करने के लिए समिति का गठन किया गया है।

समिति सभी पहलुओं पर विचार कर अतिशीघ्र अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। यूपीपीएससी के मुताबिक समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 को स्थगित करते हुए उसकी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति सभी पहलुओं पर गहन अध्ययन कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगी, जिससे इन परीक्षाओं की शुचिता और विश्वसनीयता को सुनिश्चित किया जा सके। आयोग ने बताया कि हाल के महीनों में देश के कई हिस्सों में पेपर लीक की घटनाओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने चयन परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है।

परीक्षा को एक ही दिन में आयोजित करने से छात्रों को परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता का भरोसा मिलेगा। साथ ही आयोग द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट से भविष्य में होने वाली परीक्षाओं की शुचिता को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### नौजवानों के आंदोलन को दबाना चाहती है सरकार



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक रखी है। फूलपुर में गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रैली में आए लोगों से कहा, जिस समय हम और आप इस मैदान में एक-दूसरे के सामने हैं, प्रयागराज में बड़ी संख्या में नौजवान आंदोलन कर रहे हैं। यह आंदोलन पढ़े लिखे नौजवान कर रहे हैं। वे नौजवान है जो कल अधिकारी बनेंगे, आज इस सरकार ने उन युवकों को भी आंदोलन में झोंक दिया है। मैं तमाम युवक और युवतियों को बधाई देना चाहता हूं कि अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए वे पीछे न हटें। सरकार तमाम तरीके अपनाकर नौजवानों के आंदोलन को दबाना चाहती है। इसके बावजूद नौजवान अपनी मांगों को लेकर सरकार को जगाना चाहते हैं। उन्होंने छात्रों के आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की और कहा, जो लोग एक देश, एक चुनाव की बात कर रहे हैं, वे एक परीक्षा नहीं करवा पा रहे हैं। भाजपा की अहंकारी सरकार यदि यह सोच रही है कि वह आंदोलनकारी अभ्यर्थियों के आंदोलन को खत्म कर देगी तो यह उसकी महाभूल है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किए वादों को पूरा करने में असफल साबित हुई है। पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) गठबंधन से भाजपा परेशान है। जनता की बुनियादी सुविधाओं से ध्यान भटकाने के लिए नकारात्मक राजनीति का सहारा ले रही है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था से लेकर रोजगार देने तक, यह सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है।

### छात्रों ने यूपीपीसीएस अध्यक्ष का पुतला फूंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** प्रयागराज में यूपीपीसीएस परीक्षाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन की लहर अब लखनऊ तक पहुंच चुकी है। गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नम्बर-1 के सामने और परिवर्तन चौक के पास स्टूडेंट्स ने जमकर हंगामा किया। उनकी पुलिस से झड़प हो गई। समाजवादी छात्र सभा से जुड़े स्टूडेंट्स ने पीसीएस प्री 2024 और आरओ-एआरओ 2023 प्री परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित छात्रों ने उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष का पुतला जलाया। आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और स्टूडेंट आमने-सामने हो गए। काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। पुलिस ने स्टूडेंट्स को हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई।

# कोई वकील जांच एजेंसियों से सीधे संवाद नहीं कर सकता

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मनी लांड्रिंग (धन शोधन) के एक केस में जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि कोई वकील अपने मुवक्किल के साथ अपनी पहचान नहीं बता सकता। वह जांच अधिकारी आदि जैसी एजेंसियों से सीधे बातचीत नहीं कर सकता, जब तक कि अदालत द्वारा ऐसा आदेश न दिया जाए।

हाईकोर्ट ने धन शोधन के एक मामले में एक आरोपी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील को जमानत याचिका लम्बित रहने के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सीधे संवाद करने के लिए फटकार लगाई। यद्यपि कोर्ट ने एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक, आरोपी पदम सिंघी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामले में जमानत दे दी। आरोपितों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने ईडी के जांच अधिकारी (आईओ) को दो ईमेल भेजे थे, जिसमें उनसे मामले




**हाईकोर्ट ने जमानत याचिका पर जवाब के लिए ईडी को अनुस्मारक ईमेल भेजने पर वकीलों की निंदा की**

में देरी से बचने के लिए अदालत के आदेश के अनुसार जमानत मामले में जवाब दाखिल करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति समित गोपाल ने पद्म सिंधी बनाम प्रवर्तन निदेशालय के केस में अधिवक्ता के आचरण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यदि जवाब दाखिल करने के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है, तो सही उपाय यही है कि पीठ को सूचित किया जाए। अदालत ने कहा, ई-मेल भेजकर अधिकारियों को अदालत के आदेश की याद दिलाना और उनसे इसका अनुपालन करने का अनुरोध करना इस मामले में उपस्थित वकीलों के कर्तव्यों के दायर में नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### थोक मुद्रा स्फीति अक्टूबर में बढ़कर 2.36 प्रतिशत

**नयी दिल्ली।** खाद्य उत्पादों और प्राथमिक वस्तुओं की कीमतों में तेजी के चलते थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रा स्फीति अक्टूबर 2024 में बढ़कर 2.36 प्रतिशत रही। सरकार द्वारा गुरुवार को जारी अक्टूबर माह के थोक मूल्य सूचकांक के अनुसार, अक्टूबर में, खाद्य उत्पादों की थोक कीमतों में सालाना आधार पर 11.59 प्रतिशत और प्राथमिक वस्तुओं की कीमतों में 1.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। वाणिज्यों एवं उद्योग मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, अक्टूबर माह में ईंधन और ऊर्जा के थोक भाव पिछले साल अक्टूबर की तुलना में 5.79 प्रतिशत नीचे रहे जबकि विनिर्मित उत्पादों की थोक कीमतों में सालाना आधार पर 1.50 प्रतिशत की तेजी रही। सितंबर में थोक मुद्रा स्फीति 1.84 प्रतिशत और अगस्त में 1.25 प्रतिशत रही।

### काशी की देव दीपावली आज धनखड़ होंगे चीफगेस्ट

**लखनऊ ।** वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली कल शुक्रवार को है। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस वर्ष 17 लाख दीपों से गंगा घाट जगमगाएंगे। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी देव दीपावली पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ मनाई जाएगी। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश के केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और राज्य सरकार के कई मंत्री उपस्थित रहेंगे।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि देव दीपावली काशी की धरोहर है, जो हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ती है। इस परंपरा का हिस्सा बनकर हम सभी गौरवान्वित महसूस करते हैं। गंगा के विभिन्न घाट दीपों की लड़ियों से जगमगाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रीन फायर क्रैकर शो, गंगा आरती, लेजर शो आदि विशेष आकर्षण के केन्द्र होंगे।

### 200 फर्म बनाकर 150 करोड़ की जीएसटी चोरी, तीन हिरासत में

**बागपत।** बागपत जिले में हरियाणा गुड़गांव जीएसटी की टीम ने एक कबाड़ी के घर पर छापा मारा है। तीन लोगों को अवैध हथियार और लाखों के कैश के साथ हिरासत में लिया गया है। बताया गया है कि 200 फर्म बनाकर 150 करोड़ की जीएसटी की चोरी की गयी है । टीम कार्रवाई में जुटी है। खेकड़ा कस्बे का एक कबाड़ी कम समय में करोड़ों का मालिक हो गया। करोड़ों की जमीन खरीद डाली। गुरुवार को गुड़गांव से आयी जीएसटी विभाग की टीम ने यहां छापामारी की तो कस्बे में हड़कंप मच गया। जीएसटी विभाग के अधिकारी नरेंद्र कुमार टीम के साथ यहां पहुंचे। अधिक जानकारी तो वह नहीं दे पाये लेकिन बताया गया है कि करोड़ों की जीएसटी चोरी का मामला है।

# नए साल पर यूपी के 115 आईएएस अधिकारियों का होगा प्रमोशन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नए साल में बड़े अस्तर के आईएएस अधिकारियों को तोहफा दे सकती है। दरअसल, सरकार ने लगभग 115 आईएएस अधिकारी ऐसे हैं, जिन्हें प्रमोट किया जा सकता है।

मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 5 डीएम रैंक से प्रमोशन देकर सचिव कमिश्नर रैंक किया जाएगा। इसमें 5 जिलाधिकारी के नाम शामिल है जो इस प्रकार हैं-आईएएस सूर्यपाल गंगवार जिलाधिकारी लखनऊ, आईएएस एस राजालिंगम जिलाधिकारी वाराणसी, आईएएस इंद्र विक्रम सिंह जिलाधिकारी गाजियाबाद आईएएस शैलेंद्र कुमार सिंह जिलाधिकारी मथुरा, आईएएस राकेश कुमार सिंह द्वितीय डीएम कानपुर का नाम शामिल है। दिसंबर के अंत में इसे लेकर सूची जारी की जाएगी। जबकि 2000 बैच के आईएएस अधिकारी को प्रमुख सचिव के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

2009 बैच के आईएएस अफसर सचिव और कमिश्नर रैंक पर प्रमोट किए जाएंगे। 2009 बैच के 40 आईएएस अफसर कमिश्नर और सचिव रैंक में प्रमोट करने की योजना में हैं। 2012 बैच के 51 अधिकारियों को सिलेक्शन ग्रेड मिलेगा। 2021 बैच के 17 आईएएस अफसर को सीनियर टाइम स्केल मिलेगा। इसे लेकर 1 जनवरी 2025 को प्रमोशन आदेश जारी किया जाएगा।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा, बस में लगी आग 42 यात्री थे सवार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा हो गया। जहां गोसाईगंज इलाके के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह चलती बस में आग लग गई थी। देखते ही देखते बस में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया था। पूरी बस धू-धूकर जलने लगी थी। वहीं आग सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम ने लगभग 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। बस में करीब 40 से 42 यात्री सवार थे। यह हादसा शहजादे पुर गांव के पास हुआ है। वहीं बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। ड्राइवर और कंडक्टर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

# संघ लोक सेवा आयोग ने संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा-2024 का परिणाम घोषित किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने गुरुवार को संयुक्त चिकित्सा सेवा (सीएमएस)-2024 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है।

यूपीएससी ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2024 की लिखित परीक्षा (भाग-ढ्ढ) तथा उसके बाद सितम्बर से नवम्बर, 2024 तक आयोजित व्यक्तित्व परीक्षण (भाग-) के परिणाम के आधार पर अंतिम परिणाम तैयार किए गए हैं। श्रेणी-1 के लिए कुल 165 उम्मीदवारों को तथा श्रेणी-ढ्ढ्ढ के लिए 600 उम्मीदवारों को अनुशंसित किया गया है। इसके अलावा 304 अनुशंसित



उम्मीदवारों की उम्मीदवारी प्रोविजनल है। संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2024 का अंतिम परिणाम यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

उपर्युक्त पदों पर नियुक्तियां उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के अनुसार की जाएंगी तथा उम्मीदवारों द्वारा सभी निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने तथा सभी पूर्व-नियुक्ति औपचारिकताओं और सत्यापनों को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के बाद होंगी। पदों पर उम्मीदवारों का आवंटन उनके द्वारा प्राप्त रैंक तथा उनके द्वारा व्यक्त की गई वरीयता के अनुसार किया जाएगा। परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों को नियुक्ति का प्रस्ताव तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आयोग ऐसे उम्मीदवारों से अपेक्षित मूल दस्तावेजों का सत्यापन नहीं कर लेता। संघ लोक सेवा आयोग के परिसर में परीक्षा भवन के पास एक सुविधा काउंटर है। उम्मीदवार इस परीक्षा से संबंधित कोई भी जानकारी व स्पष्टीकरण कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच इस काउंटर से व्यक्तिगत रूप से या टेलीफोन नंबर 011-23385271 और 011-23381125 पर प्राप्त कर सकते हैं।

# झारखंड को लूटने वाले सत्ता से होंगे बेदखल : योगी

- जाति के नाम पर मुंडा को संथाल, पासवान को मुसहर से लड़ाएंगे तीनों दल : योगी

एजेंसी



**धनबाद/बोकारो ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को झारखंड में तीसरे दिन चुनावी रण में पहुंचे। उन्होंने 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन जयंती और झारखंड के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ ही कांग्रेस, राजद व वामपंथी उनके निशाने पर रहे। बोले कि पहले चरण के मतदान का रुझान बता रहा कि झारखंड को लूटने वाले झामुमो, कांग्रेस व राजद सत्ता से बेदखल होने जा रहे हैं और भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट, झामुमो व राजद वाले यहां दिखावा करते हैं और रांची में एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निरसा विधानसभा से प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता, सिंदरी से तारा देवी, बोकारो से बिरंची नारायण, चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी व बेरमो से रविंद्र कुमार पांडेय, गोमिया से लंबोदर महतो के लिए जनसभा कर जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 15 नवंबर 2000 को झारखंड का निर्माण किया था।

### कांग्रेस सांसद के घर मिले 350 करोड़

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी कह रहे थे कि सरकार आएगी तो सिलेंडर देंगे। जब तुम्हारी सरकार थी तो क्या कर रहे थे। वे लोग हिंदुओं-जनजातियों का अधिकार घुसपैठियों को भी देंगे। भाजपा कहती है कि योजना का लाभ जनजातीय और झारखंडवासियों को मिलेगा, घुसपैठियों को नहीं। झामुमो, कांग्रेस व राजद ने लूटखसोट के अलावा क्या किया है। कांग्रेस के एक सांसद के घर 350 करोड़ रुपये तो झामुमो सरकार के मंत्री के घर में 35 करोड़ रुपये मिले। यह झारखंड का पैसा है, जो चंद लोग लूटकर घर को भरने का कार्य कर रहे हैं। भ्रष्टाचारियों के लिए राजनीति में कोई जगह नहीं है। इसे रोकने के लिए भाजपा आवश्यक है।

### तीनों दल जाति के नाम पर मुंडा को संथाल

सीएम ने कहा कि चंदनक्यारी में दुर्गा मूर्ति के जुलूस पर हमला कर दिया गया। मूर्ति खंडित कर दी गई, पूजा नहीं करने दिया गया। इन गुंडों व अराजक तत्वों का उपचार केवल भाजपा है। 2017के पहले यूपी में भी ऐसा ही था पर अब वहां सब चंगा है। कांग्रेस, झामुमो व राजद जाति के नाम पर मुंडा को संथाल, पासवान को मुसहर से लड़ाएगी। हम बंटे थे तो पाकिस्तान व बांग्लादेश बन गया। आप बंटेगे तो यह लोग मुस्लिम तुष्टिकरण, जुलूस पर हमला, पर्व-त्योहार में अशांति कराएंगे। इसलिए एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

### मणिपुर के पांच जिलों के छह और पुलिस थानों पर लागू हुआ अफस्पा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) के तहत मणिपुर के पांच जिलों के 6 पुलिस थानों को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। इन पुलिस थानों में सेकमाई (इंफाल वेस्ट), लामसांग (इंफाल वेस्ट) लामलाई (इंफाल ईस्ट), जिरीबाम (जिरीबाम), लीमाखोंग (कांगपोकपी), मोइरांग (विश्नुपुर) शामिल हैं। मंत्रालय का कहना है कि मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के कारण स्थिति अस्थिर बनी हुई है एवं विष्णुपुर-चुराचंदपुर, इंफाल ईस्ट-कांगपोकपी-इंफाल वेस्ट व जिरीबाम जिलों के सीमांत हिंसा-ग्रस्त क्षेत्रों में रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है तथा हिंसा के जघन्य कृत्यों में विद्रोही समूहों की सक्रिय भागीदारी के कई उदाहरण सामने आए हैं।

# जामिया मिलिया इस्लामिया में हिन्दू हो रहे उत्पीड़न के शिकार : रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कॉल फॉर जस्टिस की ओर से जामिया मिलिया इस्लामिया में कथित धर्म परिवर्तन के मामलों पर बनी तथ्यान्वेषण समिति ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट सार्वजनिक की।

रिपोर्ट में जामिया मिलिया इस्लामिया में हिंदू और खासकर एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों और फैकल्टी मेंबर के साथ दुर्व्यवहार, धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने और ऐसा न करने पर उत्पीड़न का सामना करने की बात कही गई है। रिपोर्ट को आगे गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा । आज एक पत्रकार वार्ता में समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एसएन ढींगरा (सेवानिवृत्त) ने 100 पेजों की रिपोर्ट सार्वजनिक की और इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि धर्म विशेष को बढ़ावा देने और जबरन धर्म परिवर्तन कराने की शिकायतों पर 6 सदस्यों की समिति बनाई गई थी। समिति ने पिछले दो दशक के दौरान हुए भेदभाव और उत्पीड़न के शिकार बने 23 लोगों से बातचीत और उनकी ओर से पेश सबूतों के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। उन्होंने कहा है कि पिछले दो दशक के दौरान जामिया में हिंदू छात्रों, फैकल्टी मेंबर और अन्य स्टाफ के उत्पीड़न के चलते इनकी संख्या में काफी कमी आई है। दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव भी समिति के सदस्य हैं। उनका कहना है कि जांच के दौरान बहुत से लोगों ने अपनी पहचान छिपाने का आग्रह किया है।

# महाराष्ट्र विस चुनाव : एमवीए प्रत्याशी फहाद अहमद के प्रचार में दिग्गजों ने झोंकी ताकत

## पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के तूफानी दौरे से गरमाया माहौल, आजमगढ़ सांसद धर्मेन्द्र यादव, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा यादव ने की सभाएं

समृद्धि न्यूज

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है। चुनाव प्रचार वैसे-वैसे गति पकड़ रहा है। महाविकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन से संयुक्त प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ रहे हैं।

महाराष्ट्र की विधानसभा अणुशक्ति नगर से चुनाव लड़ रहे समाजवादी पार्टी के नेता और अभिनेत्री स्वरा भास्कर के पति फहाद अहमद की जीत पक्की बतायी जा रही है। प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे बिहार की लोकसभा पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को वहां



प्रत्याशी फहाद अहमद के साथ सांसद पप्पू यादव, डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, डॉ. अनीता रंजन, नेहा यादव आदि



पत्रकारों से रुबरु होते सांसद धर्मेन्द्र यादव व डॉ. अनीता रंजन, डॉ. जितेन्द्र यादव आदि

की जनता ने हाथों हाथ लिया। उन्होंने कहा कि इस बार एमवीए गठबंधन के ही प्रत्याशी जीतेंगे और सरकार बनायेंगे। उन्होंने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार, मातृ शक्ति का सम्मान, सुरक्षा और भयमुक्त समाज की स्थापना यह पहली प्राथमिकता है। किसी के बहकावे में न आयें। आने वाली 20 नवम्बर को एमवीए प्रत्याशी फहाद अहमद के पक्ष में मतदान कर भारी बहुमत से जिताने का काम करें। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से लोकसभा सांसद धर्मेंद्र यादव ने भी प्रत्याशी के पक्ष में जनसम्पर्क कर माहौल बनाया।

- सपा उप्र के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, नवाबगंज ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन ने घर-घर जाकर मतदाताओं से किया संवाद
- मतदाताओं ने भी प्रचार करने आए नेताओं को लिया हाथों-हाथ

उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने गठबंधन प्रत्याशी फहाद अहमद के पक्ष में तूफानी दौरा कर प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाया। जन सम्पर्क के दौरान उन्होंने कई जगह रुककर मतदाताओं के बीच अपनी बात रखी। वहीं उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद की नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन व समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा यादव ने जन सम्पर्क कर घर-घर वोट मांगे। जन सम्पर्क के दौरान मतदाताओं का अपार समर्थन मिला। प्रचार के दौरान महिला मतदाताओं ने हाथों-हाथ लिया। प्रत्याशी के साथ-साथ नेहा यादव व डा0 अनीता रंजन का भी माला पहनाकर मतदाताओं ने स्वागत किया।

उन्होंने मतदाताओं से कहा कि किसी के बहकावे में न आयें। चमक, दमक व दिखावे में भी न आयें। निडर होकर आने वाली 20 नवम्बर को प्रत्याशी फहाद अहमद के पक्ष में मतदान करें। बताते चलें कि महाराष्ट्र में 288 सीटों पर विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। 20 नवम्बर को मतदान होना है और 23 नवम्बर को मतगणना होगी। विधानसभा का 26 नवम्बर को कार्यकाल पूर्ण होगा। महाराष्ट्र की विधानसभा अणुशक्तिनगर में कुल 2 लाख 69 हजार 69 मतदाता हैं। इनमें 143844 पुरुष व 125194 महिला और 31 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

# कम धान खरीद पर कमिश्नर ने जताई नाराजगी

- लक्ष्य के सापेक्ष खरीद बढ़ाने के कड़े निर्देश, किसानों को दे सुविधाएं: कमिश्नर

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शासन की मंशा के अनुरुप धान खरीद के लक्ष्य के सापेक्ष खरीद व किसानों की समस्याओं को जानने के लिए फूड कमिश्नर ने यहां अलीगंज रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति पहुंचकर क्रय केंद्रो का निरीक्षण किया। अचानक निरीक्षण से हडकंप मच गया। केंद्र प्रभारी अधिकारी निरीक्षण के दौरान परेशान नजर आए। इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ एडीएम, एसडीएम सहित विभिन्न खरीद सेंटरों के विभागीय वरिष्ठ अधिकारी साथ रहे।

धान खरीद के जमीनी हालात का निरीक्षण करने पहुंचे फूड कमिश्नर ने क्रय केद्रों की गहनता से पडताल करते हुए दस्तावेज देखे। साथ ही लक्ष्य के सापेक्ष खरीद का औसत कम देखकर सेंटरों के प्रभारियों व अधिकारियों से कड़ी नाराजगी जाहिर की। बुधवार को फूड कमिश्नर सौरभ कुमार लाव लश्कर के साथ अलीगंज रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित धान खरीद केंद्रों पर पहुंचे। जहां उन्होंने सेंटरों पर जाकर खरीद का जायजा लिया। जहां उन्हें सेंटरों पर इक्का दुक्का किसान देख हैरान रह गए। खरीद की हकीकत पर पता चला कि 44 दिन पूरे होने के बाबजूद केंद्रों पर मात्र 23 हजार क्विंटल धान हुई। जिसे देखकर उन्होने गहरा असंतोष व्यक्त किया। केंद्र प्रभारियों को सख्ती के साथ चेतावनी देते हुए कहा। कि सेंटरों पर किसानों को सहूलियत के अनुसार धान खरीद में बढोत्तरी की जाए। फूड कमिश्नर के इस औचक निरीक्षण में धान खरीद केंद्र प्रभारियों व अधिकारी परेशान नजर आए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, उप जिला अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, डीएफएमओ संतोष कुमार, एएमओ सुभाष चंद्रा सहित विभिन्न सेंटरों के केंद्र प्रभारी व जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# लेखपाल को जान से मारने की कोशिश, प्रधान प्रतिनिधि पर कार से कुचलने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील गोला के बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के मूड़ा सवारान में महिला लेखपाल को प्रधान प्रतिनिधि द्वारा कार से कुचलने का प्रयास किया गया। इस घटना में महिला लेखपाल गंभीर घायल हो गई उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उसका इलाज चल रहा है।

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूड़ा खुर्द में तैनात महिला लेखपाल सिमरन शाक्य को कार से कुचलने का प्रयास किया गया जिससे वह घायल हो गई। घायल महिला लेखपाल सिमरन शाक्य ने बताया कि बुधवार को वह अपने हल्का क्षेत्र मूड़ा खुर्द से पति के साथ वापस आ रही थी। जैसे ही वह बिजुआ-अलीगंज मार्ग पर आर्यावर्त बैंक मूडा सवारान के पास मुड़ी उसी समय लखरावां निवासी प्रधान प्रतिनिधि तनसीर पुत्र समीम ने अपनी अर्टिगा कार से जोरदार टक्कर मार दी। विरोध करने पर उसने गाड़ी पीछे करके महिला लेखपाल को कुचलने का प्रयास किया। उनके साथ एक और व्यक्ति भी था। घायल महिला लेखपाल ने घटना की सूचना उपजिलाधिकारी गोला को दी और साथी लेखपाल के सहारे अस्पताल पहुंची। महिला लेखपाल ने आरोप लगाया कि तनसीर ने जान से मारने की कोशिश की। गोला एसडीएम ने बताया कि महिला लेखपाल की तहरीर पर तनसीर और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सुसंगत धाराओं में गोला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### अपशब्द व मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मामला दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के रम्मापुर में चार लोगों पर दलित उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मारपीट की। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। क्षेत्र के ग्राम रम्मापुर निवासी पन्नालाल पुत्र बांकेलाल ने पुलिस को तहरीर में बताया। कि 29 अक्टूबर को दोपहर में झाऊपुर से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में लीलापुर निवासी दिनेश वर्मा राजू वर्मा पुत्रगण तेजराम, अवधेश कुमार पुत्र चंद्रभाल व वीरेश कुमार पुत्र यज्ञदत्त लीलापुर चौराहा पर बैठे थे। विपक्षियों ने उसे देखकर जातिसूचक अपशब्द कहे। विरोध करने पर विपक्षियों ने गाली गलौज करते हुए उसकी लात घूसो व लाठी डंडों से पिटाई कर दी। इसके बाद वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

### असीम उपलब्धियों के साथ आज विद्यालय में रजत जयंती वर्ष का धूमधाम से होगा आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज का रजत जयंती समारोह 15 नवंबर शुक्रवार को दोपहर एक बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी, बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय के 25 वर्ष पूरे होने पर 15 नवंबर को रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। 25 वर्ष पूर्व 1999 में विद्यालय की स्थापना की गई थी। इस अवधि में विद्यालय ने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने के साथ गुणवत्तायुक्ता शिक्षा प्रदान कर विद्यार्थियों को उनके मुकाम तक पहुंचाया है। तथा एक जीवन में कामयाब होने का एक मकसद दिया है। इन्ही उपलब्धियों के कारण अब विद्यालय की जिम्मेदारियां बढ गई है। रजत जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विधान परिषद् सदस्य उमेश द्विवेदी, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक अमन गिरि एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू होंगे।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर खाई में गिरा, युवक की मौत

**पिपरझला।** मितौली थाना क्षेत्र के कस्ता सीतापुर रोड पर पकरिया चौराहे से 200 मीटर की दूरी पर मावा ब्रिक फील्ड से ईट भर कर ट्रैक्टर ट्राली कस्ता के लिए जा रहा था रास्ते में मोटरसाइकिल सवार युवक की आमने-सामने टक्कर हो जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ जाने से गहरी खाई में जा गिरा ट्रैक्टर पर सवार ड्राइवर के साथ ईट भट्ठे पर काम कर रहे मजदूर भी बैठे थे फिलहाल बैठे मजदूरों में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। मृतक की अभी तक कोई पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतक की मोटरसाइकिल निकट के पिपरझला पिकेट पर खड़ी कर ली हैं।

### कोटेदार द्वारा कम राशन देने के मामले में डीएम से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई



**निघासन खीरी।** निघासन खीरी के एक गांव में कोटेदार द्वारा कम राशन देने के मामले में राशनकार्ड धारकों ने मामले की शिकायत डीएम से की थी, शिकायत करने बावजूद अभी तक कोटेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पूरा मामला निघासन ब्लॉक के सिसुवारी गांव का है जहां के रहने वाले राशन कार्ड धारकों ने गांव के कोटेदार श्रीराम पर कम राशन देने का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी को शपथ पत्र देकर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी उसके बावजूद अभी तक कोटेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गांव के रहने वाले राशन कार्ड धारक राम नरेश ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब वह गांव में स्थित कोटेदार श्रीराम के पास राशन लेने जाते हैं तो कोटेदार श्रीराम पांच किलो राशन देने की जगह साढ़े चार किलो राशन देता है। विरोध करने पर कोटेदार उनको विवादित व्यक्ति बताकर राशन न देने की बात कह कर लौटा देता है। इस संबंध में गांव निवासी राशन कार्ड धारक राम नरेश, बीरू,संगीता देवी,मीना देवी, नन्हीं, गुड्डी, मुकेश कुमार, पूरन लाल, सुमन आदि ने जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को शपथ पत्र सहित शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। शिकायत कर्ताओं का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोटेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मामले में जब जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी सिंह से उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए जब उनके नम्बर पर फोन मिलाया गया तो उनका नम्बर स्विच आफ था।

### मधुमेह की बीमारी से बचाव को खानपान में सावधानी जरूरी




**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** गुरुवार को विश्व मधुमेह दिवस पर सीएचसी गोला में स्क्रीनिंग व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। यहां सीएचसी अधीक्षक डा.गणेश कुमार के निर्देशन में डब्लयूएचओ के निर्धारित थीम ब्रेकिंग बायर्स ब्रिडिंग गैपस के आधार पर विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया। जिसमें एनसीडी स्क्रीनिंग, हस्ताक्षर अभियान, गोष्ठी, जनजागरूकता अभियान, जागरूकता कैंपों के आयोजन से लोगों को जागरुक किया जाना है। चिकित्सकों ने बताया कि इस बीमारी से बचाव के लिए अच्छी डाइट लेना, फिजिकल एक्टिविटी करना, नियमित व्यायाम, शरीर के वजन को नियंत्रित रखना, पर्याप्त नींद, तनाव मुक्त रहना, मधुमेह की नियमित जांच, मीठे पदार्थों का सेवन कम करना आदि इन सुझवों को अमल में लाने से इस बीमारी की रोकथाम की जा सकती है। डब्लूएचओ के अनुसार हर साल मधुमेह के कारण लाखों मौत हो रही है। इसलिए इस बीमारी को लेकर लोगों के बीच जागरूकता जरुरी है। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार, डॉ अजय कुमार वर्मा, डॉ यामिनी बादल, डॉ एसडी गोस्वामी, डॉ आकांक्षा वर्मा, डॉ देवराज वर्मा, डॉ सुशील कुमार, एनसीडी स्टाफ नर्स जावित्री देवी, एनसीडी काउंसलर मंजीत सिंह, एनसीडी यूनानी डॉ सोहेल, फार्मासिस्ट अब्दुल कादिर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### चीनी मिल व गन्ना अधिकारी मिलकर गन्ना वाहनों पर लगाएंगे रेडियम स्टीकर



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** चीनी मिल व गन्ना समिति अधिकारियों ने बदलते मौसम में कोहरे व देर रात चलने वाले गन्ना वाहनों की सुरक्षा के लिए रेडियम रिफलेक्टर लगाकर सुरक्षित आवागमन बनाने का अभियान चलाया। कोहरे व अंधेरे के कारण आए दिन होने वाले सडक हादसों से बचाव के लिए गन्ना वाहनों, ट्रक, बैलगाडियों, टैक्टरो, सहित अन्य वाहनों पर रेडियम रिफलेक्टर लगाए। अभियान में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, सचिव बलवन्त चौधरी, वरिष्ठ महा प्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी, गेट इंचार्ज सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने मिल में गन्ना लाने वाले विभिन्न वाहनों के चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। साथ ही गन्ना ढोकर मिल लाने वाले वाहनों के आगे पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए मिल प्रशासन की ओर से अभियान चलाकर बैलगाड़ियों, ट्रैक्टर ट्राली, ट्रकों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जाएगे।

# प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया

**बिजुआ खीरी।** के.ए.यू.के.इंटर कालेज़ में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें कालेज़ के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए। सर्वप्रथम कालेज़ के प्रांगण में उप-प्रधानाचार्य इमरान उस्मानी ने बच्चों व स्टाफ़ को सम्बोधित करके पंडित जवाहरलाल नेहरू के फ़ोटो पर माल्यार्पण करके खिराज़-ए-अकीदत पेश (नमन) किया। कालेज़ के प्रवकता ओमकर सिंह यादव,अतीश अवस्थी, सुनीता मिश्रा, नीशू सिंह, गया प्रशाद भारती, गुलाम रशूल, सचिन गौतम, विशाल प्रजापति, शाह आलम, प्रियंका मिश्रा, गोविंद यादव, सूरज गिरि, नीलम श्रीवास्तव, अर्चना शर्मा, अनिरुद्ध गिरि, चमन सिद्दीक़ी, रचना रस्तोगी, राजेंद्र प्रशाद ने बच्चों को बाल दिवस के अवसर पर सम्बोधित किया। इस अवसर पर कालेज़ के समस्त स्टाफ़ सहित दिलीप विस्वकर्मा, जगतराम मौर्य, महादेव मौर्य, विजय पाल, मीना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन लुकमान रज़ा ने किया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के दुकाने लगाकर मेले का आयोजन किया गया।



# सरस्वती विद्या मंदिर में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

- तीन दिनों तक होंगी प्रतियोगिताएं, बच्चों ने जमकर बहाया पसीना, दिखवाई प्रतिभा

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरु किया गया। मुख्य अतिथि ने उद्घाटन सत्र में खेलकूद प्रतियोगिता का ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात पब्लिक इंटर कॉलेज के मंत्री विजय कुमार माहेश्वरी, विद्या मंदिर के प्रबंधक आदित्य कुमार पुरवार, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा, प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्र छात्राओं ने पथ संचलन (मार्च पास्ट) किया। इसी कडी में विद्यालय के आचार्य बालचन्द्र रावत ने उदघाटन मंत्र प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में विजय कुमार माहेश्वरी ने विद्यालय की समस्त कक्षाओं के छात्र छात्राओं को खेलकूद संबंधी शपथ दिलाई। अतिथि उद्बोधन के कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने छात्र छात्राओं को सदैव खेल भावना के खेलकूद में प्रतिभाग करने की बात कही। खेल रिले रेस का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया, प्रबंधक आदित्य कुमार पुरवार, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा और मुख्य अतिथि विजय कुमार माहेश्वरी ने किया। इस मौके पर कालेज के शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र, छात्राए, कालेज के कर्मचारी मौजूद रहे।

# ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**निघासन खीरी।** निघासन इलाके के पढ़ुआ थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पढ़ुआ थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बताते चलें कि कस्बा व कोतवाली धौरहरा के मोहल्ला पठान वार्ड निवासी पंकज कुमार पुत्र रंगीलाल अपनी हीरो की डीलक्स मोटरसाइकिल से सवार होकर पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव दुलही स्थित अपनी ससुराल को जा रहा था, तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पंकज की गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सड़क पर गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर दल बल के साथ पहुंचे पढ़ुआ थाना प्रभारी निराला तिवारी ने शव की शिनाख्त कराते हुए परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# चीनी मिल ने भेजा भुगतान, किसानों को फसल बुआई में मिल रही राहत

**बिजुआ खीरी।** कोतवाली भीरा के क्षेत्र ग्राम गुलरिया में संचालित बलरामपुर ग्रुप की इकाई गुलरिया चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के अन्तर्गत दिनाँक 07 नवम्बर से 10 नवम्बर 2024 तक क्रय किये गए गन्ना मूल्य का भुगतान 13 करोड़ 11 लाख 60 हजार रुपये किसानों के सम्बंधित बैंक खातों में भेजा जा रहा है। गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह द्वारा इस सम्बन्ध में बताया गया कि गुलरिया चीनी मिल द्वारा अब तक 21 करोड़ 43 हजार रुपये किसानों के सम्बंधित खातों में गन्ना मूल्य का भुगतान हो जायेगा। योगेश कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक द्वारा यह अपील की गई है कि किसान भाई ज्यादा से ज्यादा गन्ना आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बढ़ावे तथा मिल को साफ, छिला, ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें।

# बाल दिवस पर बच्चों ने खाने-पीने के स्टॉल लगाकर मेले का किया आयोजन

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड बांकेगंज के कस्बा संसारपुर में राजेंद्र सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुरुवार को बाल दिवस के मौके पर मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य स्कूल में बच्चों को आत्मनिर्भरता की सीख देना है। बच्चों ने अलग-अलग तरह के खाद्य पदार्थ और खेल खिलौने सहित अन्य प्रकार की दुकान लगाई और सामानों की बिक्री की। शिक्षकों ने बाल मेले में हर स्टॉल पर पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

स्कूल के प्रभारी प्राचार्य हरिओम मिश्रा ने बताया कि बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में बाल मिले का आयोजन किया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इसमें बढ़-चला कर भाग लिया। हमने एक कक्षा की एक स्टॉल लगवाई थी जिसमें बच्चों ने अलग-अलग प्रकार के स्टॉल लगाए। स्टॉल पर साफ-सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखा गया है, इसके साथ खाद्य पदार्थो की कीमत ज्यादा नहीं रखी। इस दौरान बच्चों की मांग पर शिक्षकों ने खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।



# आरएन इंटरनेशनल स्कूल में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया बालदिवस

**बेलरायां खीरी**

तिकुनियाँ क्षेत्र में स्थित आरएन इंटरनेशनल स्कूल में बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 135वीं जयंती जिसे बाल दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शिव कुमार गर्ग, प्रधानाचार्य अजय अवस्थी ने पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला और बाल दिवस क्यों मनाया जाता है विस्तार से प्रकाश डाला और बच्चों का उत्साह वर्धन किया इसी क्रम में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य विक्रांत दीक्षित ने बोधकथा सुनाया और पंडित नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया किस तरह उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जाना जाता है द्य इसी कड़ी में अध्यापिका उजाला शर्मा ने प्रेरक प्रसंग सुनाया जिससे बच्चों में उत्साह बढ़ा और पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज रहा था। उसके उपरांत कक्षा क्रम से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कबड्डी, खो - खो, कुर्सी दौड़, रिलेरेस का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य भूमिका विक्रांत दीक्षित, मोहित अवस्थी, सुधीर अवस्थी सृष्टि गुप्ता की रही।



# कस्बे के बीचो-बीच खुली मीट की दुकान तो होगा आंदोलन



**ओयल खीरी।** एकतानगर में आबादी के बीच एक नई मीट की दुकान खोले जाने की सुगबुगाहट के चलते यहां के निवासियों में आक्रोश देखने को मिला। बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने थाने में ज्ञापन देकर विरोध जताया। बजरंग दल की महिला जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता के नेतृत्व में कस्बे के लोगों ने एक शिकायती पत्र नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को और थाना प्रभारी को संबोधित ज्ञापन ओयल इंचार्ज नदीम खान को दिया। इसमें मांग की है कि आबादी के बीच व धार्मिक स्थल के करीब किसी प्रकार की मीट की दुकान नहीं खुलनी चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो संगठन के उच्चाधिकारियों के साथ बड़े स्तर से आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कस्बे के रवि, रिंकू, चित्र कुमार, मनीराम, अमित, राजन, कुलदीप, दीपू, अमित शाह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बहन की जान-माल की सुरक्षा के लिए देश के उच्चाधिकारियों को भेजा पत्र



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया। कि उनकी छोटी बहन पुष्पा देवी पत्नी स्वर्गीय विजय कुमार शर्मा निवासी भूतनाथ कालोनी गोला जिला खीरी को आए दिन मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उसकी कोई संतान नहीं है। उसके देवर विनोद कुमार पुत्र यदुनाथ, व उसकी पत्नी रिंकी देवी निवासी जिला सीतापुर। 14 नवंबर को उनकी बहन पुष्पा को सुबह 4 बजे जबरजस्ती जान से मार के गायब करने की नियत से विनोद कुमार अपनी पत्नी व उसकी बडी बहन के साथ मिलकर जबरन बाइक पर बैठा रहे थे। उनका आरोप है कि उनकी बहन को विपक्षी व उसकी पत्नी तथा उसकी बडी बहने मिलकर हत्या कर शव को गायब करना चाहता है। बहन की जान बचाने व सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, जिला अधिकारी खीरी, पुलिस अधीक्षक खीरी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार की है। साथ ही चेतावनी दी है कि सुरक्षा व्यवस्था नहीं कराई गई। तो मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ विधानसभा के सामने धरना प्रदर्शन कर आत्मदाह करने पर विचार करेंगे।

# बांकेगंज में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**बाँकेगंज खीरी।** विकास खंड बांकेगंज के गांव पसियापुर मैं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। ज़िला सीतापुर नैमिष धाम से आए कथा वाचिका दिव्यांशी शास्त्री आचार्य आशीष शुक्ला व उनके साथी। कथा का शुभारंभ करते हुए दिव्यांशी शास्त्री ने कथा प्रसार करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से हमारे एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश हो जाता है। उपस्थित श्रद्धालुओं को पंडित जी ने बताया कि यदि हमें आंतरिक शांति चाहिए तो अपने कर्तव्य को सदा ही शुद्ध मन से करने की चेष्टा बढ़ानी होगी। साथ ही उस परमात्मा को याद करने के लिए हमें कुछ समय अवश्य निकालना होगा, ताकि हमारे अंदर स्वच्छ विचारों का उदय हो सके। हमें अहंकार को त्याग कर ईश्वर की भक्ति करनी होगी, इसी से शांति की प्राप्ति होगी। व्यक्ति के पास सुख सुविधाओं के बहुत साधन हो पर मन को शांति ना हो तो उसे कुछ अच्छा नहीं लगता और जिसके मन में शांति हो उसे किसी भौतिक वस्तु की जरूरत नहीं होती।




## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज,जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1392/ई.ई.-3/एल.जे.एस.  दिनांक- 13.11.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 20.11.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 20.11.2024 को अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 20.11.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Shifting, Laying & Interconnection of 110 mm dia P.V.C. pipe line 165 mtr from H.No 537/428 to Gopal Das's House Bharat Nagar, Gayatri Nagar, Faizullaganj III, Lko | 8500.00 | Rs.500 | 07 दिवस |
| 2. | Shifting, Laying & Interconnection of 110 mm dia P.V.C. pipe line 95 mtr at Gayatri Nagar, Mohibullapur, Lko | 5200.00 | Rs.300 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग,**
**नगर निगम, लखनऊ**

# कार्तिक पूर्णिमा पर कल होगी गोमती आरती, 1100 दीपो से रोशन होगा घाट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** सनातन महासभा द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाली 131वीं आदि गंगा मां गोमती महाआरती व सनातन समागम इस बार देव दीपावली के अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा 15 नवम्बर को होगी।

अध्यक्ष डॉ0 प्रवीण ने बताया कि इस बार देव दीवाली के अवसर पर 1100 दीपो के साथ सात मंचों से सनातन समागम व मां गोमती महाआरती झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर शाम 6.30 बजे होगी और गोमती में दीपदान करके नशा मुक्त प्रदेश अभियान का संकल्प लिया जाएगा।

महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया कि इस अवसर पर गुरुनानक देव की जयंती से कार्यक्रम का आरंभ होगा और अमित दीक्षित रामजी द्वारा निर्देशित अयोध्या चले श्रीराम रघुराई का भव्य मंचन सांय 5 बजे से होगा और आरती के बाद सनातन शिरोमणि सम्मान आयोजित होगा। मंच संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र करेंगे। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ नीरज बोरा, विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव, कैंटोनमेंट बोर्ड उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा आदि होंगे।

# यूपी जल निगम महाकुंभ के लिए तीन अस्थायी एसटीपी का कर रहा निर्माण

## मेला क्षेत्र के सेक्टर 9, 13 और 15 में लगाए जाएंगे अस्थाई एसटीपी, सारा गंदा पानी इन अस्थायी एसटीपी से होगा ट्रीट

समृद्धि न्यूज




**सीएम योगी की स्वच्छ महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करने के किए जा रहे प्रयास**

**लखनऊ/प्रयागराज।** सीएम योगी के स्वच्छ एवं स्वस्थ महाकुम्भ के ध्येय को सफल बनाने की दिशा में यूपी जल निगम नगरीय महाकुम्भ के लिए 3 अस्थायी एसटीपी का निर्माण कर रहा है। ये एसटीपी जल निगम राष्ट्रीय संस्था बार्क की मदद से लगभग 3.60 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे हैं। ये तीनों एसटीपी महाकुम्भ क्षेत्र के सारे वेस्ट और नाले के पानी का निस्तारण करेंगे। ये एसटीपी बार्क की एचजीएसबीआर टेक्नालॉजी पर आधारित हैं जो स्वच्छ महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करेगा।

यूपी जल निगम नगरीय, प्रयागराज पूरे महाकुम्भ में पानी की सप्लाई के साथ साथ अस्थाई शौचालयों की सफाई व गंदे नालों के पानी के ट्रीटमेंट का कार्य भी कर रहा है। यूपी जल निगम नगरीय, प्रयागराज के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर आशुतोष यादव ने बताया कि जल निगम, भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, बार्क की मदद से महाकुम्भ में 3 अस्थायी एसटीपी बना रहा है। ये तीनों एसटीपी महाकुम्भ के दौरान करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के वेस्ट और गंदे नालों के पानी को ट्रीट करेंगे। ये अस्थायी एसटीपी बार्क की एचजीएसबीआर टेक्नालॉजी से काम करेंगे। एचजीएसबीआर, बार्क की हाइब्रिड ग्रैन्युलर एसबीआर ट्रीटमेंट तकनीक है जो विशेष तौर पर घरेलू और आद्योगिक वेस्ट वॉटर को ट्रीट करती है। जल निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर आशुतोष यादव ने बताया कि लगभग 3.60 करोड़ रूपये की लागत से इन 3 अस्थायी एसटीपी प्लांट का निर्माण हो रहा है। ये एसटीपी मेला क्षेत्र के सेक्टर 9, 13 और 15 में लगाये जायेंगे, जो पूरे मेला क्षेत्र के शौचालयों और नालों के पानी को 500 केएलडी की क्षमता से ट्रीट करेगा। जिस कारण महाकुम्भ के गंदे पानी के ट्रीटमेंट का अतिरिक्त दबाव शहर के अन्य एसटीपी पर नहीं पड़ेगा। मेला समाप्त होने के बाद ये एसटीपी प्रयागराज के स्थायी नालों से सम्बद्ध कर दिये जायेंगे। तीनों एसटीपी 15 दिसम्बर तक मेला क्षेत्र में स्थापित होकर, कार्य करना प्रारम्भ कर देंगे। सीएम योगी के स्वच्छ और स्वस्थ महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करने में ये एसटीपी महत्वपूर्ण साबित होंगे।

### क्या है एचजीएसबीआर टेक्नोलॉजी ?

एचजीएसबीआर टेक्नोलॉजी आधारित एसटीपी आसानी से वेस्ट वॉटर को ट्रीट कर उसके बीओडी, सीओडी लेवल को 30 से कम के स्तर पर ले आते हैं। जिसके बाद ये ट्रीटेड पानी सिंचाई, धुलाई आदि के अन्य कार्यों में या नदी में डाला जा सकता है। साथ ही ये तकनीक वेस्ट वॉटर का जैविक उपचार भी करती है जिससे गंदे पानी में पनपने वाले वायरस और बैक्टीरिया समाप्त हो जाते हैं। महाकुम्भ में पहली बार इस उन्नत तकनीक के एसटीपी प्लांट लगाए जा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### कार्तिक पूर्णिमा का भारतीय संस्कृति में विशिष्ट स्थान : आनंदीबेन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि कार्तिक पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति में एक विशिष्ट स्थान रखता है। यह पर्व न केवल हमें प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि नदियों के महत्व को भी रेखांकित करता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशेष रूप से नदियों में स्नान करने की परंपरा रही है, जो नदियों के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। राज्यपाल ने गुरुनानक देव के जीवन और उनके अमूल्य संदेश का उल्लेख किया। गुरुनानक जी का जीवन पूरी मानवता को प्रेम, करुणा, समानता और भाईचारे के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने अपील की कि हमें गुरुनानक देव के विचारों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में एकता और सद्भाव की भावना को और प्रगाढ़ करना चाहिए।

### तेज रफ्तार कार ने युवक को मारी टक्कर,उछल कर दूर गिरा, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब इलाके में तेज रफ्तार कार ने युवक को टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों को आता देख ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। दुगौली काकोरी का रहने वाला मनीष यादव (27) पुत्र अनिल कुमार यादव प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था। बुधवार को शादी समारोह में शामिल होने के लिए बीकेटी की तरफबाइक से गया था। लौटते समय रैथा रिंग रोड बीकेटी के पास रात करीब 11.30 बजे रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार कार यूपी 32 एनएफ3883 ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अनिल उछलकर दूर जाकर गिरा। मृतक के भाई आशीष यादव ने बताया कि कार में शराब की बोतल मिली है। कार सवार शराब के नशे में था। जिसकी वजह से हादसा हुआ। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, कार नंबर से मालिक का पता लगाया जा रहा है, जांच चल रही है।

### छात्र की एक्सीडेंट में मौत, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** टिकरा सैनी उत्तरा गांव भीखमपुर मोहनलालगंज का रहने वाला शिवा रावत (19) पुत्र भानु प्रताप रावत नवजीवन स्कूल में 9वीं क्लास का छात्र था। बुधवार शाम दरहेटा जुनाबगंज में रहने वाले दोस्त के पास जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। रात करीब 8 बजे तक नहीं लौटा तो परिजनों ने कॉल किया तो कुछ देर में आने की बात कही। इसके बाद रात करीब 11-12 के बीच कौडिया खुड़िया बंथरा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए मोहनलालगंज सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छात्र के परिवार में मां सीमा व दो भाई अंशु और आयुष हैं। इंस्पेक्टर बंथरा का कहना है कि देर रात अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही शिवा ने दम तोड़ दिया था। शिकायत के आधार पर गाड़ी की तलाश की जा रही है।

### टैगोर लाइब्रेरी को लेकर फिर बवाल, एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय में लंबे समय से चल रही लाइब्रेरी की समस्या की वजह से स्टूडेंट्स काफी परेशान है। इसी को लेकर स्टूडेंट्स एक बार फिर एकजुट हुए हैं। एनएसयूआई द्वारा टैगोर लाइब्रेरी की समय सीमा अवधि बढ़ाने के लिए और अन्य समस्याएं, जिसमें से मुख्य रूप से छात्रों को अपनी किताबें लाइब्रेरी के अंदर ले जाने की इजाजत दी जाए एवं शोधार्थी के लिए रिमोट एक्सेस, ईबुक, मैगजीन जैसी तमाम समस्याओं को लेकर आज हेड लाइब्रेरियन को ज्ञापन दिया गया। एलयू पूर्व ईकाई अध्यक्ष एनएसयूआई शुभम खरवार का कहना है कि छात्रों को अपनी किताबें टैगोर लाइब्रेरी के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है जिससे वे अपनी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं अन्य मुख्य तैयारीयों से वंचित हो जाते हैं। शोधार्थी जो कि विश्वविद्यालय का गौरव है उनके लिए ईबुक एवं रिमोट एक्सेस जैसी सुविधाएं बिल्कुल ना के बराबर है अगर इन सारी समस्याओं का निवारण नहीं हुआ तो एनएसयूआई एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### एटीएम बूथ में लगी आग, बैट्री में स्पार्किंग के बाद हुआ हादसा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई इलाके में बुधवार देर रात एसबीआई एटीएम में आग लग गई। बैट्री में स्पार्किंग के बाद आग एटीएम केबिन में फैल गई। केबिन में लगे सेंसर से हैदराबाद स्थित कंट्रोल रूम का अलार्म बज उठा। वहां के अधिकारियों ने लखनऊ फायर स्टेशन को सूचना दी। सूचना पर फायर अफसर मामचंद बड़गूर्जर तुरंत घटनास्थल पहुंचे। कुछ ही देर में आग पर काबू पाया। एटीएम पर गार्ड नहीं था। एफओ मामचंद ने बताया कि पीजीआई इलाके के अवध नगर में वीआईपी रोड स्थित एसबीआई एटीएम के बूथ पर बैट्री में आग लग गई। कंट्रोल रूम पर अलार्म बजने के बाद रात करीब डेढ़ बजे फायर ब्रिगेड को सूचना मिली थी। पीजीआई कार्यालय से एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। एटीएम मशीन और उसमें रखे रुपए सुरक्षित हैं। पास के एसबीआई एटीएम से गार्ड शिवम भी मौके पर पहुंचा।

### 41 महीने से कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, हड़ताल जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में वेतन की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फबोर्ड के कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार और पेन डाउन प्रदर्शन लगातार जारी है। विगत 4 दिनों से कार्य बहिष्कार करके कर्मचारी वेतन की मांग कर रहे है। बोर्ड में कार्यरत कर्मचारियों ने कहा कि लगातार कार्य बहिष्कार करके विरोध कर रहे हैं मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। 41 महीना से 14 कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण सभी कर्मचारी बेहद आक्रोशित हैं। शिया सेंट्रल वक्फबोर्ड के महामंत्री यूपी सिंह ने कहा कि वक्फबोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अजीज अहमद को पत्र लिखकर वेतन की मांग किया मगर पत्र का संज्ञा नहीं लिया गया। दूसरा अनुरोध पत्र बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी को लिखा गया मगर उनकी तरफसे भी कोई सुनवाई नहीं हुई। पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल में 37 माह का वेतन बाकी है। मौजूदा समय में अध्यक्ष ने 12 नवंबर 2021 से कार्यभार संभाला है इनके कार्यकाल में 4 महीने का वेतन बाकी है उसका भी संज्ञान नहीं ले रहे हैं।

### अमीनाबाद साप्ताहिक बाजार अब निर्धारित जगह पर ही लगेंगी दुकानें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अमीनाबाद थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए अतिक्रमण अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम ने क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस अभियान में मौलवीगंज चौकी प्रभारी आशीष सिंह, उप निरीक्षक विश्वास पांडे और दीवान पवन भी शामिल थे। पुलिस टीम ने अमीनाबाद साप्ताहिक बाजार में दुकानदारों को निर्धारित जगह पर ही अपनी दुकानें लगाने के लिए कहा। साथ ही, क्षेत्र में अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए। चौकी प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है और किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### न्यायमूर्ति बीआर गवई बने नालसा के नए कार्यकारी अध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा में 11 नवम्बर से न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, भारत को कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नामित किया गया है। यह घोषणा भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत की गई है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना 8 नवम्बर को राजपत्र में प्रकाशित की थी।पूर्व में यह पद मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के पास था। प्रचलित परंपरा के अनुसार, नालसा का कार्यकारी अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश होते हैं। न्यायमूर्ति गवई, जो पहले सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी के अध्यक्ष थे, अब इस जिम्मेदारी को संभालेंगे।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने को हर संभव प्रयास कर रही सरकार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा कई प्रभावी व ठोस कदम उठाए गए हैं। खाद्य प्रसंस्कृत पदार्थो के उत्पादन व विपणन के लिए भी सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। इस क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं व अनुदान आदि की व्यवस्था भी की गयी है।

आर फ्रैंक के निदेशक एसके चौहान ने कहा,उत्तर प्रदेश में इंटरनेशनल स्कूल ऑफमिलिंग टेक्नोलॉजी के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5 एकड़ जमीन लखनऊ में रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया को दी गई है।जिस पर सेंटर फॉर एक्सीलेंस के निर्माण के लिए एक त्रिपक्षीय एमओयू फूड प्रोसेसिंग डिपार्टमेंट, सेंट्रल फूड टेक्नोलॉजी रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मध्य साइन किया गया। इस सेंटर फॉर एक्सीलेंस का निर्माण रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफइंडिया के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए एक सोसाइटी का गठन किया जाएगा।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेंटर के निर्माण से रोजगार के अवसर प्रदेश में बढ़ेंगे एवं रोजगार के लिए प्रदेश के युवाओं को तकनीकी शिक्षा भी प्राप्त होगी । ज्ञातव्य है कि खाद्य एवं प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण औद्योगिक नीति-2023 पिछले वर्ष लागू की गयी थी,जिससे प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया है कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ाने के लिए स्थापित किये जाने वाले सेन्टर के सार्थक व सकारात्मक परिणाम हासिल होंगे होगा एवं आने वाले समय में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### मनरेगा कार्यों की ड्रोन से निगरानी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजनांतर्गत किये गये कार्यों की ड्रोन तकनीकी से निरंतर निगरानी और निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामोन्मुखी योजनाओं का क्रियान्वयन जहां बेहतर तरीके से किया जा रहा है, वहीं योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में कहीं घालमेल न होने पाये ,इसके लिए सतत् रूप से निगरानी किये जाने की व्यवस्था की गयी है। मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी व पैनी नजर रखने के भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा कार्यों की ड्रोन तकनीक से वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कर निगरानी का कार्य निरंतर जारी है। राज्य मुख्यालय स्तर पर तैनात टीमों द्वारा जनपदों में जाकर कार्यों की निरंतर ड्रोन तकनीक से वीडीयोग्राफी, फोटोग्राफी का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में अब टीम बिजनौर और बदायूं में पहुंची टीम भ्रमण कर योजनांतर्गत किये गये कार्यों को परखेगी। मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्यस्थलों पर निगरानी ड्रोन प्रणाली के माध्यम से भी की जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशो के क्रम में राज्य मनरेगा मुख्यालय पर ड्रोन टीम तैनात की गयी थी। राज्य स्तरीय ड्रोन टीम का उपयोग मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण निगरानी के लिये किया जा रहा है। आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा बिजनौर और बदायूं की चिन्हित की गईं 20-20 ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 में मनरेगा के अन्तर्गत करायें गये कार्यों की ड्रोन टीम से वीडियोग्राफी फोटोग्राफी कर निरीक्षण निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। बिजनौर और बदायूं के मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वह ड्रोन टीम को सहयोग प्रदान करने हेतु अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। बता दें कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार जनपद बिजनौर और बदायूं के अलग-अलग विकास खण्डों की 20-20 ग्राम पंचायतों में आज से ड्रोन टीम सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं।

# अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में ऊर्जा का होगा महत्वपूर्ण योगदान : मनोहर

समृद्धि न्यूज

**▸ केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने किया डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट के सम्मेलन का शुभारम्भ**

**लखनऊ ।** केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट 2024 के 8वें वार्षिक सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने विद्युत क्षेत्र में नई तकनीक और नवाचार को लेकर उद्यमियों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उद्यमियों से उनके उत्पाद से संबंधित नई तकनीकियों की जानकारी भी ली।

इस संबंध में देशभर से आये ऊर्जा क्षेत्र के प्रतिनिधियो केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय व प्रदेश के विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्युत वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने, विद्युत उत्पादन, स्टोरेज, उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति, लाइनलास को कम करने तथा योजनाओं आदि के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने गुरूवार को लखनऊ के द सेन्ट्रम में डीयूएम 2024 सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। सभी विद्युत कम्पनियों को इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए समन्वय बनाकर उत्पादन, वितरण के लिए कार्य करें, जिससे विद्युत उपभोक्ताओं पर न ज्यादा बोझ पड़े और न ही कम्पनियों को घाटा हो। हमें देश में विद्युत उत्पादन को बढ़ाना भी है साथ ही पूरे देश में सभी क्षेत्रों को ऊर्जा सुलभ हो, इसके लिए भी कार्य करना है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को सकुशल पूरा कर रहा है बल्कि आने वाले समय में अपने पड़ोसी देशों को भी विद्युत आपूर्ति करने में सक्षम होगा। उन्होंने लाइन हानियों को कम करने पर जोर दिया और कहा कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हरित ऊर्जा व सौर ऊर्जा पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की सतत प्रक्रिया रही है। यह निरन्तर चलती रहेगी और इस क्षेत्र में नये-नये आयाम आयेंगे।

# होटल व्यापारी बोले- टैक्स अधिकारी खुलेआम कर रहे पैसों की वसूली

**▸ मेयर सुषमा खर्कवाल ने व्यापारियों पर राजनीति का आरोप**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** लनखऊ नगर निगम में गुरुवार को होटल व्यापारियों और निगम अधिकारियों के बीच गर्मा गर्म बहस हो गई। कारोबारी मेयर पर भी भड़क गए। वहीं, मेयर सुषमा खर्कवाल ने व्यापारियों पर राजनीति का आरोप लगाया। कारोबारियों ने दावा किया कि टैक्स अधिकारी खुलेआम पैसों की वसूली करते हैं। मौका नगर निगम में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का था। कार्यालय में लोग हाउस टैक्स से जुड़ी शिकायतें लेकर पहुंचे। मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सहित कई सीनियर अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इसी बीच बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर मेयर और कारोबारियों के बीच तीखी बहस हो गई।

दरअसल, लखनऊ होटल एंड रेस्टोरेंट ऑनर एसोसिएशन की तरफसे पहुंचे कारोबारियों ने पांच गुना हाउस टैक्स लगाने पर नाराजगी जताई। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार शर्मा से मेयर ने कहा कि आप लोग आज टैक्स जमा करने को तैयार हो गए थे, लेकिन यहां आकर अब राजनीति कर रहे हैं। इस पर सुरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि हम राजनीति नहीं कर रहे। पांच गुना टैक्स आप लोगों ने कैसे लगा दिया? मेयर ने जवाब दिया कि यह सरकार की व्यवस्था है। आप लोग कोर्ट जा सकते हैं।इसके बाद कारोबारियों ने लिखित शिकायत दी। एसोसिएशन के लोगों ने कहा कि गलत ढंग से टैक्स लगाने का काम किया जा रहा है। इस बीच होटल कारोबारियों ने कहा कि नगर निगम के टैक्स अधिकारी खुलेआम पैसों की वसूली कर रहे हैं। मेयर के सामने ही होटल संचालकों ने अधिकारियों पर यह गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एक ही तरह के होटल पर अलग-अलग टैक्स लिया जा रहा है। यह सब टैक्स अधिकारी की मिलीभगत से किया जा रहा है। होटल संचालकों ने कहा कि नगर निगम का कोई मानक ही नहीं है। अब इन्हें कानून मानना होगा, क्योंकि यह लोग गलत कर रहे हैं।

### सहकारिता मंत्री ने किया सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ

**लखनऊ ।** कोआपरेटिव यूनियन लि. पीसीयू एवं इण्डियन कोआपरेटिव फारमर्स फर्टिलाइजर्स कोआपरेटिव लि इफको के संयुक्त तत्वावधान में ''71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह-2024'' के अवसर पर ''सहकारिता मंत्रालय की नई पहल के माध्यम से सहकारी आन्दोलन को सशक्त बनाना'' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन आज सहकारिता भवन के चौधरी चरण सिंह सभागार में किया गया। सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर राठौर ने ''सहकारिता'' हिन्दी मासिक पत्रिका के विशेषांक का विमोचन एवं पीसीयू की वेबसाइट लांच किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुझे बहुत हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2021 में भारत सरकार द्वारा भारत के सहकारिता आन्दोलन के दृष्टिगत केन्द्रीय स्तर पर 06 जुलाई, 2021 को सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार का गठन किया गया। नव गठित सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अपनी संकल्प यात्रा ''सहकार से समृद्धि'' के अपेपवद - उपेपवद के अन्तर्गत कतिपय नवोन्मेषी पहल, भारत सरकार द्वारा की गई।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर केन्द्रीय आवासन व शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शिष्टाचार भेंट की।

### भूमि की पैमाइश में लापरवाही पर आइएएस व तीन पीसीएस अधिकारी निलंबित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार कानून व्यवस्था को लेकर जहां सख्त है तो वहीं भ्रष्ट अधिकारियों पर एक्शन भी कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने लखीमपुर खीरी में खेत की पैमाइश लटकाए जाने के मामले में एक आइएएस व तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। सरकार ने इन अधिकारियों को राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया है। बताया जा रहा है कि भूमि की पैमाइश के मामले को 6 साल तक अधिकारियों ने लटका कर रखा था। जिन पर निलंबन की कार्रवाई हुई वह अब दूसरे जिलों में तैनात हैं। भाजपा विधायक योगेश वर्मा की शिकायत के बाद इन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। नियुक्ति विभाग ने वर्ष 2014 बैच के आइएएस अधिकारी अपर आयुक्त लखनऊ मंडल घनश्याम सिंह और पीसीएस अधिकारी अरुण कुमार सिंह एडीएम (एफआर) बाराबंकी, विधेश सिंह नगर मजिस्ट्रेट झांसी और रेनू उप जिलाधिकारी बुलंदशहर को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

**संगोष्ठी** | **पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन**

# पंडित नेहरू ने देश की आजादी के लिए सर्वस्व किया न्योछावर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयन्ती पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का आरंभ करने से पूर्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, सेवादल कांग्रेस के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय सहित उपस्थित कांग्रेसजनों ने भारत रत्न पंडित नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित कर आजादी की लड़ाई में उनके अतुलनीय योगदान के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की।



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने पंडित नेहरू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि विरासत में मिले ऐश्वर्य के साधनों का परित्याग कर पंडित नेहरू ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भारत माता को गुलामी से मुक्त कराने के लिए लगभग 10 सालों तक अंग्रेजों की जेल में रहे। उन्होंने अनेकों आंदोलनों का नेतृत्व करते हुए आजाद भारत के सपने को साकार करने में अपना अद्वितीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के उपरांत देश के सामने अनेकों चुनौतियां थीं जिसे बखूबी समझते हुए उन्होंने आधुनिक एवं विकासोन्मुख भारत की नींव रखी। इसी क्रम में पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत की, अनेकों उद्योगों की नींव डाली, कृषि के क्षेत्र में देश को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर किया, सिंचाई और बिजली निर्माण के लिए भाखड़ा नांगल बाँध के साथ अनेकों बाँध एवं नहरें बनवायीं। आधुनिक शिक्षा के लिए आईआईटी, एम्स, आईआईएम जैसे विश्वस्तरीय संस्थान बनवाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक श्री श्याम किशोर शुक्ला ने कहा कि प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध के उपरांत दो गुटों में बंटे विश्व के शीत युद्ध काल में आजाद हुए भारत को पंडित नेहरू ने किसी गुट का हिस्सा नहीं बनने दिया। बल्कि गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत को जन्म दिया। विश्व के अधिकांश देशों ने स्वयं को इसमें शामिल कर पंडित नेहरू के वैश्विक नेतृत्व को स्वीकार किया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में अनेक नेताओं एवं कांग्रेसजनों ने नेहरू जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपने विचार रखे। जिसमें प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ0 शहजाद आलम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओंकारनाथ सिंह, बृजेन्द्र सिंह, डॉ0 लालती देवी, ओबैद नासिर, आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अमित श्रीवास्तव त्यागी ने किया। आयोजित संगोष्ठी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश मिश्रा, सुबोध श्रीवास्तव, डॉ0 जियाराम वर्मा, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, सुशील तिवारी सोनू पंडित, संजय सिंह, सुशीला शर्मा, प्रियंका गुप्ता, संजय शर्मा, रूद दमन सिंह, अशोक दुबे, डॉ0 रिचा शर्मा, विजय बहादुर, मेहताब जायसी, राकेश पाण्डेय, शिफा खान, मंजूदीप रावत, नरेन्द्र त्रिपाठी, प्रभाकर मिश्रा, आलोक सिंह रैकवार, सोम विकल, नितान्त सिंह, जितेन्द्र कुमार वर्मा, तीर्थराज मिश्रा, राजगुरु नरायणपति त्रिपाठी, ओम प्रकाश मिश्रा, मेहदी हसन, अयूब सिद्दीकी, नरेन्द्र देव श्रीवास्तव, रामबरन गौतम, राजू सैनी, अमानुर रहमान, विनोद राय, तनवीर फातिमा, बृज मौर्या, के0डी0 शुक्ला, हसन अब्बास, जमाल खान सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### 14 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण के लिए 1121.68 लाख स्वीकृत

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 14 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 11 करोड़ 21 लाख 68 हजार रूपये की धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से उन्नाव के जमीपुर, अमेठी के जौदिलमऊ, पीलीभीत के मूसेपुर जयसिंह, कासगंज के सरसईनुरू, सहारनपुर के मानपुर अहतमाल, मिर्जापुर के भिस्कुरी तथा उसरी पाण्डे, शाहजांपुर के धनुआ खेड़ा, श्रावस्ती के मदरहवा तथा मोतीपुर कला, बांदा के अलोना, देवरिया के घूघा, गोरखपुर के तालनदोर एवं ललितपुर के बिजरौठा में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80.12 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है।

# जनपद में किसानों के लिए खाद की नहीं होगी कमी : डीएम

- जनपद में कुल 140 सहकारी समितियां हैं, जिसका प्रभार कुल 67 कर्मचारियों के पास है
- जनपद में सहकारी समितियों के सापेक्ष कर्मचारी न होने के कारण रोस्टर बनाकर लगाई गई ड्यूटी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में कुल 140 सहकारी बिक्री केन्द्रों पर उर्वरक वितरण का कार्य कराया जा रहा है। जनपद में 140 सहकारी समितियों का प्रभार जनपद के कुल 67 कर्मचारी के पास है। एक-एक सचिव के पास दो या दो से अधिक समितियों का प्रभार है। उन्होंने बताया कि सचिवों के पास एक से अधिक प्रभार होने के स्थिति में समिति पर उनके उपस्थित रहने का रोस्टर बनाया गया है। जिसका अंकन समितियों पर करने के निर्देश दिये गये है, तथा कर्मचारियों को इसका पालन करने का निर्देश भी दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि जनपद के सहकारी क्षेत्र में 2300.000 मै0 टन (46000 बोरी) डी0ए0पी0 वफर में उपलब्ध रहा, जो आवंटित कर सहकारी बिक्री केन्द्रों को प्रेषित की जा रही है, तथा बफर में 579.000 मै0टन डी0ए0पी0 (11580 बोरी) अभी उपलब्ध है। जो आवंटित बिक्री केन्द्रों को भेजी जा रही है। सभी बिक्री केन्द्रों पर राजस्व लेखपाल एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनके निगरानी में वितरण कराया जा रहा है। अधिक से अधिक किसानों को डी0ए0पी0 उपलब्ध हो सके, इसके लिए एक बार में अधिकतम 05 बोरी डी0ए0पी0 खतौनी के आधार पर वितरण करने के निर्देश दिये गये है।

जनपद में खाद से संबंधित किसी प्रकार की कोई सूचना / कालाबाजारी / अधिक मूल्य पर उर्वरक वितरण की सूचना मोबाइल नम्बर - 9450311573 अथवा 9415064616 पर दे सकते है। कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को नियमित बिक्री केन्द्रों पर भ्रमण कर सही उर्वरक वितरण की निगरानी के निर्देश दिये गये है।

# बाल दिवस पर बाल श्रम करते दिखे बच्चे प्रधानाध्यापिका ने कहा सीएम का है आदेश




- शिक्षिकाओं के द्वारा सर्व शिक्षा अभियान की बाल दिवस पर उड़ाई गई धज्जियां
- मुख्यमंत्री का आदेश बताकर बच्चों से स्कूल प्रांगण में उठवाया ईंटें

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में शिक्षिकाओं के द्वारा सर्व शिक्षा अभियान की बालदिवस पर धज्जियां उड़ाई गई। ग्रामीण ने जब विद्यालय में बालश्रम करवाते देखा तो शिक्षिकाओं से जानकारी करने की कोशिश की और मौजूद शिक्षिका से सवाल करने पर शिक्षिका भड़कीं ग्रामीण को कहा की मुख्यमंत्री का आदेश है सफाई अभियान लेकिन शिक्षिका को यह नहीं पता की बच्चों से केवल शैक्षिक कक्ष के अन्दर ही सफाई करवाकर स्वच्छता का ज्ञान देना चाहिए। वहीं निडर शिक्षिका का विडियो बालश्रम कराने का वायरल हो रहा है जिसमे मुख्यमंत्री का आदेश होना बता रही है। जिस प्रदेश में शिक्षिका का ज्ञान अधूरा हो वह देश के भविष्य का निर्माण कैसे कर सकती है। स्कूलों में स्वच्छता शिक्षा से ऐसे व्यवहारों को बढ़ावा मिलता है जो जल और स्वच्छता संबंधी बीमारियों को रोक सकती हैं और भावी वयस्क पीढ़ियों में स्वस्थ व्यवहार को प्रोत्साहित कर सकते हैं न कि ईंटों को उठवाने से। लेकिन कुछ जिम्मेदार शिक्षकों को यही नहीं पता है की देश के भविष्य और बच्चों से किस तरह का सफाई अभियान के तहत कार्य करवाना चाहिए। सरकारी स्कूलों में सफ़ाई अभियान के तहत बच्चों से कई तरह के काम कराए जाते हैं, इसका अंदाजा भी नहीं लगा सकते। जब कोई सवाल करता है तो खुद शिक्षकों को ही नहीं पता होता है कि सफाई अभियान और स्वच्छता अभियान में क्या अन्तर होता है। फिलहाल वायरल विडियो को देखकर ही लोग कह रहे हैं कि यह तो सफाई अभियान के नाम पर बालश्रम है।

वायरल विडियो को जनपद की तेजतर्रार डीएम नेहा शर्मा को दिखाया गया जिसपर संज्ञान लेने का अश्वासन दिया। व्हाट्सएप्प पर विडियो भेजने के उपरांत दूरभाष पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी को वायरल विडियो के सम्बन्ध में बताया गया तो शिक्षकों का बचाव करते नजर आये और कहा की घर की सफाई कौन नहीं करता है फिर भी देख लेंगे। लेकिन साफ-सफाई और स्कूल प्रांगण में ईंट उठाने में अन्तर साफ साफ वायरल विडियो में देखा जा सकता है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने भी कहा है कि जानकारी मिली है विद्यालय में जांच करके स्पष्टीकरण हेतु पत्र भी जारी करेंगे।

# गैर-इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**गिरफ्तार-गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ वर्मा के नेतृत्व में थाना को0नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-862/24, धारा 105 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त- 01. सुवेश तिवारी पुत्र स्व0 शिवराम तिवारी निवासी नोनापार थाना भटनी, जनपद देवरिया को शेख किला कब्रिस्तान गिर्द गोण्डा से गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- 02 नवम्बर को थाना कोतवाली नगर को सूचना प्राप्त हुई की यशमय वर्ल्ड स्कूल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा है। उक्त सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारियों द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट/डाग स्क्वायड को घटना स्थल पर बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही कर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजवाया गया था। गुरुवार को वादी असगर अली उर्फ शेरू पुत्र अकबर अली निवासी इमामबाड़ा थाना कोतवाली नगर, गोण्डा के तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-862/24, धारा 105 बीएनएस बनाम सुवेश तिवारी पुत्र स्व0 शिवराम तिवारी निवासी नोनापार थाना भटनी, जनपद देवरिया के विरूद्ध नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया था। गुरुवार को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त -01. सुवेश तिवारी पुत्र स्व0 शिवराम तिवारी निवासी नोनापार थाना भटनी, जनपद देवरिया को शेख किला कब्रिस्तान से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के निशादेही पर मृतक बब्लू के कपड़े एवं झोला बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## वाहन स्वामी, वाहन कर एक मुश्त समाधान योजना का उठाएं लाभ

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी आर. सी. भारतीय ने बताया की एक मुश्त समाधान योजना के माध्यम से वाहन स्वामी जमा करके छूट का लाभ उठाने हेतु लोगों में सूचना प्रसारित की गई। वाहनों पर बकाया कर की एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत वाहन स्वामियों तथा बस/ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक मे संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) देवीपाटन, गोण्डा की अध्यक्षता में कर्म शिला सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अधोहस्ताक्षरी, संभागीय निरीक्षक (प्रावि) संजय कुमार व ट्रक-बस ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष-पदाधिकारी व वाहन स्वामी उपस्थित रहे। बैठक में लोगों के साथ उक्त योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी व योजना के संबंध में बताया गया। उक्त योजना 06 नवम्बर से 05 फरवरी 2025 तक प्रभावी है। उक्त बैठक में उपस्थित वाहन स्वामियों यूनियन के पदाधिकारियों को योजना के अंतर्गत आवेदन किये जाने के संबंध में अवगत कराया गया है, साथ ही साथ यह भी अगवत कराया गया कि 7500 किग्रा0 हेतु आवेदन शुल्क रू. 200/- अथवा 7500 किग्रा0 से अधिक समस्त सकल भारयान हेतु आवेदन शुल्क रू. 500/- शासन द्वारा निर्धारित है। अन्त में उपस्थित समस्त वाहन स्वामियों/यूनियन के पदाधिकारियों को उक्त के योजना के प्रचार-प्रसार करने हेतु कहा गया,जिससे योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा वाहन स्वामी प्राप्त कर सकें।

# बच्चों के शानदार प्रदर्शन ने मोहा मन

- बच्चों ने स्वागत गीत के साथ एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रमों की की प्रस्तुति

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**





गुरुवार को सेंट जेवियर्स स्कूल मालवीय नगर गोंडा के विद्यालय प्रांगण में क्लब प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को माल्यार्पण करके की गई और इसके पश्चात बच्चों ने स्वागत गीत के साथ एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

बच्चों के शानदार प्रदर्शन को देखकर अभिभावक मन्त्रमुग्ध हो गए। बच्चों ने अपने-अपने क्लब का इतना शानदार प्रदर्शन किया कि सभी अतिथिगण एवं अभिभावकगण आश्चर्यचकित हो गए। क्लबों में आईटी क्लब, वेदिक मैथ्स क्लब, गार्डीनंग क्लब, कुकरी क्लब, पोटरी क्लब, कारपेंटरी क्लब, फर्स्ट एड क्लब, आर्ट और कैलीग्राफी क्लब, हाउस होल्फ क्लब के बच्चों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स क्लब के बच्चों का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा।

उन्होंने बाल मेला लगाया,जिसमें अभिभावकों एवं बच्चों ने खेल का पूरा आनंद उठाया। उक्त कार्यक्रम में साकेत पीजी कॉलेज के एचओडी जूलॉजी प्रोफेसर अरविंद शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर एलबीएस डॉक्टर रेखा शर्मा, नारी ज्ञानस्थली से हरप्रीत कौर एवं रश्मि द्विवेदी मैम, रेडियो ज्ञानस्थली के आरजे अदनान, विद्यालय की डायरेक्टर सुजैन दत्ता, एकेडमिक डायरेक्टर अशोक तिवारी, प्रधानाचार्या जीन आनंदम, ईशा नईम, रजनी मिश्रा, दर्पण कालिया, प्रेक्षा वशिष्ठ आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्रतीक भूषण विधायक बनकर भी नहीं भूले अपना बचपना, बच्चों को किया प्रोत्साहित



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के शिक्षा क्षेत्र अन्तर्गत पंडरी कृपाल के प्राथमिक विद्यालय मूड़ाडीहा मे बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रांगण मे बाल मेले का भव्य व मनमोहक आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभाग करने गोन्डा सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह पहुंचकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्र मे जनसंपर्क कर रहे गोन्डा सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह के आगमन से विद्यालय प्रांगण में मौजूद बच्चों और शिक्षकों के लिए बहुत ही अच्छा लगा यही नहीं विधायक सदर के द्वारा बच्चों के साथ बालदिवस पर फोटो खिंचवाते समय बच्चे बन गये और विद्यालय के जमीन पर बैठकर बच्चों संग फोटो खिंचवाया जो लोगों को आकर्षित कर रहा है।
प्रधानाध्यापिका श्रीमती अलका जायसवाल ने पुष्प गुच्छ एवं संकुल शिक्षक बालकृष्ण लाल गुप्ता और समस्त स्टाफ द्वारा माला पहनाकर सदर विधायक का स्वागत किया गया।विधायक सदर प्रतीक भूषण ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर बच्चों के बीच अपने बचपन की यादों को साझा किया।स्पून टमाटर रेस और विभिन्न प्रतियोगिता मे बच्चों का उत्साह वर्धन कर प्रतिभाग कर रहे विजेता बच्चों में लवकुश को 500रु,गोपाल को 200रु, प्रिंस को 100रु पुरस्कार राशि व मेडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के शिक्षकों/शिक्षिकाओं द्वारा सभी बच्चों को उपहार स्वरूप पेंसिल बॉक्स,कलर,नोटबुक देकर भोजन उपरांत विदाई की गई।इस अवसर पर ग्राम प्रधान,एस एम सी अध्यक्ष और अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सुदामा व श्री कृष्ण की मित्रता का कोई और मिसाल नहीं : हरिलाल शास्त्री



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मनकापुर बाजार में श्रीमद् भागवत कथा के सातवें विश्राम दिवस पर कथावाचक पंडित हरिलाल शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के मित्रता का वर्णन करते हुए कहा भगवान श्री कृष्ण ने मित्रता की जो मिसाल कायम की है वैसा उदाहरण दूसरा कोई नहीं मिलता है सुदामा के प्रेम में भगवान ने जितना अश्रु बहाया उतना किसी युग में नहीं बहाया शास्त्रों में भगवान के भक्त तो कई हैं की किंतु मित्र अकेला सुदामा है, जिनका दो मुट्ठी तंदुल खाकर दो लोकों का स्वामी उनको बना दिया, सुदामा की मित्रता में भगवान इतने भाव विभोर हुए तीसरी बार जब भगवान तंदुल खाने चले तो रुक्मणी ने भगवान का हाथ पकड़ कर कहा स्वामी एक लोक तो अपने पास रख लीजिए हम लोग कहां जाएंगे, पंडित जी ने कहा हमारा सनातन हमारी माता बहनों के पुण्य प्रताप से प्रकाशित है, पुरुषों को भी महिलाओं की तरह भगवान का अनुसरण करना चाहिए, उन्होंने कहा छोटे बच्चे और छोटा वृक्ष हमेशा नजर के सामने रखना चाहिए अगर हम बच्चों को खुला छूट दे देंगे वही बच्चे समाज में बुराइयां पैदा करते हैं, बच्चों से प्रेम करना चाहिए किंतु उनके प्रेम में अंधा नहीं होना चाहिए, दिशा हीन बच्चे परिवार को खलते हैं, मां-बाप को खलते हैं और समाज को खलते हैं, जो बच्चे माता-पिता के आज्ञा का पालन करते हैं वही बच्चे समाज, घर और मां-बाप सबका नाम रोशन करते हैं।

# दुष्कर्म पीड़िता बालिका की हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल रेफर

- बुधवार को बहन के घर से जाते समय अज्ञात ने किया था दुष्कर्म

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

मोतीपुर थाना क्षेत्र निवासी 10 वर्षीय बालिका के साथ बुधवार को घर जाते समय अज्ञात ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। बालिका की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 10 वर्षीय बालिका अपनी बहन के यहां नानपारा कोतवाली क्षेत्र में है। दोनों के गांव आसपास कुछ दूरी पर है। बुधवार को बालिका बहन के घर से अपने घर के लिए रवाना हुई। रास्ते में अज्ञात ने बालिका के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर मोतीपुर और नानपारा कोतवाली की पुलिस पहुंच गई।

जांच के बाद मोतीपुर थाने में अज्ञात के विरुद्ध दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया। वहीं देर शाम अधिक रक्तस्राव होने के चलते बालिका को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला अस्पताल में पुलिस अभिरक्षा में बालिका का इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष आरके पांडेय ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एक किलो 20 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



- एक करोड़ से अधिक बताई जा रही स्मैक की कीमत

एसओजी और दरगाह थाने की पुलिस ने तीन स्मैक तस्करों को अलग अलग स्थान से पकड़ा है। इनके पास से एक किलो 20 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। बरामद स्मैक की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस ने तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।शहर के कई क्षेत्रों में स्मैक की खरीद फरोख्त चल रही थी। इसकी जानकारी पुलिस टीम को लगी।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में सर्विलांस टीम और दरगाह पुलिस ने अभियान चलाया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि एसओजी प्रभारी दिवाकर तिवारी, हेड कांस्टेबल गद्दू पांडेय, अनंत यादव, विनय कनौजिया, सुरेंद्र वर्मा के अलावा दरगाह थाने के उप निरीक्षक दिवाकर मिश्रा, राहुल बाजपेई, सत्यपाल की टीम ने अलग अलग स्थानों पर दबिश दी। एएसपी नगर ने बताया कि चांदपुरा तिराहा, बस स्टैंड और गोलवा घाट से तीन स्मैक तस्करों को पकड़ा गया। इनके पास से एक किलो 20 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। तीनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। तस्करों की पहचान दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला मंसूरगंज निवासी शहादत अली उर्फ पहलवान, पुत्र सलारू, बाराबंकी जिले के थाना जैदपुर अंतर्गत चंदौली गांव निवासी जावेद पुत्र मैनुद्दीन और शानू पुत्र अब्दुल हमीद के रूप में हुई है। बरामद स्मैक की कीमत एक करोड़ से अधिक है।

### सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का साजिशकर्ता गिरफ्तार



जिले के महराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर को सांप्रदायिक उन्माद कराने वाले मुख्य साजिशकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच के बाद मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक हिंसा के बाद अभियुक्त ने नेपाल की शरण ले ली थी।हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हो गई थी। इस हिंसा में राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता खुर्शीद अहमद पुत्र हाजी मोहम्मद अहमद था। पुलिस ने साजिश रचने वाले खुर्शीद के विरुद्ध केस दर्ज किया था। उसकी तलाश पुलिस टीम कर रही थी। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी, रूपेंद्र विश्वकर्मा, विवेक पाल की टीम ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी घटना के बाद से नेपाल में शरण लिए हुए था। मालूम हो कि हिंसा में अब तक 117 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# बाल मेले से बौद्धिक क्षमता का होता हैं विकास : दीपेंद्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



उच्च प्राथमिक विद्यालय मे स्थित कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्र बेलवापदुम अरकापुर मे बच्चो के द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी दीपेंद्र पाण्डेय रहे। बाल मेले कार्यक्रम का उदघाटन माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

बच्चो के द्वारा गुब्बारे फोड़ना, गेंद से बोतल पर निशाना लगाना,मुँह मे चम्मच लगाकर नीबू दौड़ लगाना, धागे पर टाफी उचक कर खाना आदि कार्यक्रमो के साथ बाल कहानियो के ज्ञानवर्धक पुस्तक के स्टाल लगाकर अपने साथियो को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बाल मेले कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी दीपेंद्र पाण्डेय ने कहा कि बाल मेले मे जिस तरीके से बच्चे बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है इससे उनके रचनात्मक व बौद्धिक क्षमता का विकास होगा, बच्चो के सर्वांगीण विकास करने के लिए ऐसे कार्यक्रम करने चाहिए। बाल मेला कार्यक्रम का संचालन एआरपी राजेश कुमार मिश्र ने किया। बाल मेला कार्यक्रम को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रीति मिश्रा, एआरपी पवन कुमार शुक्ला,सहायक शिक्षक हेमंत कुमार, अंकित पाण्डेय, अयोध्या प्रसाद मिश्र, बालबच्ची, बृजेश शुक्ल, असीम कुमार, भोला नाथ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगीता मिश्रा, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्यों ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान अभिभावक, रसोईया व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ब्रेकिंग बैरियर, ब्रिजिंग गैप की थीम पर मनाया गया विश्व मधुमेह दिवस



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बृहस्पतिवार को सीएमओ कार्यालय समेत जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर विश्व मधुमेह दिवस गोष्ठी, निःशुल्क जांच शिविर, हस्ताक्षर अभियान के जरिये जन जागरूकता फैलाकर मनाया गया। इस बार विश्व मधुमेह दिवस की थीम ब्रेकिंग बैरियर, ब्रिजिंग गैप रही। सीएमओ कार्यालय सभागार में हुई गोष्ठी कार्यक्रम में सीएमओ डॉ0 संजय कुमार ने कहा कि इंटरनेशनल डायबिटीज फाउंडेशन द्वारा 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस तय किया गया है। 1991 से इसे वैश्विक दिन के रूप में यूएन से पहचान मिली और सबको यह समझ आने लगा कि यह एक काफी गंभीर बीमारी है।

# प्रतियोगी छात्र की मौत पर सियासत सदन में इसका मुद्दा उठायेगी सपा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



आईएएस प्री क्वालीफाई कर मेंस की परीक्षा देकर दीपावली त्यौहार पर घर आए क्षेत्र के होनहार युवक की गलत इलाज से हुई मौत पर शुक्रवार को शोक संवेदना व्यक्त करने सपा का प्रतिनिधि मण्डल मृतक प्रियांशु के घर पहुँचा। पयागपुर नगर क्षेत्र अंतर्गत कोटवाजार निवासी पीड़ित वैजनाथ जायसवाल के आवास पहुँचे प्रतिनिधि मंडल ने होनहार प्रियांशु की मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए पूरे प्रकरण की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधि मंडल के समक्ष पीड़ित परिजनों ने सीएचसी अधीक्षक की लापरवाही से बेटे की हुई मौत सहित मामले की चल रही शिथिल जांच पर चिंता जाहिर की। प्रतिनिधि मंडल ने परिजनों को आश्वस्त करते हुए बताया कि हम लोगों द्वारा तैयार रिपोर्ट पार्टी कार्यालय भेजी जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रियांशु के प्रकरण को संज्ञान ले रखा है, जिसे वे सदन के समक्ष रखेंगे। प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिजनों को भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी आपके साथ है, अगर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही नही हुई तो पार्टी सड़क से सदन तक मुद्दे को उठाएगी।

# शॉर्ट सर्किट से फर्नीचर की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा बाईपास मार्ग स्थित फर्नीचर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से सारा सामान जल गया। गोदाम और दुकान पूरी तरह से जल गया है। कोतवाली नगर के मोहल्ला चांदपुरा निवासी ठाकुर मसूद साबिर की दुकान कोतवाली देहात के नानपारा बाईपास नाजिरपुरा मोहल्ले में लिमरा फर्नीचर के नाम से संचालित है।

बुधवार रात लगभग 11.30 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने रात में ही आग बुझाया। इसके बाद सभी कर्मचारी चले गए। वहीं दुकान में कहीं चिंगारी रह गई। जिसके चलते गुरुवार सुबह छह बजे अचानक बगल में स्थित गोदाम में आग लग गई। पुनः दोबारा दमकल कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। गोदाम और दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक के मुताबिक फर्नीचर में बेंत के एंटिक सामान, शो पीस, लाइटिंग के सामान जल गए हैं। चार से पांच लाख का नुकसान हुआ है।

# परिवार नियोजन महिलाओं के स्वास्थ्य व जीवन को व्यवस्थित रखने में महत्वपूर्ण : सीएमओ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता सम्मानित
- जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ यूपी-टीएसयू के दीर्घकालिक योगदान की हुई सराहना

सक्षम स्वास्थ्य कार्यकर्ता ही समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने की नींव हैं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने यह बात सीएमओ सभागार में आयोजित परिवार नियोजन कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में कही। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व अधिकारियों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

सीएमओ ने परिवार नियोजन साधनों की महत्ता बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा माध्यम है जिससे माता-पिता अपनी आर्थिक, शारीरिक, और सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए बच्चों की संख्या निर्धारित करने का निर्णय ले सकते हैं।

इन साधनों के उपयोग से दंपति दो बच्चों के जन्म के बीच आवश्यक अंतराल रख सकते हैं। जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आती है और परिवारों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।कार्यक्रम में एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, सीएचसी अधीक्षक, डीसीपीएम, डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस, एचएस, एचइओ, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, आशा कार्यकर्त्ता, एएनएम व स्टाफ नर्स सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गर्भनिरोधक साधनों की बढ़ रही उपयोगिता

परिवार नियोजन सेवाओं में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के विशेष योगदान के बारे में डीपीएम सरजू खान ने बताया कि सही परामर्श और गर्भनिरोधक साधनों की सुविधा उपलब्ध कराने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले में 41,000 से अधिक अंतरा इंजेक्शन का उपयोग किया गया है, जिससे बहराइच प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रियता और समर्पण को प्रदर्शित करती है।

### अनियोजित गर्भधारण से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि का खतरा

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर परिवार नियोजन साधनों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार होता है। उन्होंने बताया कि सही समय पर और उचित अंतराल पर गर्भधारण करने से महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर रहता है, जबकि अनियोजित गर्भधारण से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि का खतरा बना रहता है।

### दीर्घकालिक बेहतर योगदान के लिए रामबरन की हुई सराहना

कार्यक्रम के दौरान जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ यूपी-टीएसयू रामबरन यादव का बिदाई समारोह भी आयोजित किया गया, जहां उनके दीर्घकालिक योगदान को सराहा गया और उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र भेंट किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने परिवार नियोजन कार्यक्रम में उनकी उल्लेखनीय भूमिका की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### डॉ. ऋचा का कॉपर-टी में विशेष योगदान

मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा को प्रसव के बाद कॉपर-टी के उपयोग के लिए जागरूकता बढ़ाने और स्टाफ नर्सों को प्रशिक्षण देने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएमओ ने कहा कि परिवार नियोजन के माध्यम से महिलाएं अपने स्वास्थ्य और जीवन को बेहतर तरीके से व्यवस्थित कर सकती हैं, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण में वृद्धि होती है।

# हर-हर गंगे के नारों से गूंजेंगे गंगा घाट

- गंगा घाटों पर उमड़ेंगे लाखों श्रद्धालु, लगाएंगे आस्था की डुबकी, स्टीमरों पर मुस्तैद रहेंगे पुलिसकर्मी, ड्रोन से होगी निगरानी
- दूसरे जिले की पुलिस भी सुरक्षा में रहेगी मुस्तैद, पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कार्तिक पूर्णिमा स्नान से पहले ही गंगा घाटों पर श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। शुक्रवार को लाखों श्रद्धालु जुटेंगे। उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन ने भी खास इंतजाम किए हैं। गंगा में आस्था की डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नाव व स्टीमरों के साथ पुलिस कर्मी मुस्तैद रहेंगे। सभी घाटों की बैरिकेडिंग कराई गई है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। रायबरेली के अलावा लखीमपुर खीरी, सीतापुर, उन्नाव जिले की पुलिस भी सुरक्षा पर पैनी नजर रखेगी।डलमऊ कार्तिक पूर्णिमा मेले को सात सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया गया है। हर सेक्टर पर सेक्टर प्रभारी की तैनाती की गई है। डलमऊ के 17 घाटों पर पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। इसके अलावा सरेनी के गेगासो और ऊंचाहार के गोकना घाटों पर तीन लाख से ज्यादा भक्त गंगा स्नान करने पहुंचते हैं।

**सात सेक्टरों में बांटकर तैयार की गई सुरक्षा व्यवस्था का खाका:** डलमऊ कार्तिक पूर्णिमा मेले को सात सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया गया है। हर सेक्टर पर सेक्टर प्रभारी की तैनाती की गई है। डलमऊ के 17 घाटों पर पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। इसके अलावा सरेनी के गेगासो और ऊंचाहार के गोकना घाटों पर तीन लाख से ज्यादा भक्त गंगा स्नान करने पहुंचते हैं।



**एक प्लाटून जल पुलिस के जवान रहेंगे तैनात:** भीड़ की वजह से लोगों के गंगा में डूबने का खतरा रहता है। इसके मद्देनजर एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने जल पुलिस की मांग की थी। लखनऊ रेंज के आईजी की तरफ से जिले को एक प्लाटून मुहैया कराई गई है। जल पुलिस के जवान नावों और तीन स्टीमर पर मौजूद रहकर स्नान करने वालों पर नजर रखेंगे। इसके अलावा छह सदस्यीय पुलिस टीम ड्रोन के जरिए अराजकतत्वों पर नजर रखेगी। सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। अलग-अलग घाटों पर छह कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।

**दूरबीन से स्नानार्थियों पर रखेंगे नजर:** घाटों पर वॉच टावर बनाए गए हैं। वॉच टावरों पर एक-एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाएगी। कर्मचारियों के पास दूरबीन और हैंडहेल्ड वायरलेस सेट होंगे। इन कर्मचारियों का दायित्व होगा कि वे स्नान घाटों पर दूरबीन के माध्यम से सतर्क दृष्टि रखेंगे कि किसी स्नानार्थी के डूबने या अपराध आदि होने की स्थिति पर वह कंट्रोलरूम के माध्यम से सेक्टर प्रभारी या घाटों पर नियुक्त अधिकारियों को अवगत कराएंगे।

**चेजिंग रूम की होगी व्यवस्था:** महिलाओं के कपड़े बदलने की व्यवस्था के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ की ओर से चेजिंग रूम की व्यवस्था कराई जाएगी। प्रभारी निरीक्षक डलमऊ यह व्यवस्था अपनी देखरेख में कराएंगे। इन स्थलों पर महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिनका दायित्व होगा कि इन स्थलों के पास कोई भी असामाजिकतत्व न जाने पाए। महिलाओं के साथ छींटाकशी की घटनाएं रोकने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड टीमें लगाई जाएंगी।

**भीड़ नियंत्रित करने के लिए बनाए गए 32 बैरियर:** मेले में यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखने तथा भीड़ नियंत्रित रखने के लिए 32 बैरियर बनाए गए हैं। इन बैरियरों पर तैनात कर्मचारियों का दायित्व है कि आवागमन का बेहतर तरीके से संचालन हो। गंगा घाटों तक भक्तों को पहुंचने में कोई दिक्कत न हो। यदि जाम लगता है तो उसे तुरंत हटाएं।

**डलमऊ रूट पर दौड़ेंगी 50 बसें:** कार्तिक पूर्णिमा पर 15 नवंबर को डलमऊ में शाही स्नान होगा जिसके लिए डलमऊ में दो अस्थायी बस स्टैंड बनाए गए हैं।

डिपो ने यात्रियों के लिए 50 बसें लगाई हैं। डलमऊ स्थित गंगाघाट से करीब तीन किलोमीटर पहले सराय दिलावरपुर गांव के पास अस्थायी बस स्टेशन बनाया गया है। इस बार जिला प्रशासन ने अस्थायी बस स्टैंड से लेकर मौहारीबाग तक करीब तीन किलोमीटर के बीच डिपो की चार बसों को संचालित किए जाने की स्वीकृति दी है। इसके लिए मौहारी बाग में भी अस्थायी बस स्टैंड बनाया गया है। सभी 24 कर्मचारियों को तीन दिनों तक ड्यूटी स्थलों पर रात में भी रुकने के आदेश दिए गए हैं। कर्मचारियों को ड्यूटी स्थल पर लगातार तीन दिन काम करने के आदेश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है।

## दीवानी न्यायालय के सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल

- पेशी पर आए जीजा पर साले ने किया धारदार हथियार से हमला
- पति-पत्नी के बीच विवाद को लेकर फैमिली कोर्ट आए थे दोनों

**रायबरेली।** दीवानी न्यायालय में एक युवक पर कुछ लोगों ने हमला करके घायल कर दिया। दिनदहाड़े हुए इस हमले में कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की पोल भी खोलकर रख दी। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया। गुरुवार को शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के दीवानी न्यायालय में पति पत्नी के बीच विवाद को लेकर दोनों पक्षों को फैमिली कोर्ट में बुलाया गया था। बंदी के अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि मेरे क्लाइंट और उसकी पत्नी से विवाद चल रहा है। जिसमें कोर्ट में उसकी आज पेशी थी। ससुराल पक्ष के लोगों ने बात करने के बहाने युवक पर हमला कर दिया गया। घायल युवक गदागंज थाना क्षेत्र के बरारा बुजुर्ग गांव का रहने वाला है। घायल अवस्था में अस्पताल में उपचार करवा रहे राज सिंह ने बताया कि पत्नी के साथ उसका मामला चल रहा था। जैसे ही मेरे वकील कहीं बात करने लगे पत्नी भाइयों ने उसके ऊपर किसी धारदार वस्तु से हमला कर दिया। जिसकी वजह से वो लहूलुहान हो गया और वहीं पर गिर पड़ा इतने में ही वहां पर वकीलों की भीड़ लग गई और घटना करने वाले लोग मौके से फरार हो गए।फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



क्षेत्राधिकारी अमित सिंह ने इस मामले में जानकारी देते बताया कि कोर्ट परिसर में एक पति-पत्नी के बीच मामले को लेकर फैमली कोरी में पेशी थी। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें युवक गिर गया और उसके चोट आ गई। इस मामले में किसी प्रकार के धारदार हथियार से हमले की पुष्टि नहीं हुई है। दूसरे पक्ष को कोतवाली में बिठाया गया है और मामले की जांच व कार्रवाई की जा रही है।

-अमित सिंह (सीओ)

## खबरें एक नजर में

### डंपर ने अंग्रेजी शराब से लदे डीसीएम को मारी टक्कर



**बछरावा,रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** शराब से लदे हुए डीसीएम को तेज रफ्तार डंपर टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया तथा डीसीएम के परखच्चे उड़ाने के साथ शराब की बोतले रोड पर बिखरी, पीछे से आ रहा दवाई से लदा डीसीएम भी नहर में पलटा। घटना बुधवार की देर रात रात्रि लगभग 1100 बजे के आसपास की बताई गई है। जब चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर रैन गांव के पास लखनऊ से डीसीएम चालक राजू गौतम निवासी लखनऊ अंग्रेजी शराब की बोतलो की पेटियां लादकर फतेहपुर के लिए जा रहा था। तभी रैन गांव के निकट पहुंचते ही सामने से आ रहे एक डंपर से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद डीसीएम सड़क पर ही पलट गया और अगले हिस्से के डीसीएम के पहिए समेत डीसीएम का काफी हिस्सा डंपर की चपेट में आने से काफी दूर गिरा और डंपर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। डीसीएम के परखच्चे उड़ने के साथ-साथ लदी हुई शराब की बोतले पूरी सड़क एवं झाड़ियो में फैल गई। चालक भी बुरी तरह से घायल हो गया था। चालक को डीसीएम से बाहर निकालकर बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। इस बीच शराब की लूट मच गई। काफी बोतले और पेटियां लोगों ने गायब भी कर दी। इस बीच दवाइयां से लदा हुआ डीसीएम भी लखनऊ से फतेहपुर के लिए जा ही रहा था। बीच रोड पर डीसीएम पलटा हुआ पड़ा था।तभी दवाई से लदा हुआ डीसीएम अचानक अनियंत्रित हो गया और हाईवे के बगल में नहर में जाकर पलट गया।

### बाल दिवस पर एसजेएस में खेलकूद का भव्य आयोजन

**महराजगंज रायबरेली।** एसजेएस महराजगंज में नर्सरी से कक्षा 2 तक बाल विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक खेलकूद का भव्य आयोजन किया गया। साथ ही प्रतिभागी बनाकर नन्हे मुन्नों के माता-पिता को भी प्रतिभागी बनाकर उनकी मधुर बाल स्मृतियों को ताजा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेंद्र बहादुर सिंह शशि सिंह ने प्रथम वंदनीय भगवान गणेश जी को माल्यार्पण करके किया ।विद्यालय की सह प्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री सिंह ने सर्वप्रथम स्वागत - संभाषण किया व विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह के साथ कंदील उठाकर कार्यक्रम को गति प्रदान की। सभी कक्षाओं के बाल विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार की दौड़ स्पर्धाएं आयोजित की गई जबकि उनके माता-पिता के लिए भी अपना बचपन ताजा करने की स्पर्धाएं आयोजित की गई इन स्पर्धाओं से बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी प्रसन्नचित्त नजर आए। सभी स्पर्धाओं के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अंत में विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह ने अपने समापन उद्बोधन के जरिए सभी की हौसला आफजाई की, प्रधानाचार्या मृदुला श्रीवास्तव ने आयोजन की सफलता का श्रेय सहकर्मियों को दिया।

### महावीर स्टडी इस्टेट में बाल मेला आयोजित

**महराजगंज रायबरेली।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन पर बाल मेले का आयोजन बच्चों द्वारा किया गया सर्वप्रथम प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने प्रार्थना सभा में जवाहरलाल के चित्र पर बच्चे तथा अध्यापकों के साथ माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि जवाहरलाल का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ इनकी उच्च शिक्षा कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पूरी कर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। बच्चों ने बाल मेले में अपने प्रयास अभिभावकों के सहयोग तथा अध्यापकों के मार्गदर्शन में 45 स्टाल विविध व्यंजनों के लगाएं बच्चों ने स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए हाथों में ग्लव्स तथा सिर में टोपी पहनी थी बच्चों ने छोले भटूरे मोमोज अंकुरित चने भेलपुरी खस्ता पानी पुरी सैंडविच पोहा फिंगर चिप्स रसगुल्ला सहित व्यंजनों का स्टाल लगाया गया।

### जेसीबी व मैजिक की टक्कर, आधा दर्जन दबंगों ने जेसीबी चालक व हेल्पर को पीटा

**बछरावा रायबरेली।** बृहस्पतिवार सुबह बछरावां मौरावा मार्ग पर ग्राम बिशुनपुर के निकट जेसीबी चालक अपनी जेसीबी लेकर किसी काम से जा रहा था। तभी बिशुनपुर के पास एक मैजिक बगल से निकली और मामूली टक्कर हो गई। टक्कर के बाद मामूली बहस के बाद जेसीबी चालक जेसीबी लेकर आगे निकल गया। तभी नाराज मैजिक चालक के द्वारा अपने अन्य आधा दर्जन साथियों के साथ लाठी डंडों से लेकर जेसीबी को दौडाकर पकड़ लिया। और जेसीबी में तोड़फोड़ के साथ चालक व हेल्पर को लाठी डंडों से जमकर पीटा। घायल अवस्था में चालक व हेल्पर को बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया परंतु हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जेसीबी चालक ने बताया की पीछे से मैजिक में सवार होकर करीब आधा दर्जन से अधिक लोग काफी दूर तक दौड़ने के बाद जेसीबी रोक कर मारपीट की है।

### धर्म ध्वजा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहनदास के आगमन पर राम प्रकाश ज्वैलर्स ने किया स्वागत



**उतरौला, बलराम।** जनपद बलरामपुर धर्म ध्वजा धारी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक दशरथ गददी पीठाधीश्वर परम पूज्य महंत बृजमोहन दास का आगमन राम प्रकाश ज्वेलर्स शोरूम पर हुआ इस अवसर पर धर्म ध्वजाधारी परिषद के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर संगठन की मजबूती एवं संगठन के अनुशासन पर महाराज ने विशेष बल दिया महाराज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं का कहीं भी शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं संगठन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का कार्य अपने सभी पदाधिकारी को दिया इस अवसर पर केके शर्मा करण वर्मा जी मीडिया प्रभारी अंकुश कश्यप जिला संरक्षक राम प्रकाश ज्वेलर्स जिला प्रभारी लालता प्रसाद राजपूत नगर उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता जी राजू महाराज विकास जी संजय गुप्ता ज्वेलर्स अनिल गुप्ता सोनू गुप्ता एवं धर्म ध्वजाधारी परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### केएन एजुकेशनल सोसाइटी स्कूल ने बाल दिवस मनाया

**सादुल्लानगर(बलरामपुर)।** बृहस्पतिवार को क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बड़े ही धूमधाम से 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप मनाया गया। यह दिन स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जो बच्चों के प्रति अपनी विशेष स्नेह भावना के लिए प्रसिद्ध थे। चाचा नेहरू का मानना था कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं और उन्हें सही शिक्षा और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। इसी क्रम में अमीन कॉन्वेन्ट स्कूल, ब्राइट फ़्यूचर एकेडमी, किसान कॉन्वेंट स्कूल तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं, नाटक, गीत-संगीत, और रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया गया।

## 14 नवंबर से 5 जनवरी तक बीएनएस की धारा-163 लागू

- अपर जिलाधिकारी ने जारी किया आदेश
- आगामी त्यौहारों और प्रस्तावित परीक्षा को देखते हुए जारी किया गया आदेश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में 15 नवम्बर को गुरु नानक जयंती कार्तिक पूर्णिमा, 16 नवम्बर को वीरांगना ऊदा देवी शहीद दिवस, 23 नवम्बर को चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस, 24 नवम्बर को श्री गुरु तेज बहादुर शहीद दिवस, 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे, निकट भविष्य में पी0सी0एस0 (प्रा0) परीक्षा होना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का क्रियान्वयन किया जाना है। उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में समयाभाव के कारण पक्षों को सुनने के उपरान्त आदेश पारित किया जाना सम्भव नहीं है।अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एकपक्षीय रूप से 14 नवम्बर 2024 से 05 जनवरी 2025 तक संपूर्ण जनपद में निषेधाज्ञा जारी किया है।

## चोरों ने लाखों का सामान किया पार, जांच में जुटी पुलिस

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

चोरों के हौसले इतना बुलंद हो गए है कि खड़ी गाड़ियों को भी निशाना बनाने लगे हैं। ताजा मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज एनएच 30 पर डिडौली गांव के नहरिया के पास ढाबे स्थित का है। चालक ढाबे पर रात में खाना खाकर गाड़ी में सो गया। रात में चोरों ने ट्रक पर बंधे त्रिपाल को काटकर लाखों का सामान पार कर दिया। चालक सुबह उठा तो त्रिपाल कटा देख होश उड़ गए। चोरों ने ट्रक पर लदे सरसों का बीज, सल्फर और केमिकल युक्त दवाई छिड़काव करने की भारी मात्रा में सामान चोरों ने पार कर दिया। ड्राइवर ने डायल 112 को सूचना दिया और मौके पर पहुंची डायल 112 ने जाँच शुरू कर दी है।



ड्राइवर अवधेश ने बताया कि हम लखनऊ से दवा लेकर आए थे और महाराजगंज लेकर जाना था। शाम को खाना खाकर सो गए थे। गाड़ी में जब सुबह उठकर पेशाब करने गए तो देखा कि इसमें त्रिपाल खुला हुआ है और लाखों सामान गायब था। जिसमें सल्फर खाद, टू फ़ोरडी दवा और सरसों के बीज चोर उठा ले गए। ट्रक पर दवा छिड़काव करने वाली दवा भी थी। इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस जांच कर रही है।

### लगी आग गृहस्थी जलकर राख

**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे शिवदयाल मजरे ज्योना गांव में बीते बुधवार की शाम लगभग 5 :00 बजे अज्ञात करणों से आग लग गई, जिससे खरफूस के बंगले में रह रहे एक परिवार की गृहस्ती का सारा सामान व नकदी जलकर राख हो गयी। सोलर सराबा सुनकर गांव के लोग दौड़े, किंतु तब तक अग्नि के प्रचंड रूप में गृहस्थी का सारा सामान जल चुका था। आपको बता दें कि, ज्योना गांव सभा के प्रधान उमेश कुमार उर्फ कुन्नू ने जानकारी देते हुए बताया कि, गांव के रहने वाले अशोक कुमार पुत्र रज्जन के घर बीते बुधवार की शाम लगभग 5 :00 बजे अज्ञात करणों से आग लग गई और देखते ही देखते आग के प्रचंड रूप ने खरफूश के बने बंगले को पूरी तरह अपने आगोश में ले लिया, जिससे गरीब का 2 हजार रुपए नगद जो बक्से में रखे हुए थे और गृहस्थी का सारा सामान आटा, दाल, चावल, कपड़े, बर्तन आदि जलकर राख हो गया।

## बैलगाड़ी से गंगा घाट पहुंचकर श्रद्धालु करते हैं चारों धामों की यात्रा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बैलगाड़ी की यात्रा और कार्तिक पूर्णिमा डलमऊ मेला का साथ पिछले हजारों वर्षो से साथ-साथ चलता चला आ रहा है। आज आधुनिक समय में जहां आधुनिक वाहनों का चलन बढ़ता गया है तो वहीं दम तोड़ती परंपरा को आज भी कुछ लोगों ने जीवित करके रखा हुआ है। महराजगंज तहसील से डलमऊ की दूरी लगभग 60 किलोमीटर पड़ती है और यह 60 किलोमीटर की दूरी पिछले हजारों वर्षो से लोगों के लिए केदारनाथ और बद्रीनाथ की दूरी जैसी है जिसका मुख्य कारण है की कार्तिक पूर्णिमा पर डलमऊ में गंगा घाट के किनारे विशाल मेले का आयोजन होता चला आ रहा है और महराजगंज तहसील क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग बैल गाड़ियों से आज भी यात्रा करते हैं 20-20 25 किलोमीटर के दूरी पर अपनी यात्रा को विश्राम देते हुए भोजन बनाते हैं जिसका एक अलग ही आनंद रहता है ।आज की पीढ़ी भले अनजान हो लेकिन 30-35 वर्ष का हर व्यक्ति जिसने भी बैलगाड़ी से गंगा यात्रा की है वह इस सुख को नहीं भूल सकता। और और फिर मेले में पहुंचकर अपने डेरे जो सैकड़ो वर्षो से निश्चित स्थान पर है और हर ग्राम पंचायत का डलमऊ गंगा किनारे एक स्थान निश्चित है वही बैलगाड़ी को रोककर जहां लोग बैलों को चारा खिलाते हैं उसके बाद गंगा घाट पर पहुंचकर पवित्र पतित पावन मां गंगा में डुबकी लगाकर आशीर्वाद मांगते हैं उसके बाद विभिन्न मंदिरों के दर्शन करते हुए मेले का लुफ्त उठाते हैं। यह यात्रा लगभग एक सप्ताह से अधिक की हो जाती है और उस पूरे सप्ताह बैलगाड़ी से यात्रा करने वाले लोग एक अलग ही आनंद की अभिभूत करते हैं यह परंपरा पिछले हजारों वर्षो से लगातार चलती चली आ रही है। आज सैकड़ो महराजगंज कस्बे बैलगाड़ियां जाती हुई दिखाई पड़ी जिन में पूछने पर रघुराज यादव राजेंद्र यादव सुरेश यादव राजेश संजय ने बताया कि पिछले 50 वर्षो से हम लोग हर वर्ष बैलगाड़ी से ही डलमऊ पहुंचते हैं और मां गंगा से आशीर्वाद मांगते हुए मेले का लुफ्त उठाते हैं तथा वापसी करते हुए हाटिया का मेला देखते हुए एक सप्ताह बाद अपने घर पर पहुंचते हैं तो यह यात्रा हम सभी के लिए चारों धामों की यात्रा बन जाती है।



### उप्रावि. गैड़ास बुजुर्ग में ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**उतरौला (बलरामपुर)।** गुरुवार को विकास खंड उतरौला के उच्च प्राथमिक विद्यालय गैड़ास बुजुर्ग परिसर में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ब्लॉक के सभी ग्राम प्रधानों, विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों, सचिवों और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) विनय कुमार चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन करके किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अविष्कार क्विज़ प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लॉक का नाम रोशन करने वाली छात्रा अराध्या श्रीवास्तव को बीईओ विनय कुमार चौधरी ने बुके और



उपहार देकर सम्मानित किया, जो सभी प्रतिभागियों के लिए प्रेरणास्रोत बनीं। **कार्यशाला के प्रमुख विषय और दिशा-निर्देश:** खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार चौधरी ने कार्यशाला में ग्राम प्रधानों, एसएमसी अध्यक्षों और प्रधानाध्यापकों को प्रेरित करते हुए विद्यालयों के विकास के लिए मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने सरकार की मंशा अनुसार गरीब, असहाय, और वंचित वर्ग के बच्चों के पठन-पाठन पर विशेष ध्यान देने और उन्हें विद्यालय की ओर आकर्षित करने के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला के दौरान उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए उचित उपकरणों की व्यवस्था और बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के उपायों पर भी चर्चा की। बीईओ ने विद्यालयों के पैरामीटर निर्धारण, विद्यालय क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के समाधान, डीबीटी, कायाकल्प योजना सहित अन्य विकास बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला।

## विधायक कोरा आश्वासन नहीं हमें चाहिए सड़क

- बलुवा मोड़ से लेकर बरहवा तक सड़क बनवाने की मांग उठी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद बलरामपुर के विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर में यातायात की समस्या से जूझ रही जनता ने विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला से अपनी प्रमुख सड़क बलुआ मोड़ से लेकर बरहवा तक होकर जाती है उसको बनवाने की मांग की है ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क ग्राम पंचायत रानी जोत, बारहवा, महादेव ,शंकरपुर, नागेश्वर ,नव्वौ के लगभग 25 से 30 हजार की जनता का आवागमन प्रतिदिन होता है क्षेत्र वासियों ने प्रमुखता के साथ बताया कि हमारे लोकप्रिय विधायक हमारे सभी सुख दुख के कार्यक्रम में पहुंचते हैं लेकिन सड़क कोआपनी बनवाने की मांग पर हमेशा कोरा आश्वासन ही हम लोगों को देते आए हैं संदीप यादव ने बताया कि इस समय सड़क का यह हाल है कि अगर कोई प्रसूता एंबुलेंस से प्रसव करने के लिए जा रही हो तो रास्ते में ही उसका प्रसव हो जाए रोगियों के आने के लिए एंबुलेंस को नाना प्रकार की समस्याओं का सामना करते हुए यहां पर पहुंचना पड़ता है क्षेत्र वासियों ने अपनी बात बताते हुए बताया कि हमारा यह क्षेत्र बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में आता है रोड की समस्या लगातार बनी हुई है। बूढ़ी रासी पर बना हुआ पुल भी काफी क्षतिग्रस्त हो चुका है अगर नहर में ड्रेनेज की व्यवस्था बनाई जाए तो पानी निकासी की समस्या खत्म हो सकती है अपनी समस्याओं को बताते हुए डाक्टर जंग बहादुर ने यादव कहा कि रोड बनवाना अत्यंत आवश्यक है विधायक जी मैंने कई बार यह बात व्यक्तिगत भी कह चुका हूं इन समस्याओं को बताने के लिए विवेक यादव, नान बाबू यादव, कैलाश दुबे क्षेत्रवासी मौजूद थे।



## बाल दिवस पर टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर)।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उतरौला में विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले विद्यार्थियों ने अपने-अपने कक्षों को सजाकर विद्यालय की शोभा को बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित कर बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बाल दिवस बच्चों के महत्व को समझाने और उन्हें प्रोत्साहित करने का एक विशेष अवसर है। विद्यालय प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है और ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास करते हैं।



कबड्डी प्रतियोगिता में कक्षा 6 और कक्षा 7 के बीच हुए मुकाबले में कक्षा 6 की टीम ने जीत हासिल की, जबकि कक्षा 10 और कक्षा 11 के बीच हुए मैच में कक्षा 10 की टीम विजयी रही। खो-खो प्रतियोगिता में कक्षा 6 और कक्षा 7 की बालिकाओं के बीच हुए मैच में कक्षा 6 की छात्राओं ने जीत दर्ज की। कक्षा 8-ए और कक्षा 8-बी के बीच हुए खो-खो मुकाबले में कक्षा 8-ए की टीम विजयी रही। रस्साकशी प्रतियोगिता में कक्षा 11 की टीम ने बाजी मारी।

## जिला संयुक्त चिकित्सालय में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता के संबंध में मॉकड्रिल

**बलरामपुर।** जिला जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर में कोविड महामारी के प्रबंधन हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट के क्रियाशीलता के संबंध में मार्क ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पाया गया की ऑक्सीजन प्लांट अपनी पूरी क्षमता के साथ क्रियाशील है। सीएमओ बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि ऑक्सीजन एक आवश्यक औषधि है जिसकी निर्बाध आपूर्ति की आवश्यकता अनेक परिस्थितियों में एक मूलभूत जीवन रक्षक औषधि के रूप में होती है। इसलिए इसलिए भारत सरकार से समय-समय पर प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में जनपद में स्थापित



ऑक्सीजन प्लांट्स की क्रियाशीलता का आकलन पीएसए मॉनिटरिंग के माध्यम से किया जाता है। जनपद बलरामपुर में जनपद बलरामपुर में दो ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील है और दोनों ही ऑक्सीजन प्लांट जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर परिसर में स्थापित है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राज कुमार, एसएमओ डब्लूएचओ डॉ सिंथु, डॉ श्याम जी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## बजाज एनर्जी बना 'उत्तर प्रदेश का बेस्ट एम्प्लोयर ब्रांड 2024'

- एलपीजीसीएल को मिला ड्रीम कंपनी टू वर्क फॉर (पावर सेक्टर) का प्रतिष्ठित खिताब

**उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बजाज एनर्जी को विश्व एचआरडी कांग्रेस द्वारा उत्तर प्रदेश के बेस्ट एम्प्लोयर ब्रांड 2024 के रूप में पुरस्कृत किया गया है और हमारे सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट एलपीजीसीएल को वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा ड्रीम कंपनी टू वर्क फॉर के रूप में सम्मानित किया गया है! यह प्रतिष्ठित सम्मान बजाज एनर्जी के उत्कृष्ट कार्यस्थल वातावरण और बजाज एनर्जी लिमिटेड (बीईएल) के तहत इसके सभी पांच बिजली संयंत्रों और ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल)- ललितपुर जिले में स्थित एक सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट द्वारा बनाए गए अनुकरणीय मानकों दोनों को मान्यता देता है। इसके अतिरिक्त, एलपीजीसीएल ने ड्रीम कंपनी टू वर्क फॉर (पावर सेक्टर) का प्रतिष्ठित खिताब अर्जित किया है, जो संगठन की मानव संसाधन और कार्यस्थल संस्कृति में उत्कृष्टता के लिए अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पुरस्कार बजाज एनर्जी के एचआर हेड मोहित सक्सेना के साथ बीईएल के एचआर हेड प्रमोद त्रिपाठी और एलपीजीसीएल के जीएम अभिनव भारद्वाज ने प्राप्त किया।



बजाज एनर्जी के अंतर्गत की इटई मैदा बलरामपुर, कुंदरकी गोंडा, खंभार खेड़ा लखीमपुर, बरखेड़ा पीलीभीत, मकसूदापुर शाहजहांपुर 90-90 मेगावाट के पावर प्लांट स्थितहै। इसके अलावा ललितपुर में सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट1980 मेगावाट बिजली के उत्पादन करती है। वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा मिला सम्मान बजाज एनर्जी और एलपीजीसीएल को उन कंपनियों के एक विशिष्ट समूह में शामिल करती है, जिनकी दूरदर्शी रणनीतियाँ और कर्मचारी-प्रथम नीतियाँ कॉर्पोरेट परिदृश्य को नया आकार दे रही हैं। 1992 में स्थापित, वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस मानव संसाधन क्षेत्र में नवाचार, सहयोग और परिवर्तनकारी प्रभाव का जश्न मनाने के लिए समर्पित एक विश्व स्तर पर सम्मानित संगठन है।

**आगे बढ़ना** ये पुरस्कार बजाज एनर्जी की अपनी रणनीतिक दृष्टि को आगे बढ़ाने और एक ऐसा कार्यस्थल विकसित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। जैसे-जैसे बजाज एनर्जी बढ़ती और विकसित होती जा रही है, यह अपने कर्मचारियों को सशक्त बनाने और भारत के ऊर्जा परिदृश्य में योगदान देने के लिए समर्पित है।

## मारक महंगाई

गत केंद्रीय बैंक व सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद, देश में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के चलते खुदरा मुद्रास्फीति पिछले चौदह महीनों की ऊंचाई पर जा पहुंची है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक के छह फीसदी के संतोषजनक स्तर से ऊपर निकल गई है। आंकड़ों के अनुसार अक्तूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 6.21 प्रतिशत रही। ऐसे में खुदरा महंगाई के आरबीआई द्वारा निर्धारित संतोषजनक स्तर से ऊपर निकल जाने से इस साल दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कमोबेश धाराशाई हो गई हैं। दरअसल, खुदरा महंगाई में यह वृद्धि सब्जियों, फलों, वसायुक्त वस्तुओं व तेलों की कीमतों में तेजी की वजह से हुई है। जो कि भारत की खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में व्याप्त गहरी संरचनात्मक चुनौतियों का खुलासा करती है। साथ ही स्थिति में सुधार के लिये अविलंब सरकारी हस्तक्षेप की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से अक्तूबर की खाद्य मुद्रास्फीति दर का इस साल सबसे अधिक 10.87 फीसदी होना नीति-नियंताओं के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर यह बढ़ती महंगाई एक महत्वपूर्ण संकेत भी देती है कि अस्थिर खाद्य कीमतें देश की संपूर्ण आर्थिक स्थिरता को कैसे बाधित कर सकती है। विशेष रूप से टमाटर और तेल जैसी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी, कुछ प्रमुख वस्तुओं और आयात की जाने वाली चीजों पर देश की निर्भरता हमारी कमजोरी को ही दर्शाती है। इसमें दो राय नहीं कि हर साल वर्षा ऋतु में सब्जी उत्पादक राज्यों में अतिवृष्टि, बाढ़ आदि के कारण उत्पादन व आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो जाती है। वहीं अनियमित और ज्यादा बारिश से सब्जी व फलों को होने वाले नुकसान ने बता दिया है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। जिसकी आशंका हम कई वर्षों से जताते भी रहे हैं। अब इस चुनौती का युद्ध स्तर पर मुकाबला करने की जरूरत है।

बहरहाल, हमें गंभीरता से विचार करना होगा कि ग्लोबल वार्मिंग प्रभावों से सब्जियों के उत्पादन व आपूर्ति को कैसे सुरक्षित करें। ऐसे वक्त में जब कृषि उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन का सीधा प्रभाव नजर आया है, हमें मौसम के चरम में बेहतर उत्पादन देने वाली सब्जियों व अन्य फसलों की उन्नत किस्में तैयार करनी होंगी। साथ ही बेहतर भंडारण सुविधाएं जुटानी होंगी। जिससे बिचौलियों की मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाकर कृत्रिम महंगाई को रोका जा सकेगा। हम व्यावहारिक आयात रणनीति को अपनाते हुए सब्जियों व फलों के आपूर्ति पक्ष को मजबूत करें। कालांतर ये प्रयास खाद्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने में मददगार होंगे। हमें औद्योगिक उत्पादन में भी तेजी लाने की जरूरत है ताकि लोगों की आय बढ़ने से क्रय शक्ति में इजाफा हो। हालांकि, सितंबर में औद्योगिक उत्पादन में तीन फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन यह आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। दरअसल, कम वृद्धि उच्च मुद्रास्फीति के कारण उत्पन्न होने वाले आर्थिक दबाव को कम करने में सहायक नहीं हो सकती है। वहीं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में यह मामूली वृद्धि हमारी अर्थव्यवस्था में सुस्ती को बताती है। निस्संदेह, मुद्रास्फीति में कमी किए बिना सुधार की गति को बनाये रखने में मुश्किल है। ऐसे में केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने से उपभोक्ता मांग कम हो सकती है। कालांतर इसका असर निवेश पर भी पड़ सकता है। निश्चित रूप से तीव्र आर्थिक विकास के लिये मुद्रास्फीति के दबावों से उबरने की आवश्यकता है। इसके लिये कृषि उत्पादन व औद्योगिक प्रदर्शन में तेजी लाने की भी जरूरत महसूस की जा रही है। वहीं दूसरी ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितताओं के बीच सरकार को घरेलू उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि करने के प्रयास करने चाहिए। जिससे हमें आपूर्ति श्रृंखला को अनुकूल बनाने में मदद मिल सके। साथ ही खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना भी जरूरी है। बहरहाल, दीर्घकालीन आर्थिक स्थिरता के लिये जरूरी है कि देश बार-बार मुद्रास्फीति के होने वाली बढ़ोतरी को रोकने के लिये कृषि सुधारों को प्राथमिकता दे। जिससे कमजोर आय वर्ग के परिवारों को बढ़ती कीमतों के दबाव से राहत मिल सके।

# स्वतंत्रता आंदोलन में मध्य प्रदेश के जनजातीय नायकों का योगदान

**प्रो. मनीषा शर्मा**

**जनजातीय गौरव दिवस (15 नवंबर) पर विशेष**

विभारत के जनजातीय समाज का देश की कला, संस्कृति के संरक्षण और देश के स्वतंत्रता आंदोलन व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आजादी की लड़ाई में कई जनजातीय नायक-नायिकाओं ने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया परन्तु उन्हें इतिहास में वो स्थान नहीं मिला जिसके वो हकदार हैं। इन जनजातीय क्रांतिकारियों में प्रमुख हैं- बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, टंट्या भील, भीमा नायक, शंकर शाह, रघुनाथ शाह, सीताराम कंवर, मंशु ओझा, वीरांगना रानी दुर्गावती, टूरिया शहीद मुड्डे बाई, सुरेंद साय, रघुनाथ सिंह मण्डलोई। हमारे देश में जनजाति समाज के योगदान के बारे में देश के लोगों को जानकारी कम है। समाज को बतलाया ही नहीं गया या पता है तो बहुत सीमित रूप में कि स्वतंत्रता के महायज्ञ में इन जनजातीय नायकों ने प्राणों का बलिदान दिया और देश की अस्मिता पर आंच नहीं आने दी। इन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान कर दिया लेकिन अंग्रेजी हुकूमत के आगे समर्पण नहीं किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को जनजाति नायक बिरसा मुंडा के जन्म दिवस के अवसर पर जनजाति गौरव दिवस मनाने की घोषणा की। तब से विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर जनजाति समाज के योगदान के विषय में जो बातें हुई, चर्चा हुई उससे लोगो को विश्वास हो नहीं हुआ कि देश में इस तरह के जनजातीय नायक भी हुए जिन्होंने हमारी संस्कृति, सभ्यता और स्वाधीनता की रक्षा में इतना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

जनजातीय गौरव दिवस मनाने का मूल उद्देश्य ही इन नायकों की वीर गाथाओं को देश, समाज के सामने लाना है और युवा पीढ़ी को इनके योगदान, इनके कार्यों व इनके बलिदान से परिचित कराना है। इसी उद्देश्य के साथ इस वर्ष भी जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है और हम इन नायकों को याद करते हुए, इनके संघर्ष, बलिदान को सम्मान और पहचान देने का कार्य कर रहे हैं जो इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है। स्वाधीनता संग्राम 1857 के पूर्व ही वनवासी जनजातीय नायकों ने अंग्रेजी हुकूमत का प्रतिकार करना प्रारंभ कर दिया था। इन जनजातीय नायकों ने ब्रिटिश सत्ता और अन्य शोषकों के अन्याय व अत्याचार का पुरजोर विरोध किया। अनेक शताब्दियों तक इन्हें वनों से अलग कर नियंत्रित करने के प्रयास किए गए लेकिन इन्होंने अपनी संस्कृति, सभ्यता व विरासत को सदैव कायम रखा। इन जनजातीय नायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध आंदोलन चलाए। अपनी भूमि पर अतिक्रमण, जमीन से बेदखली, पारंपरिक सामाजिक व कानूनी अधिकार व रीति-रिवाजों के संरक्षण के लिए इन्होंने बगावत की। देश के विभिन्न भागों में विभिन्न जनजातियों का रोष, प्रतिरोध भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का अभिन्न अंग था। इतिहास गवाह है कि इन्होंने कभी लालच या स्वार्थ से वशीभूत होकर अपने देश की अस्मिता के साथ विश्वासघात नहीं किया। इन्होंने अपनी भूमि, अपनी प्रकृति, अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए हथियार उठाए और भारत की संस्कृति और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया।



बिरसा मुंडा जिनके जन्मदिवस पर जनजाति गौरव दिवस मनाने की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने की थी, जनजातीय समाज में भगवान का मान रखते हैं। बिरसा मुंडा ने 25 वर्ष से भी कम उम्र में देश के लिए अपना बलिदान दे दिया। ईसाइयों द्वारा संचालित एक स्कूल में पढ़ने के दौरान उन्हें अंग्रेजों की जनजाति समूह के धर्मांतरण की साजिश का पता चला और इसके पश्चात उन्होंने अपने समुदाय को एकजुट किया। समुदाय को एकजुट कर ये अंग्रेजों के अत्याचारों, उनकी नीतियों के खिलाफ संघर्ष में कूद पड़े। ब्रिटिश सरकार से जमीन छुड़ाने के लिए उन्होंने नारा दिया था कि अबुआ दिशुम अबुआ राज अर्थात हमारा देश हमारा राज। उन्हें धरती बाबा की उपाधि लोगों द्वारा दी गई। आज भी जनजातीय समुदाय उन्हें भगवान बिरसा के रूप में जानते हैं, मानते हैं। मध्य प्रदेश में ऐसे कई प्रमुख जनजातीय नायक हुए जिन्होंने स्वाधीनता के यज्ञ में अपने प्राणों की बाजी लगा दी उनमें से एक है भीमा नायक। निमाड़ के बड़वानी के पंच मोहली गांव में रहने वाले भीमा नायक ने अंग्रेजों के खिलाफ भीलों की क्रांति का नेतृत्व सन 1840 से 1864 तक किया। उन्होंने 1857 के आंदोलन में अंग्रेजों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उनकी मां सुरसी ने भी अंग्रेजों के खिलाफ इस मुक्ति मोर्चा में एक क्रांतिकारी टोली का नेतृत्व किया। अंत में अंग्रेजों की यातनाओं के कारण सूरसी ने जेल में ही प्राणों का बलिदान दे दिया। अंग्रेज सरकार द्वारा भीमा नायक के खिलाफ दोष सिद्ध हो जाने पर उन्हें पोर्ट ब्लेयर व निकोबार में रखा और वहीं पोर्ट ब्लेयर में उनकी मृत्यु हुई।

बिरसा मुंडा जिनके जन्मदिवस पर जनजाति गौरव दिवस मनाने की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने की थी, जनजातीय समाज में भगवान का मान रखते हैं। बिरसा मुंडा ने 25 वर्ष से भी कम उम्र में देश के लिए अपना बलिदान दे दिया। ईसाइयों द्वारा संचालित एक स्कूल में पढ़ने के दौरान उन्हें अंग्रेजों की जनजाति समूह के धर्मांतरण की साजिश का पता चला और इसके पश्चात उन्होंने अपने समुदाय को एकजुट किया। समुदाय को एकजुट कर ये अंग्रेजों के अत्याचारों, उनकी नीतियों के खिलाफ संघर्ष में कूद पड़े। ब्रिटिश सरकार से जमीन छुड़ाने के लिए उन्होंने नारा दिया था कि अबुआ दिशुम अबुआ राज अर्थात हमारा देश हमारा राज। उन्हें धरती बाबा की उपाधि लोगों द्वारा दी गई। आज भी जनजातीय समुदाय उन्हें भगवान बिरसा के रूप में जानते हैं, मानते हैं। मध्य प्रदेश में ऐसे कई प्रमुख जनजातीय नायक हुए जिन्होंने स्वाधीनता के यज्ञ में अपने प्राणों की बाजी लगा दी उनमें से एक है भीमा नायक। निमाड़ के बड़वानी के पंच मोहली गांव में रहने वाले भीमा नायक ने अंग्रेजों के खिलाफ भीलों की क्रांति का नेतृत्व सन 1840 से 1864 तक किया। उन्होंने 1857 के आंदोलन में अंग्रेजों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उनकी मां सुरसी ने भी अंग्रेजों के खिलाफ इस मुक्ति मोर्चा में एक क्रांतिकारी टोली का नेतृत्व किया। अंत में अंग्रेजों की यातनाओं के कारण सूरसी ने जेल में ही प्राणों का बलिदान दे दिया। अंग्रेज सरकार द्वारा भीमा नायक के खिलाफ दोष सिद्ध हो जाने पर उन्हें पोर्ट ब्लेयर व निकोबार में रखा और वहीं पोर्ट ब्लेयर में उनकी मृत्यु हुई।

मध्य प्रदेश के ही वीर टंट्या भील ने भी अपना सर्वस्व मातृभूमि के चरणों में अर्पित कर दिया। टंट्या भील का जन्म मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में 1842 में हुआ। इन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ स्वाधीनता संग्राम में भील जनजाति का नेतृत्व किया। उनकी गतिविधियों को देखते हुए अंग्रेजों ने उन्हें इंडियन रॉबिनहुड का नाम दिया। टंट्या भील अत्यंत वीर और साहसी थे। उनके साहस से प्रभावित होकर तात्या टोपे ने उन्हें गोरिल्ला युद्ध में पारंगत बनाया। महज 16 साल की उम्र में वे क्रांतिकारी हो गए। जहां भी लोग उन्हें याद करते थे वे वहां पहुंच जाते थे। उन्होंने लोगों को ना केवल अंग्रेजों के अत्याचारों से मुक्त कराया बल्कि कमजोर व शोषित लोगों को सेठ साहूकारों के चंगुल से भी मुक्ति दिलाई। उन्होंने अंग्रेजों की शोषण नीति के विरुद्ध आवाज उठाई और आदिवासियों के लिए मसीहा बनकर उभरे। अपने ही लोगों के विश्वासघात के कारण वे अंग्रेजों की पकड़ में आ गए और उन्हें फांसी की सजा दी गई। जबलपुर के राजा शंकर शाह व उनके पुत्र रघुनाथ शाह का स्वतंत्रता संघर्ष में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह गोंड राजवंश के प्रतापी राजा थे। शंकर शाह और उनके पुत्र रघुनाथ शाह ने स्वाधीनता संग्राम में जबलपुर क्षेत्र का नेतृत्व किया। इनकी राष्ट्रभक्ति पर लिखी भावपूर्ण कविता से आक्रोशित होकर राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह को अंग्रेजों ने तोप से उड़ा दिया। सीताराम कंवर और रघुनाथ सिंह मण्डलोई (भिलाला) भी जनजातीय नायक थे। इन्होंने 1857 के स्वाधीनता संग्राम में निमाड़ क्षेत्र से अंग्रेजों के विरुद्ध मोर्चा लिया और अंग्रेजों से युद्ध करते हुए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। सीताराम कवर और रघुनाथ सिंह ने भील-भिलाला के 3000 क्रांतिकारियों का एक संगठन बनाकर अन्य लोगों को क्रांति में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

निमाड़ क्षेत्र के बड़वानी के निवासी ख्वाजा नायक ने अंग्रेजी राज की सत्ता को नकारते हुए अंग्रेजों की नौकरी का परित्याग किया और बड़वानी क्षेत्र में आकर स्वतंत्रता संग्राम की कमान संभाली। इन्होंने भीलो का नेतृत्व किया और 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के तत्कालीन विराम के बाद भी अपनी लड़ाई जारी रखी। लगातार अंग्रेजों से स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए फांसी के फंदे को हंसते-हंसते गले लगा लिया। देश के स्वाधीनता संघर्ष में प्राणों का उत्सर्ग करने वाले हमारे जनजातीय क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान को शत शत नमन।

**(लेखिका, इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक में व्यवसायिक शिक्षा संकायाध्यक्ष हैं।)**

विचार

# जलवायु सम्मेलन : बड़े देशों पर निगाहें

अजरबैजान की राजधानी बाकू में सीओपी-29 के नाम से जलवायु सम्मेलन हो रहा है जिसमें 200 देश हिस्सा ले रहे हैं। 11 नवम्बर से प्रारम्भ हुआ सम्मेलन 22 तारीख तक चलेगा। कांफ्रेंस ऑफ द पार्टीज कहलाने वाले ऐसे सम्मेलनों की शुरुआत 1995 में जर्मनी की राजधानी बर्लिन से हुई थी। इस श्रृंखला में यह 29वां जमावड़ा है जिसमें सभी देश जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली समस्याओं के आकलन के साथ पृथ्वी का तापमान नियंत्रित करने के बारे में चर्चा करेंगे।




भारत विकसित देशों की जिम्मेदारी तय करने का पक्षधर है। 20वीं शताब्दी के छठे व सातवें दशक में प्रदूषण घटाने तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर वैश्विक चिंताएं प्रकट हुई थीं लेकिन सघन एवं सामूहिक प्रयास 90 के दशक के आरम्भ से दिखे। तभी से जलवायु परिवर्तन की गम्भीरता की ओर दुनिया का अधिक ध्यान गया। माना गया कि यह बहुत चिंताजनक है जिस पर सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। सीओपी के अलावा अर्थ समिट जैसे विभिन्न मंचों से नीले ग्रह को गर्म होने से बचाने हेतु गम्भीर प्रयासों की जरूरत बतलाई जाती रही। राष्ट्रसंघ के कई सत्र भी इसे लेकर हो चुके हैं। सीओपी के पिछले सभी सम्मेलनों में अनेक प्रकार की बातें हुईं। बर्लिन के अलावा 1997 में जेनेवा (स्विटजरलैंड), 2005 में क्योटो (जापान), 2010 में कानकुन (मैक्सिको) और 2013 में वारसा (पोलैंड) में हुए सम्मेलन जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को रोकने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के लिहाज से अहम रहे, परन्तु मील का पत्थर साबित हुआ पैरिस (फ्रांस) में आयोजित 2015 का सीओपी 21 सम्मेलन। इसमें शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा गया तथा 196 देशों ने इसे समझौते के रूप में स्वीकार किया जो सभी देशों पर बाध्यकारी है। जिस अमेरिका ने क्योटो सम्मेलन में इस समझौते पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया था, उस पर 2020 में राष्ट्रपति बनते ही जो बाइडेन ने हस्ताक्षर कर दिये थे। उनके पूर्ववर्ती और अब पुनः राष्ट्रपति बन गये डोनाल्ड ट्रम्प का रुख इसे लेकर क्या होगा, यह देखना होगा क्योंकि वे दुनिया में प्रदूषण का ठीकरा विकासशील एवं अविकसित देशों पर फोड़ते रहे हैं। स्वयं बड़े कारोबारी होने के नाते वे विकसित तथा औद्योगिक देशों के पक्षधर माने जाते हैं। अन्य दो ताकतवार देश- चीन व रूस का रवैया भी इस विषय पर ढुलमुल रहा है क्योंकि इन दोनों ही देशों में उद्योग एवं व्यवसायों से बड़े पैमाने पर ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है परन्तु वे इसे न्यायोचित बताते रहे हैं और उनकी इस विषय पर आलोचना का साहस कम ही हो पाता है। जब तक बड़े और शक्तिशाली देश भी जलवायु परिवर्तन के कारकों पर ईमानदारीपूर्वक लगाम नहीं लगाते, दुनिया का तापमान कम करने के प्रयास अधूरे रहेंगे। 1990 की शुरुआत से लागू नयी वैश्विक अर्थप्रणाली से इस समस्या के तार तो जुड़े हुए हैं ही, अंतरराष्ट्रीय मतभेदों में भी यह विषय उलझकर रह गया है। पृथ्वी का तापमान न घटने के लिये विकसित एवं विकासशील देश परस्पर दोषारोपण कर जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रहे हैं। बहुत से विशेषज्ञ एवं पर्यावरणविद इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि प्रदूषण बढ़ने का प्रमुख कारण जीडीपी में वृद्धि की लालसा है। विकास के नाम पर की जा रही अनेक तरह की गतिविधियों में तीव्र कार्बन उत्सर्जन होता है जो तापमान बढ़ाने का प्रमुख कारक है। इतना ही नहीं, उत्पादन बढ़ाने हेतु किये जा रहे अनगिनत मानवीय उपक्रम ग्रीन हाउस प्रभाव को सतत बढ़ा रहे हैं। इस बढ़ते तापमान के परिणामों का दुनिया भली-भांति अनुमान लगाये बैठी है और उसके कारण जो त्रासदियां होंगी उस पर स्कूलों में सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भूगोल जैसे विषय पढ़ने वाले बच्चे तक वाकिफ हैं, परन्तु फिर भी यह विशेषज्ञों की बहसों का सबब बना हुआ है। माना जा रहा है कि जिस प्रकार से घरों में लगे करोड़ों की संख्या में एयर कंडिशनरों से लेकर विशालकाय उद्योग और बड़ी तादाद में दुनिया भर की सड़कों पर दौड़ते ईंधन वाले वाहनों से लेकर परमाणु बिजली संयंत्रों से पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है, उससे यदि पृथ्वी का तापमान 3 डिग्री तक और बढ़ता है तो विश्व के ज्यादातर ग्लेशियर पिघल जायेंगे। इसके चलते विश्व भर में समुद्र के किनारे बसे 50 से अधिक शहर जल समाधि ले लेंगे।

इस सम्मेलन में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होने जा रही है। इसमें प्रमुख है विकासशील देशों को वित्तीय मदद ताकि वे वातावरण में हो रहे परिवर्तन को रोकने के लिये विभिन्न उपायों पर खर्च कर सकें। जलवायु वित्त कार्य निधि (सीएफएएफ) के नाम से यह अंतरराष्ट्रीय कोष स्थापित होगा जिसका मुख्यालय बाकू में होगा। दूसरा मुद्दा है ग्रीन एनर्जी जोन एंड कॉरिडोर स्थापित करना। इसके तहत निवेश को बढ़ावा देते हुए आर्थिक विकास की गति बढ़ाने के उपाय होंगे। बुनियादी अधोरचना, आधुनिकीकरण, विस्तार आदि के जरिये क्षेत्रीय सहयोग को प्रोत्साहित किया जायेगा। ऊर्जा भंडारण की वैश्विक क्षमता को बढ़ाने के नये लक्ष्य तय किये गये हैं। 2022 की स्थापित क्षमता को 6 गुना बढ़ाकर 1500 गीगावाट तक बढ़ाया जायेगा। 2040 तक 80 मिलियन किलोमीटर को ऊर्जा ग्रिड के तहत लाने का लक्ष्य है। स्वच्छ हाइड्रोजन, ग्रीन डिजिटल एक्शन आदि इस सम्मेलन के एजेंडा में हैं।

भारत अपना पक्ष 18-19 नवम्बर को रखेगा जिसकी इस विषय को लेकर अपनी ही चिंताएं और अपेक्षाएं हैं। वह भी विकसित देशों की जिम्मेदारी तय करने का पक्षधर है। वैसे वैश्विक मंचों पर भारत चाहे जो कहे, उसे स्वयं अपने स्तर पर यानी देश के भीतर जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिये ईमानदार पहल करने की आवश्यकता है। भारत दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित देशों में से एक है. फिलहाल राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोग इस प्रदूषण का कहर झेल रहे हैं।

साहित्य

## मेरा गाँव



**उज्जवल कुमार**

मेरे गाँव का अलग कहानी है
हर शख्श वहाँ तूफानी है
रहते सब अलमस्त वहाँ
एक अलग सबमें रवानी है
हास्य-परिहास्य से परिपूर्ण सब
उनका ना कोई सानी है
पढ़े लिखे थोड़ा कम हैं भले ही
पर जीवन के वो ज्ञानी है
रिस्ते निभाते भाव से वो
देखते ना लाभ-हानी है
रुपये-पैसे कम है पास लेकिन
दिल से वो अंबानी है
शहर के सारे चोचलों ने,
हार उनके सामने मानी है
समझते वो खुद को राजा-रानी है



## राशिफल



**मेषः-** नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

**वृषभः-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र होगा।

**मिथुनः-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें। रोजगार में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**कर्कः-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**सिंहः-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिवार में खुशहाली स्थिति रहेगी।

**कन्याः-** महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव।

**तुलाः-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**वृश्चिकः-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कार्य में आलस्य न करें। किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**धनुः-** सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्य द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मकरः-** विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। गुप्त विरोधियों से सतर्क रहें।

**कुंभः-** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आलस्य कतई न करें।

**मीनः-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। महत्वपूर्ण योजनाओं की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे।

# सलमान-संतोष की अनूठी दोस्ती

*सर्वमित्रा सुरजन*

हाल ही में एक दिलचस्प खबर देखने और पढ़ने मिली, जिससे कई और प्रसंग याद आ गए। मध्यप्रदेश में डीएसपी संतोष पटेल ने एक वीडियो अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स पर डाला और लिखा- ये हैं सलमान खान जो कि भोपाल के अप्सरा टॉकीज इलाके में सब्जी का ठेला लगाते हैं। वर्ष 2009 में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने गये थे तो सब्जी भाजी खरीदते वक्त इनसे मुलाकात हुई थी। ये भाई हमारी भावनाओं को समझकर रात को ठेले उठाते वक्त सब्जी भाजी दे दिया करते थे। जेब में जितने रुपये होते थे इतने में ही सलमान भाई खुश हो जाते थे और कई बार उधार कर लेते थे और अनेक बार भटा, टमाटर फ्री में दिये। 14 साल बाद जब अचानक पुलिस की गाड़ी के पास बुलाया तो सलमान हल्का सा डरा हुआ महसूस कर रहा था लेकिन वो पहचान गया था। मुलाकघत हुई तो हम दोनों को बहुत अच्छा लगा। बुरे समय में जिन्होंने साथ निभाया, उन्हें भुलाना किसी पाप से कम नहीं है। इतना ही कहता हूं कि बंदे में एक दोष न हो, बंदा एहसान फरामोश न हो। संघर्ष के दिनों में साथ निभाने वालों के लिए वादा करता हूं कि हम वो नहीं जो मुश्किलों में आपका साथ छोड़ दें, हम वो हैं जरूरत पड़ी तो आपकी सांसों से अपनी सांसें जोड़ दें। नपे-तुले शब्दों में डीएसपी संतोष पटेल ने सब्जी विक्रेता सलमान के लिए अपनी कृतज्ञता भी प्रकट की और एक मिसाल उन तमाम लोगों के लिए कायम कर दी, जो संघर्ष कर के आगे बढ़ते हैं, दूसरों के कंधों को सीढ़ियों की तरह इस्तेमाल करते हैं, मगर जब उन्हें मंजिल मिल जाती है, तो फिर संघर्ष के अपने साथियों और मददगारों को पहचानते भी नहीं हैं। संतोष पटेल और सलमान खान की इस अनूठी दोस्ती की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हुई, बहुत से लोगों ने उनकी मुलाकात के वीडियो को शेयर किया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि संतोष पटेल बेहद सहजता से सलमान खान से पूछते हैं कि मुझे पहचानते हो, और सलमान खान कहते हैं, क्यों नहीं पहचानेंगे। दरअसल संतोष पटेल सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और सलमान खान उनकी खबर सोशल मीडिया के जरिए ही रखते थे कि वे कहां हैं और क्या कर रहे हैं। लेकिन उन्हें इस बात की उम्मीद शायद नहीं रही होगी कि कभी इस तरह श्री पटेल उनसे मिलने पहुंच जाएंगे। हालांकि जब सलमान खान ने अपने ठेले के सामने पुलिस की गाड़ी देखी तो एकबारगी वे घबरा गए, मगर फिर संतोष पटेल को देखकर उनकी घबराहट चली गई। आज प्रेमचंद होते तो शायद संतोष और सलमान की मित्रता पर गुल्ली-डंडा जैसी कोई और मशहूर कहानी लिखते। पाठक जानते हैं कि गुल्ली-डंडा कहानी में बचपन के साथियों के बड़े होकर फिर से मिलने और खेलने का सुंदर चित्रण प्रेमचंद ने किया है, जिसमें सामाजिक और आर्थिक ओहदा दोस्ती पर भारी पड़ता हुआ दिखता है। इस कहानी में नायक जब बचपन के साथी गया से फिर मिलता है तो मन में सोचता है कि मैं उसकी ओर लपकना चाहता था कि उसके गले लिपट जाऊं, पर कुछ सोचकर रह गया. बोला-कहो गया, मुझे पहचानते हो? गया ने झुककर सलाम किया-हां मालिक, भला पहचानूंगा क्यों नहीं! कहानी की ये पंक्तियां संतोष पटेल और सलमान खान की मुलाकात में चरितार्थ हुई हैं। फर्क इतना ही है कि संतोष पटेल ने सलमान खान को बिना झिझके गले लगा लिया और दोनों के बीच एक सरकारी अफसर और सब्जी विक्रेता के ओहदे का फर्क होने के बावजूद पुराने रिश्तों की गर्माहट दिखी। 2017 में मप्र लोकसेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डीएसपी बने संतोष पटेल ने 2009 से लेकर 2013 तक भोपाल में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। उस समय कई बार उनके पास पैसे नहीं होते थे, ऐसे में सलमान खान रात को दुकान समेटते समय बैंगन और टमाटर मुफ्त में दे दिया करते थे। संतोष पटेल के मुताबिक सलमान खुद गरीब थे, लेकिन मुझे मुफ्त में सब्जियां दिया करते थे। पढ़ाई पूरी करने और डीएसपी बन जाने के बाद उनका काम के सिलसिले में भोपाल आना हुआ तो वे पुरानी यादों को ताजा करने और खास तौर पर सलमान खान को तलाशने के लिए अप्सरा टॉकीज के पास के इलाके में आए और यहां उनकी तलाश पूरी भी हुई। आज के दौर में जब जीवन से अपनापन, सहजता, निस्वार्थ रिश्ते गायब होते जा रहे हैं, तब संतोष-सलमान की इस जीवंत कथा को उम्मीद की तरह देखा जाना चाहिए। इस प्रकरण से ललित सुरजन जी (मेरे पिता) का सुनाया एक वाकया याद आ गया कि तंगी के दिनों में उनके मित्र एडव्होकेट जमालुद्दीन की मां ने दीवाली पर दिए जलाने और मिठाई खरीदने के लिए उन्हें पैसे दिए थे, जबकि रायपुर की चूड़ी लाइन में खुद उनकी छोटी सी दुकान थी। इसी तरह जमाल चाचा की बेटी की शादी का अवसर आया, तो कार्ड में जमाल चाचा ने बाबूजी (स्व.मायाराम सुरजन) का नाम डलवाया, क्योंकि वे उन्हें घर का बुजुर्ग मानते थे। अपनी बेटी के साथ-साथ जमाल चाचा ने एक अनाथ लड़की का विवाह भी संपन्न करवाया था। मुझे यकीन है कि हमारे घर ही नहीं, हिंदुस्तान के हजारों-लाखों घरों में ऐसे प्रसंग पीढ़ी दर पीढ़ी सुनाए, बताए जाते रहे होंगे। कृष्ण-सुदामा से लेकर गुल्ली-डंडा और सलमान-संतोष की कहानी तक में सदियों से सांस लेते भारत को महसूस किया जा सकता है। गंगा-जमुनी सभ्यता केवल मुहावरा नहीं है, यही हिंदुस्तान का सच भी है। मगर अब इसमें कागज दिखाने, कपड़ों से पहचान करने और दुकानों पर नाम लिखने की राजनीति हावी की जा रही है। लव जिहाद, जमीन जिहाद, आर्थिक जिहाद, शिक्षा जिहाद, वोट जिहाद की नफरती सोच समाज में भरने की सायास कोशिशें हुई हैं। इसका विस्तार बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे, सेफ रहेंगे तक किया जा चुका है। अखिलेश यादव ने बिल्कुल सही कहा है कि बंटेंगे तो कटेंगे सबसे नकारात्मक नारा है और इतिहास में यह निकृष्टतम नारे के तौर पर दर्ज होगा। राहुल गांधी ने भी मंगलवार को गोंदिया की अपनी सभा में लव यू वाले नारे और इसके पीछे की राजनीति का खुलासा करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के वक्त नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान का नारा निकला था। राहुल गांधी के मुताबिक राजनीति में सिर्फ नफरत, हिंसा और गुस्सा ये चीजें फैलाई जा रही थीं। इसलिए हमने सोचा कि अगर दूसरी साइड ने नफरत का ठेका ले रखा है, तो हम मोहब्बत का ठेका ले लेते हैं। उसमें फायदा भी है। नफरत में भाई भाई से लड़ता है, नफरत को नफरत नहीं काट सकती है। कोई आपसे नफरत करता है, आप उससे जाकर और नफरत करो, तो बात नहीं कटती लेकिन कोई भी आपसे नफरत करें और आपने उसे मोहब्बत दिखा दी, में नफरत खत्म हो जाती है। यह कांग्रेस पार्टी की सोच है, महात्मा गांधी की सोच है। राहुल गांधी का यह भाषण भले चुनावी मंच से दिया गया, लेकिन असल में इसमें भारत के विचार का दर्शन होता है। वो दर्शन जिसे गांधीजी ने दुनिया के सामने रखा और आज उस पर न चलने का नुकसान भी देखा जा रहा है। राजनीति के जरिए नफरत और हिंसा को बढ़ाने का खामियाजा अंततरू समाज भुगत रहा है, क्योंकि आपसी प्रेम और सौहार्द्र की जगह शक ने ले ली है। लेकिन इस वक्त भी सलमान खान और संतोष पटेल जैसे लोग समाज में मौजूद हैं, जो नेकी, भाईचारे, कृतज्ञता और दोस्ती जैसे शब्दों को चरितार्थ कर रहे हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# पुलिस ने तीन अभियुक्तों को दबोचा

**बैंक मित्र के साथ हुई लूट में थे शामिल, मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में लगी गोली, घायल**




**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के छिमोली मार्ग पर बैंक मित्र के साथ हुई लूट के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने का दावा किया है मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट गए रुपए व कागजात समेत असलहा भी बरामद किया हैं।

11 नवंबर की दोपहर ग्राम छिमोली निवासी रमेश चंद्र ने यूनियन बैंक मौदहा से 1,80,000 रुपए निकाले और वह रुपया लेकर बाइक से अपने गांव वापस मिनी बैंक लौट रहा था तभी मौदहा छिमोली मार्ग पर सामने से आ रहे तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उसकी आंखों में मिर्चों का पाउडर झोंक असलहा के दम पर बैंक मित्र के रुपए लूट मौके से भाग निकले। पीड़ित बैंक मित्र ने इस घटना की तहरीर कोतवाली मौदहा में दी जिस पर पुलिस ने बुधवार की रात परछा मोड के समीप इस घटना के आरोपी विपिन पाल निवासी बाकी रोड सुमेरपुर व रोशन निवासी छिमोली को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने का दावा किया है हालांकि इस मुठभेड़ में विपिन पाल के बाएं पैर में गोली लगी है वहीं पुलिस ने इस घटना के तीसरे आरोपी ज्ञान सिंह पुत्र सरवन निषाद निवासी क्योटरा मौदहा को कपसा रोड में गिरफ्तार करना ना दर्शाया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक 315 बर तमंचा व कारतूस समेत लूटे गये डेढ़ लाख से रुपए अधिक बरामद किया है। कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गुरुवार को उन्हें जेल भेज दिया।

## कई घरों में चोरों ने चोरी कर नकदी उड़ायी, पुलिस जाच में जुटी

**राठ(हमीरपुर)।** बुधवार को चोरों ने एक ही रात में दो घरों में चोरी कर पचपन हजार का सामान उड़ा दिया पुलिस ने मामले की जांच पडताल शुरु कर दी है। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं होने से लोगों में रोष व्याप्त है। कस्बे की अनीसा, आशीष कुमार सक्सेना ने पुलिस को बताया कि वह स्वजनों के साथ मेला देखने गया था। घर पर ताला लगा हुआ था। तभी रात्रि में चोर उसके घर में घुस आए और कमरे के अंदर बक्से में रखे नगदी व जेवर चुरा ले गये वहीं कस्बे के गुलाब नगर लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी राजकुमार पांचाल पुत्र कल्ला पांचाल ने बताया कि वह गुलाब गार्डन में एलुमिनियम की दुकान किए हैं। रात्रि में वह दुकान बंद करके घर चला गया। पेंट उसने खुटिया में टांग दिया। बताया कि रात में चोर आए और उसकी पेंट में रखे 15 हजार रुपए और जरुरी कागजात चोरी करके ले गए।

## बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला एवं सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सामानों को रख करके बाल मेले में बेचा। बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा भी सामानों का क्रय किया गया। बाल मेले में कोमल सैनी, अल्फिया आलिया सानिया बानो आकांक्षा आसिफ अहद अली आदि बहुत सारे बच्चों ने दुकानों को सजाया। इसके साथ ही शिक्षकों के प्रति सामाजिक सम्मान को दर्शाते हुए समाजसेवी व उत्कृष्ट कोटि के व्यापारी राधे स्टील मौदहा के संचालक शीतेन्द्र ताम्रकार के द्वारा आज दिनांक 14 नवंबर को विद्यालयों में उपस्थित होकर शिक्षकों



को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किए गए। राधे स्टील प्रतिष्ठान के संचालक श्री विजेंद्र ताम्रकार पवन ताम्रकार रवि सोनी जी के द्वारा बताया गया कि समाज सेवा की प्रेरणा उन्हें अपने माता-पिता, गुरुओं व कम्हरिया के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आशीष से प्राप्त हुई। वह समय-समय पर शिक्षा व समाज के हित के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थानों में जाकर उनका सम्मान करते हैं। शिक्षकों व ग्राम वासियों द्वारा उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।अंत मे इंचार्ज प्रधानाध्यापक आशीष कुमार द्वारा उनका आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर श्रुति गुप्ता अरबुन निशा रामनरेश प्राथमिक विद्यालय से रेशमा बानो रवि कुमार सुनील कुमार विनीता सोनकर एवं अन्य ग्रामवासी एवं प्रधान प्रतिनिधि रहे।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट कर रुपए छीना, पुलिस से शिकायत

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के बाराखंबा मुंशी कुआं के पास युवक ने टेंट का सामान लेन देन पर चार युवकों पर मारपीट कर रुपए छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी हरेंद्र साहू पुत्र जगदीश साहू ने बताया कि गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे कुर्रा रोड मुंशी कुआं के पास टेंट का सामान को लेकर चार लोग गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली गलौज करने से मना किया तो सभी ने उसे लात घूसों से जमकर मारा.पीटा। आरोप लगाया कि जेब में पड़े 4700 रुपए भी निकाल लिए। जो बैटरी लेने के लिए डाले था। बताया कि मारपीट से उसे चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### झगड़े में कान काट कर किया घायल

**राठ।** मामूली विवाद पर दरवाजे पर खड़े युवक के साथ मारपीट कर उसका कान काटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।कस्बे के चरखारी रोड सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी गुलाब सिंह पुत्र कुंवर बहादुर राजपूत ने बताया कि बुधवार की रात करीब नौ बजे दरवाजे पर खड़ा था। तभी मोहल्ले का प्रतीम शराब के नशे में दरवाजे पर आया और गाली गलौज करने लगा। जब उसने बाहर आकर गाली देने का विरोध किया तो वह मारपीट करने लगा। आरोप लगाया कि युवक ने दाहिना कान काट लिया। कान अलग होने पर वह बेहोश होकर गिर गया। जब उसकी मां बचाने आईं तो उसे भी पीटा। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार से बच्ची की दबकर मौत

**राठ।** घर के दरवाजे पर खेल रही साढ़े तीन वर्ष की मासूम बच्ची की कार बैक करते समय दबकर मौत हो गई। घर लाडली की मौत से स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। जरिया थाने के गोहांड कस्बा निवासी प्रणय राजपूत की साढ़े तीन वर्षीय पुत्री ईवाना पांच नवंबर को घर के बाहर दरवाजे पर खेल रही थी। तभी बैक हो रही परिवार की चार पहिया कार की चपेट में आकर ईवाना गंभीर रूप से घायल हो गई। स्वजन गोहांड सीएचसी ले गए थे। जहां से जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया था। जहां मासूम की मौत हो गई थी। ईवाना घर की इकलौती होने पर सभी की लाडली बेटी थी। लाडली की मौत पर स्वजनों में मातम छाया हुआ है।

### लेखपाल संघ का स्थापना दिवस मनाया गया

**मौदहा, (हमीरपुर)।** आज चौदह नवम्बर को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के संस्थापक स्व मुरारीलाल शर्मा द्वारा आज के दिन ही संघ की स्थापना की गई थी। इस दिन को तहसील मौदहा में लेखपाल संघ के ने स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। तहसील अध्यक्ष सत्य प्रकाश आर्य के नेतृत्व में माल्यार्पण कार्यक्रम कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित किए। जिसमें लेखपाल संघ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश आर्य व तहसील मंत्री सत्यम अवस्थी व कारेलाल अभिषेक कमलेशए इमरान अनिल साधना सिंह प्रज्ञा गुप्ता श्रद्धा पांडेय आकांक्षा सिंह स्वेता साहू कल्पना अनुरागी देवेंद्र सिंह मुनीश कुमार दीपक कुमार दिलीप कुमार अन्य लेखपाल उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी चयन प्रक्रिया हाईकोर्ट के अगले आदेश तक स्थगित

मौदहा हमीरपुर। आंगनबाड़ी चयन प्रक्रिया हाई कोर्ट के अग्रिम आदेश तक रोक लगाते हुए बिना हाईकोर्ट की अनुमति से चयन प्रक्रिया संपन्न नहीं हो पाएगी। लखनऊ खंडपीठ के जस्टिस अलोक माथुर की खंडपीठ आंगनवाड़ी चयन प्रक्रिया को यांची गीतादेवी के वकील अभिलाष पांडे श्रद्धा मिश्रा ने याची के पक्ष को मजबूती के साथ रखा जिसके कारण कोर्ट नेसुनवाई करते हुए अगले आदेश तक स्थगित कर दिया कोर्ट का कहना है सहायिका पद से प्रमोशन की प्रक्रिया में हुई अनियमिता को देखते हुए अग्रिम आदेश तक चयन प्रक्रिया पर रोक लगा दिया है।

### बरभौली में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**खन्ना (महोबा)।** जनपद के कबरई विकासखंड के अंतर्गत बरभौली ग्राम पंचायत में प्राचीन स्थान श्री पारा बाबा धाम ( बजरंगबली) में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व रासलीला व मेले का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम प्रधान अजय कुशवाहा तथा समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें गांव के मुख मार्गो में कलश यात्रा निकाली गई व दूसरे दिन कथा व्यास भागवत भूषण रोशनी तिवारी जनपद कानपुर देहात ने श्रीमद् भागवत पुराण कथा में भगवान कृष्ण के अवतार की कथा से जुड़ा हुआ धुंधकारी व गौकरण की कथा का वर्णन विस्तार से करते हुए कहा कि जिनका जन्म भगवान विष्णु के अवतार के रूप में हुआ था जो भगवान कृष्ण के लिए एक चुनौती बन गया था धुंधकारी ने भगवान कृष्ण के खिलाफ युद्ध किया लेकिन भगवान कृष्ण ने उसे पराजित कर दिया इस कथा में भक्तों को कथा व्यास जी द्वारा धुंधकारी की शक्तियों का वर्णन किया तथा भगवान कृष्ण की विजय की गाथा बताई धुंधकारी की कथा को श्रोताओं ने आनंद उठाया।

### कुलपहाड़ नगर में आयोजित रामलीला का रावण वध के साथ समापन

**कुलपहाड़ (महोबा)।** नगर में आयोजित रामलीला का बुधवार को रावण वध एवं इन्द्रजीत वध के साथ समापन हो गया है। इस अवसर पर रामलीला समिति के पूर्व संचालक पण्डित मथुरा प्रसाद को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि नगर के मुख्य बाजार स्थित रामलीला मैदान में 3 नवम्बर 2024 से विभिन्न लीलाओं का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका नगरवासियों ने खूब आनन्द उठाया। 13 नवम्बर 2024 की रात्रि को रावण वध एवं इन्द्रजीत वध की लीला का मंचन होने के बाद समापन किया गया। इस अवसर पर समिति के पूर्व संचालक वायो वृद्ध पण्डित मथुरा प्रसाद दीक्षित को समिति द्वारा शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व मृदुल चौबे द्वारा उनके आवास पर रामलीला मंचन कलाकारों व समाजसेवियों का भंडारा प्रसाद गृहण कराया, जिससे पात्रों ने उनकी भूरि भूरि प्रसंशा की है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष अनिल अरजरिया, संचालक संतोष सुल्लेरे , महामंत्री खलील बक्स, भाजपा मंडल अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, अनुज पाठक, मृदुल चौबे, दिनेश गोस्वामी, पुरूषोत्तम सोनी आदि मोजूद रहे।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति की हवा निकाल रहे जिम्मेदार अधिकारी

**महोबा।** जनपद में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जनपद में अब तक दर्जन भर से ज्यादा भ्रस्टाचारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हो चुके हैं लेकिन जनपद में तैनात कुछ अधिकारी सरकारी धन का बन्दरबांट कर अब भी भ्रष्टाचार करने से बाज नही आ रहे हैं। विकास खण्ड कबरई में तैनात साहब के खासमखास को एक नहीं बल्कि दो दो विद्यालयों में तैनाती दी गई है जो साहब की भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के सबूत को साबित करती नजर आ रही है। सूत्रों की मानें तो साहब के खासमखास द्वारा विभागीय कार्यों को निपटाने के ऐवज में मिठाई की आड़ में बाकायदा सुविधा शुल्क लिया जाता है। जिसके चलते शिक्षकों को आर्थिक शोषण का शिकार होना पड़ता है। सुविधा शुल्क से परेशान शिक्षकों में रोष देखने को मिल रहा है। नाम न छापने की शर्त पर एक शिक्षक ने बताया कि बिना कोई सुविधा शुल्क के विकासखंड कबरई में काम कर पाना संभव नहीं है। बर्तन खरीददारी, मध्यान्ह भोजन या फिर क्रीड़ा प्रतियोगिता सभी जगह साहब का निर्धारित सुविधा शुल्क है जिसके चलते शिक्षकों को आर्थिक शोषण का शिकार होना पड़ता है। बताया कि सुविधा शुल्क ना चढ़ाने पर साहब और उनके गुर्गों द्वारा अभद्रता तक की जाती है और सरकारी कार्य को भी महीनों लटकाया जाता है।

## छेड़खानी करने के बाद पिता व पुत्री को मारपीट कर किया घायल, पुलिस से शिकायत

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में चौदह वर्षीय किशोरी के साथ अश्लील हरकतें करने की शिकायत करने गये तो दबंगो ने पिता व पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया, पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित के पिता ने पुलिस को बताया कि वह अपने गांव में एक निजी ट्यूबवेल में रहकर खेती.बाड़ी करके परिवार का भरण.पोषण कर रहा है गुरुवार की सुबह पीड़ित की पुत्री ट्यूबवेल से घर कुछ सामान लेकर वापस जा रही थी तभी गांव के ही गुलफान पुत्र अहमद खान ने किशोरी को पड़कर अश्लील हरकतें करने लगा किशोरी के चिल्लाने पर मोहल्ले वासियों आ गए और सूचना पिता को दिया पिता पुत्री सहित आरोपियों के घर उलाहना देने के लिए गया तभी अहमद खान उसकी पुत्री और पत्नी ने पीड़ित के साथ मारपीट कर घायल कर दिया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

## मछली पालने वाले तालाबों में लघु सिचाई विभाग द्वारा खुदायी टेंडर पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

लघु सिचाई विभाग द्वारा आधा दर्जन गांवों में मछली पालने वाले तालाबों के पट्टों में विभागीय तालाब खुदायी के टेंडर कर दिये थे लिहाजा पीड़ित की याचिका पर हाईकोर्ट ने मकराव ग्राम के टेंडर पर स्टे कर दिया है। जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है। पुलिस द्वारा तालाब से पानी निकाल रहे ठेकेदार को काम करने के लिये रोक कर दिया गया है।

लघु सिचाई विभाग ने जिले में रोहारी, विदोखर, पाटनपुर में दो तालाब, मकराव समेत करीब छह तालाबों में तालाब खुदायी के टेंडर कर दिये थे जब कि मछुवारों के लिये पहले से ही ये तालाब मछली पालने के लिये दस साल के लिये पट्टा कर दिये गये थे

**अपने ही जाल में फंसा विभाग, अन्य तालाबों के स्टे लेने के लिए पीड़ितों ने लगाई दौड़**

मगर विभागीय अधिशासी अभियंता ने अपनी हिटलरी कायम रखने के लिये मछुवारों के पट्टों पर कोई ध्यान नहीं दिया यहा तक कि मछुवारे विभागीय अभियंता से रोते गिड़गिड़ाते रहे मगर उनको केवल डाट फटकार मिली। पीडितो ने बताया कि मछली पट्टा लेते समय उसने लाखो रुपये जमा किये है ताकि उसकी रोजी रोटी चल सके मगर कोई सुनवायी नही हुई। बताया जाता है कि हद तो जब होगी जब मकराव ग्राम में ठेकेदार मछली पली तालाब में पंम्पिग सेट से जबरन पानी निकालना शुरु कर दिया जिससे मछलिया मरना शुरु हो गयी पट्टाधारक कमलेश कुमार आनन फानन भागकर हाईकोर्ट इलाहाबाद की शरण ली अपनी पीडा कोर्ट को बतायी हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुये तालाब से पानी निकालने पर सख्ती से रोक लगा दी है। हाईकोर्ट से स्टे आते ही पुलिस ने मौके पर जाकर ठेकेदार को तालाब से पानी निकालने के लिये मना कर दिया है। बताया जाता है कि लघु सिचाई विभाग अपने द्वारा बुने गये जाल में बुरी तरह फंस गया है। इस मामले में भाजपा नेताओं ने विभाग द्वारा मछुवारों के साथ की जा रही मनमानी का जमकर विरोध किया था। इसी प्रकार अन्य गांवों में जो मछली पालने वाले तालाबों में टेंडर किये गये है उनमें भी लोग स्टे के लेने के लिये दौड़ भाग शुरु कर दी है।

## घर से सोने-चादी के जेवरात व नकदी लेने के बाद युवती का किया अपहरण

**पीड़िता के पिता ने पुलिस से की लिखित शिकायत**

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

पिता ने तीनों लोगों पर घर से सोने चांदी के जेवरात व 2.40 लाख रुपए की नकदी सहित पुत्री का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस से लिखित शिकायत की है।

कस्बे के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि मंगलवार को वह रामलीला देखने गये हुए थे। घर पर उसकी 17 वर्षीय पुत्री अकेली थी। जब वह शाम करीब सात बजे घर आया तो उसकी पुत्री घर पर नहीं थी। अलमारी खुली पड़ी थी।जानकारी होने पर पता चला कि मोहल्ले के दो व्यक्तियों ने अपने एक रिश्तेदार के साथ घर में घुसकर सोने का मंगलसूत्र सोने की अंगूठी सोने का हार सोने की नथनी चांदी की अंगूठी 2.40 लाख रुपए सहित पुत्री को साथ लेकर गए। मोहल्ले के उक्त व्यक्तियों से कहा तो उन्होंने कहा कि उसका रिश्तेदार तुम्हारी पुत्री को ले गया है।

अगर पुत्री को वापस लेना चाहते है तो स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर बना दो। आरोप लगाया कि स्टांप पेपर में हस्ताक्षर करने के बाद भी उसकी पुत्री को बंधक बनाए हुए हैं। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामला दर्ज किया जा रहा है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भैंसों से भरे चार मिनी ट्रक बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद ने पकड़े

**पुलिस ने सभी ट्रकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की शुरू**



**महोबा।** कबरई थाना क्षेत्र स्थित कानपुर बाईपास पर पशुओं से भरे चार ट्रकों को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की निशानदेही पर पकड़ने में सफलता हासिल की है। महोबा से उन्नाव जाने के दौरान चारों ट्रकों में क्षमता से अधिक जानवर भरे होने की सूचना मिलते ही हिन्दू संगठनों ने एकजुट होकर पुलिस को यह बड़ी सफलता दिलाई है। हिंदू संगठनों के इस प्रयास से सैकड़ो मवेशियों की जान बच गई है। फिलहाल पुलिस ने पकड़ गए 07 आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि हम सभी को सूचना मिली थी। महोबा से चार ट्रकों में क्षमता से अधिक भैंसों को भरकर उन्नाव लादकर भेज जा रहा है। जिसकी सूचना हम सभी कार्यककर्ताओ ने स्थानीय पुलिस को दी थी। जिसके आधार पर पुलिस द्वारा कानपुर बाईपास पर सभी ट्रकों को चेकिंग अभियान के तहत रोकते ही 7 पशु तस्करों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जबकि एक ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। शिकायत के आधार पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर की तैयारी की जा रही है।

## आक्रोशित परिजनों ने मृतका के पति को जमकर पीटा

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में नवविवाहिता को दहेज लोभियों की मांग पूरी न होने के चलते अपनी जान गंवानी पड़ी है नवविवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। तो वहीं मृतका के परिजनों ने जिला अस्पताल में मृतका के पति को पीट दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की गहनता से जांच में पड़ताल शुरू कर दी है। दरअसल मामला कबरई थाना व कस्बा क्षेत्र के किदवई नगर मोहल्ले का है जहां के रहने वाले दीपू की 19 वर्षीय नवविवाहिता पत्नी कंचन को अचेत अवस्था में पति दीपू द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लाया गया था जहां तैनात डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों ने आक्रोशित होकर मृतका कंचन के पति को अस्पताल परिसर में ही पीट दिया। मृतका की बड़ी बहन सुरेखा कुशवाहा का आरोप है कि उसके ससुरालीजन रुपए 50000 रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसके साथ आए दिन मारपीट करते थे और उसे लगातार प्रताड़ित करते चले आ रहे थे मृतका की बहन सुरेखा कुशवाहा ने बताया कि ससुराली जनों ने उसे बेरहमी से पीटा और उसके ससुर की तौलिया से फांसी लगाकर उसे लटका दिया जिसके चलते उसकी मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने ससुरालीजनों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## बाहरी दवा लिखकर गरीब मरीजों के साथ किया जा रहा छलावा

**कुलपहाड़ (महोबा)।** प्रदेश सरकार के सख्त निर्देश के बाद भी सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को उसका सही लाभ नहीं मिल पा रहा है। चिकित्सकों द्वारा कभी जांच के नाम पर तो कभी बाहर की दवा लिखकर परेशान हाल गरीब मरीजों को भटकने के लिए मजबूर किए जाने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। सीएमओ ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार के साथ साथ दवाएं मुहैया कराने के निर्देश भले ही दिए गए हों, लेकिन सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक सरकार के इस आदेश को ठेंगे से मानकर चल रहे हैं। यही कारण है कि उच्च अधिकारियों द्वारा बार बार आने वाले मरीजों को बाहर की दवा न लिखने एवं जांच के नाम पर परेशान नहीं किए जाने के आदेश के बाद भी चिकित्सक धड़ल्ले से मरीजों को बाहर की दवा लेने के लिए पर्चा लिखने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा कुछ मामला उस समय प्रकाश में आया। जब नगर की आरती पत्नी मनीष नामक महिला बीमारी से पीड़ित होने पर अपने पति के साथ नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जिसे चिकित्सक ने सीवीसी जांच कराने व बाहर से दवा लाने के नाम पर पर्चा थमा दिया। जिसे देखकर मरीज परेशान हो गया। इस सम्बन्ध में प्रभारी अधीक्षक को अवगत कराने पर अवकाश में होने की बात कही गई। लेकिन जब मुख्य चिकित्साधिकारी से फोन पर बात की गई, तो उन्होंने बताया कि वह छुट्टी में नहीं है। उन्होंने कहा कि बाहर से दवा लिखने के लिए सख्त पाबन्दी लगाई गई है।

## कलश शोभायात्रा निकाल श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

क़स्बा मे स्थित गौंड बाबा मंदिर में आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की शुरुआत की गई। कथा का शुभारंभ गोंड बाबा मंदिर से कलश शोभायात्रा निकालकर किया गया। कलश शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर रहुनिया, अग्निहोत्री पुरा वनियाट, मैन बाजार, रामजानकी मंदिर सहित शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। 151 कलशों की पूजा के बाद महिलाओं ने उन्हें उठाकर यात्रा में भाग लिया। कलश शोभायात्रा के बाद कथा स्थल पर कलशों को स्थापित किया गया। प्रथम दिन कथावाचक राहुल कृष्णा शास्त्री व



महेंद्र रावत शास्त्री ने पूजा-अर्चना के बाद श्रीमद्भागवत कथा के महत्व का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ईश्वर का परिपूर्ण स्वरूप है, इसलिए यह दिव्य ग्रंथ है। भागवत ज्ञान, योग, कर्मयोग, समाज, धर्म व ज्ञान का मूल स्रोत है, इसलिए मनुष्य को हर पल ईश्वर का चिंतन करना चाहिए। श्रीमद्भागवत के श्रवण मात्र से मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं यजमान संध्या अश्वनी पाण्डेय सहित महेश नायक,सत्यम पाण्डेय, ओम नायक आदि रहें।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पं. नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस और सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के जन्मोत्सव के पूर्व दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता के रुप में प्रधानाचार्य श्री कमलेश सिंह जी ने पंडित नेहरू और नानक देव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंडित नेहरू जी बच्चों से बहुत ज्यादा प्रेम करते थे और बच्चे भी उन्हें चाचा नेहरू के नाम से पुकारते थे। नेहरू जी बच्चों को देश का भविष्य कहकर सम्बोधित करते थे। उन्होंने देश की आजादी की लड़ाई के साथ ही बच्चों के अधिकारों के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसके चलते ही उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है और गुरु नानक जी ने समाज को नैतिकता, कड़ी मेहनत और सच्चाई का संदेश दिया। उनका जीवन प्रेम, ज्ञान और वीरता से भरा हुआ है। उनका कहना था कि हमें माया के जाल में नहीं उलझना चाहिए। हम खुश रहें, दूसरों को खुश रखें, प्रार्थना करें, सेवा करें और धर्म की रक्षा के लिए कार्य करें। इस अवसर पर बच्चों ने बालमेला कार्यक्रम का आयोजन किया और छात्र भैया बहिनों ने जमकर खरीददारी की और व्यावसायिक प्रणाली को समझा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्री कमलेश सिंह जी ने पंडित नेहरू और गुरु नानक देव के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन शिशुभारती की प्रधानमंत्री बहिन नव्या सिंह ने किया। विद्यालय के संगीताचार्य पंडित जगप्रसाद तिवारी ने सिख धर्म के लिए अपने जान की कुर्बानी देने वाले नायकों की बात को स्मरण कराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमलेश सिंह, आचार्य जयनारायण, जगप्रसाद, गिरीश आदि के अलावा समस्त आचार्य, कर्मचारी व छात्र, छात्राएं मौजूद रहीं।

## बाल दिवसः मिस्टर एंड मिस आरबीपीएस प्रतियोगिता आयोजित

**विनायक और वैष्णवी बने मिस्टर एंड मिस आरबीपीएस**

**कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**

बाल दिवस के उपलक्ष्य में नगर के इंग्लिश मीडियम रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल में मिस्टर एंड मिसआरबीपीएस कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया। चार घंटे तक चली पांच राउंड की मैराथन प्रतियोगिता में विनायक अग्रवाल मिस्टर आरबीपीएस व वैष्णवी गुप्ता मिस आरबीपीएस चुनी गईं। विजेताओं को प्रिंसिपल सर ने ताज व सैशे पहनाया। भारतीय परिधान , पाश्चात्य वेशभूषा , टास्क राउंड , टैलेंट राउंड




एवम् ब्यूटी विद ब्रेन यानी क्वेश्चन राउंड सहित कुल पांच चरणों में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की 52 छात्राओं और 20 छात्रों ने प्रतिभाग किया। अंतिम चरण ब्यूटी विद ब्रेन में तीन छात्र विनायक अग्रवाल , सिद्धांत शक्ति व अभिनेंद्र प्रताप सिंह एवं तीन छात्राओं वैष्णवी गुप्ता , आराध्या राजपूत एवं हिमालवी शक्ति ने जगह बनाई। जिसमें विनायक अग्रवाल और वैष्णवी गुप्ता ने अन्य दोनों प्रतिभागियों से ज्यादा सटीक जवाब देकर प्रतियोगिता जीतकर मिस्टर एंड मिस आरबीपीएस का खिताब अपने नाम किया। विनायक के अनुसार समाज और सरकारी विभागों में फैली घूसखोरी व भ्रष्टाचार ने देश को खोखला कर दिया है। वह आगे चलकर आईएएस ऑफिसर बनकर घूसखोरी के खिलाफ मुहिम छेडकर देश की सेवा करना चाहता है। वहीं वैष्णवी का कहना है कि वह कॉस्मोलॉजी में अपना हांथ आजमाना चाहती हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कॉस्मोलोजिस्ट बनकर अपने माता पिता के हर स्वप्न व इच्छाओं को पूरा करना चाहती है। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार अग्रवाल ने निर्णायक की भूमिका अदा की और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## बाल दिवस के मौके पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

**महोबा।** बालदिवस के उपलक्ष्य में आरबीपीएस स्टूडेंट्स के लिए स्पोर्ट्स वीक सेलिब्रेट कर रहा जिसमे पूरे हफ्ते स्टूडेंट्स खेलों में अपना हुनर आजमा रहे है। इसी क्रम में प्ले ग्रुप से केजी के स्टूडेंट्स के लिए 50 मीटर रेस और फ्रॉग रेस का आयोजन किया गया।प्ले ग्रुप में 50 मीटर रेस में बालक वर्ग से नयन एवं बालिका वर्ग से प्रगति प्रथम रहे वहीं फ्रॉग रेस में दुष्यंत और फिर से प्रगति जीती नर्सरी में 50 मीटर रेस में बालक वर्ग से भास्कर एवं बालिकाओं में सृष्टि आगे रही वह फ्रॉग रेस में सिद्धार्थ व अनिकेत एवं दुबारा सृष्टि विजयी रहीं।केजी में 50 मीटर रेस में बालकों की ओर से अर्पित एवम् बालिकाओं में हिमांशी तथा फ्रॉग रेस में जयस व दीक्षा आगे



रही।प्राइमरी सेक्शन के कक्षा 2, 4 एवम् 5 के लिए 100 मीटर रेस हुई। जिसमे कक्षा 2 से लड़को में सम्राट व लड़कियों में सपना , कक्षा 4 से सत्यम यादव व तन्वी और महक तथा कक्षा 5 से अरिहंत व राजबी ने अपनी धाक जमाई। दूसरी ओर कक्षा 1 और 3 के छात्रों के लिए स्पून रेस आयोजित हुई जिसमें कक्षा 1 से लड़को में हर्षित एवं लड़कियों में नित्या और कक्षा 3 से शौर्य प्रताप व मान्यता ने जीत हासिल की।

# सरकार की मंशानुसार कार्य करें अधिकारी : प्रभारी मंत्री

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

- सरकार की सभी योजनाओं का लाभ आमजनमानस तक पहुंचे : सुरेश राही
- प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



गुरुवार को कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में जिले के प्रभारी मंत्री/प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक को शुरू करने से पूर्व प्रभारी मंत्री सुरेश राही, उत्तर प्रदेश खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, जिला प्रभारी एमएलस ई0 अवनीश कुमार सिंह, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा बुके देकर स्वागत किया।

समीक्षा बैठक में सुरेश राही ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मंशानुसार कार्य करें जिससे सभी योजनाओं का लाभ आमजनमानस तक पहुँच सके। मुख्यमंत्री की मंशा है कि योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचे इसके लिये अधिकारी अपने-अपने विभाग के कार्य/ दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही की जाए। प्रभारी मंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी से स्वास्थ्य विभाग में तैनात चिकित्सकों और उपलब्ध दवाओं के विषय में जानकारी ली और कहा कि अस्पतालों में शौचालयों की स्थित बेहतर करें। चिकित्सक, मरीजों को बाहर से दवायें न लिखे, सभी दवाएं अस्पताल से ही उन्हें उपलब्ध कराई जाए। गांव स्तर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को बेहतर संचालित किया जाए। इसके बाद जिला पूर्ति अधिकारी ने खाद्य एवं रसद विभाग की योजनाओं के विषय में प्रभारी मंत्री को अवगत कराया जिस पर उन्होंने कहा कि जो पात्र है उनके राशन कार्ड समय पर बन जाये। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित करके दिव्यांगों को उपकरणों का वितरण किया जाए। गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान किया जाए। दुग्ध खरीद के भुगतान पर विशेष ध्यान दिया जाए। मनरेगा के कार्यों का समय पर भुगतान और सड़कों की मरम्मत, चौड़ीकरण तथा नई सड़कों के निर्माण आदि के कार्य सम्बन्धित विभाग समय पर पूर्ण करें। नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों में पेयजल परियोजना के कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण किया जाए। प्रधानमंत्री आवासों को समय पर पूर्ण कराया जाए। किसान सम्मान निधि व अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को शतप्रतिशत मिले इसके लिये कृषि विभाग निरन्तर मॉनिटरिंग करें।

धान खरीद में किसानों को क्रय केंद्रों पर इंतजार न करना पड़े, धान में नमी बताकर किसानों को क्रय केंद्रों से न लौटाया जाए इस बात का सम्बंधित अधिकारी ध्यान रखे। विद्युत विभाग खराब ट्रांसफार्मर सहित अन्य शिकायतें समय पर दूर करें। स्वीकृति नए नलकूपों में बिजली कनेक्शन देकर समय पर उन्हें चालू कराया जाए जिससे किसानों को पानी की समस्या न होने पाए। सिंचाई विभाग समय पर नहरों की सिल्ट सफ़ाई का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावा कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूड वीडियो बनाकर युवती से दुष्कर्म

- डेढ़ लाख रुपए मांगने पर युवती ने किया इंकार तो पति को दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

न्यूड वीडियो बनाकर वायरल कर देने की धमकी देकर युवती के साथ यौन शोषण करने का मामला सामने आया है।युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है, युवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति कमाने के सिलसिले में हैदराबाद में नौकरी करते है वह अपने छोटे बच्चे के साथ घर पर अकेले रहती हैं। विगत एक वर्ष पहले घर पर स्नान कर रही थी तभी उसके घर आये मौसेरे भाई सुरजीत पुत्र बजरंग निवासी लखा सराय थाना शुक्ल बाजार जनपद अमेठी ने चुपके से उसका अश्लील वीडियो बना लिया और नवरात्रि माह में वायरल कर देने की धमकी देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया और धमकी दी कि यह बात किसी से बताई तो मुझे व मेरे बेटे को जान से मार डालूंगा, जिसके डर से चुप रही और यह बात किसी को नहीं बताई।दीपावली के पर्व पर आरोपी युवक युवती के घर आया और ब्लैक मेल करते हुए उससे डेढ़ लाख रुपए मांगने लगा।आरोपी युवक की बात मानने से इंकार करने पर उसके पति को भी जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। युवती ने दीपावली पर्व पर परदेश से घर आए पति को आरोपी युवक की करतूत की जानकारी दी। जिसके बाद पति के साथ थाने पहुंची युवती ने पुलिस से मामले की शिकायत की । पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात बदमाशों ने युवक को मारी गोली, मौत

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद के सहजनवा थाना क्षेत्र के कोमा बाग में हम आओ आप को बाता ते चलें (भैसला) के पास गुरुवार की सुबह खून से लथपथ युवक का मिला शव। बदमाशों ने सिर में गोली मारकर हत्या की है। युवक की पहचान क्षेत्र के सीहापार निवासी 32 वर्षीय धीरेंद्र दुबे उर्फ विशाल के रूप में हुई जो जोमैटो में डिलीवरी ब्वाय था। फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे एसपी नॉर्थ जितेन कुमार श्रीवास्तव व गीडा सीओ प्रशाली गंगवार मामले की छानबीन कर रहे हैं। कोमा बाग (भैंसला) के लोग सुबह शौच के लिए गए तो देखा कि बिना नंबर की एक बाइक खड़ी और पास में 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा है। इसकी सूचना उन्होंने डायल 112 पर दी। घटना की जानकारी होते ही मौके प एसओ विशाल उपाध्याय मौके पर पहुंचे। जेब में मिले कागज से युवक की पहचान सीहा पार में रहने वाले वर्षीय धीरेंद्र दुबे उर्फ विशाल पुत्र कृष्ण प्रताप के रूप में हुई परिवार के लोगों ने बताया कि विशाल बुधवार की शाम को चार बजे घर से बिना बताए बाइक से निकला था। दो माह पहले कसरवल में कुछ लोगों के साथ मारपीट हुई थी। भाइयों में छोटे विशाल के पिता खेती कार्य करते हैं। वही मृतक युवक के परिवार जनों ने थाने पर अज्ञात लोगों लोगों खिलाफ तहरीरी देकर कार्रवाई की मांग की।

### पूर्व सांसद के प्रतिनिधि ने पम्प नहरों में भ्रष्टाचार के जांच की उठाई मांग

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने प्रदेश के जल शक्ति मंत्री को शिकायती पत्र लिखकर तहसील क्षेत्र में तीन पंप नहरो पर काम के नाम किये जा रहे भ्र्ष्टाचार की जाँच कराकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। मंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में राजकुमार सिंह ने लिखा है कि तहसील क्षेत्र मे तीन पम्प नहर कमशः दुनौली, भिटौरा बिबियापुर का संचालन किया जा रहा है।

आरोप लगाया कि विभाग द्वारा संचालित उक्त पम्प नहरो पर विभागीय अधिकारी अपने चहेतो के नाम काम का टेन्डर स्वीकृत कराकर स्वयं ठेकेदारी करते हैं । जिससे गुणवत्ता चेक करने वाला कोई नही होता हैं, और नहरकी मरम्मत के लिए आने वाला पैसा भ्रष्टाचार की भेट चढ जाता हैं ।जिसका तजा उदाहरण दुनौली पम्प नहर पर निर्माण की गई सभी नालियां हैं, जो निर्माण के कुछ समय बाद ही गिर गई हैं। श्री सिंह ने उक्त नहरो की किसी दूसरे विभाग से जांच कराकर सही ढंग से निर्माण कराने की मांग की है।जिससे किसानों को सही तरीके से खेतों तक पानी मिल सके । यही नहीं दोषी अधिकारियों की आय से अधिक संपित्त की जांच कराकर कठोर कार्यवही करने की भी मांग की है।

### बाल दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बृहस्पतिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया ।इस मौके पर विद्यालयों में विभिन्न आयोजन किए गए। शेषपुर दामोदर स्थित श्री माता प्रसाद तिवारी स्मारक विद्या मंदिर में पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती धूमधाम से मनाई गई ।शिक्षकों और बच्चों ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।बच्चों ने निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की छात्रा साक्षी ने कविता के जरिए चाचा नेहरू को याद किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सीएम तिवारी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते कहा कि पंडित नेहरू बच्चों से बहुत अधिक प्रेम करते थे ।बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहते थे ।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शैव्या शुक्ला, बिंदुमती तिवारी, श्वेता गुप्ता , चमन जहरा, नाहिद अख्तर, और शिवानी यादव समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे ।अंत में बच्चों को मिठाई वितरित की गई ।इसी क्रम में श्रीमृत्युंजय मिश्र स्मारक विद्यालय पूरे भवन सूरजपुर, मलका तालीमगाह इंटर कालेज और मोहम्मद सिबतैन मेमोरियल स्कूल असंद्रा में भी बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया।

## मधुर हो बार और बेंच के संबंध, बढ़े न्यायिक कार्य दिवस : जिला जज



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता संघ की ओर से गुरुवार को नवागत जिला जज रणंजय कुमार वर्मा का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान वकालत खाना स्थित आचार्य नरेंद्र देव सभागार में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए नवागत जिला जज श्री वर्मा ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि बार और बेंच में दूरियां न क्योंकि बढे दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं का निराकरण मिल बैठकर आपस में सुलझाएं। अधिवक्ता हड़ताल से बचें, बार और बेंच का सहयोग कर कार्य तथा दिवस बढ़ाकर निष्पक्ष न्याय में सहयोग करें। अयोध्या धाम में कार्य करने का अवसर मिलने पर जिला जज श्री वर्मा ने स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए खुलकर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष पंडित जे.पी.तिवारी ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश प्रताप सिंह ने जिला जज श्री वर्मा की खूबियां गिनाई और उनका परिचय प्रस्तुत किया। उच्च न्यायालय द्वारा बनी एल्डर्स कमेटी के सदस्य विजय कुमार श्रीवास्तव, प्रियनाथ सिंह तथा अरविंद कौल आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। स्वागत की कड़ी में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष श्री तिवारी ने नवागत जिला जज श्री वर्मा को फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।क ार्यक्रम में जिला जज के साथ न्यायिक अधिकारी एवं भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## डीपीएस ने जूडो इंटरनेशनल चैंपियनशिप में जीते सात मेडल



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा ने राजधानी लखनऊ के सिटी मांटेसरी स्कूल, आरडीएसओ में आयोजित जूडो इन्विटेशनल इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2024 – 25 में अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 3 सिल्वर एवम 4 ब्रॉन्ज सहित 7 मैडल जीतकर अपने स्कूल एवं जनपद इटावा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।
उत्तर प्रदेश के सिटी मांटेसरी स्कूल,आरडीएसओ, लखनऊ में विगत 6 से 9 नवंबर, 2024 तक जूडो इन्विटेशनल इंटरनेशनल चैंपियनशिप आयोजित की गई थी जिसमे भारत सहित श्रीलंका, नेपाल, मॉरीशस, भूटान देश के लगभग 1500 जूडो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

## बाल दिवस पर चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

- बाल मेला लगाकर छात्रों ने की खूब मौज मस्ती

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छन्दवल में स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

छात्र छात्राओं ने बाल मेला लगाया, बच्चों ने अपने हाथ से विविध व्यंजनों को बनाकर दुकानें लगाई, अभिभावकों ने बच्चों से खरीददारी कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर लोहिया अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 गौरव सिंह एमबीबीएस एमडी एवं प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने जवाहर लाल नेहरू सहित अन्य महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण का मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ0 गौरव सिंह ने सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार किया। बढ़ते वायरल बुखार, डेंगू, खांसी एवं सर्दी जनित बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं बचाव के बारे में बताते हुए डॉ गौरव सिंह ने कहा कि प्रारम्भिक सर्दी से बचने के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने, मच्छरों से बचें, मच्छरदानी में सोएं, गुनगुना पानी ज्यादा से ज्यादा पियें, बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह से दवा लें।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने शिक्षकों व मुख्य रूप से बच्चों को बाल दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए नेहरू जी के जीवन आदर्शो पर चर्चा की। छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रागंण में भिन्न-भिन्न प्रकार की दुकानों से सजाये गए मेले में बच्चों ने खूब मौज मस्ती की। छात्र-छात्राओं ने भेलपुरी , मीठी गुजिया ,सिंघाड़ा ,पानी के बतासे, समोसा, जलेबी, सोन पापड़ी, टिक्की ,चाट मटर आदि दुकाने लगाई छात्र-छात्राओं की दुकानों से सभी शिक्षकों ने खरीदारी की शिक्षकों को अपनी खाद्य वस्तुएं बेचकर बच्चे बेहद प्रसन्न थे। शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, व प्रिया मौर्या ने सभी बच्चों से क्रय विक्रय के पश्चात लाभ हानि की जानकारी ली जिसमें कई बच्चों ने काफी मुनाफा कमाया शिक्षिका वंदना वर्मा ने कहा यह बल मेला आपको भविष्य में बिजनेस करने के तरीके की सीख देता है ताकि आप भविष्य में एक अच्छे व्यवसायी बने इस अवसर पर शिक्षिका पूनम रत्नाकर, सरिता यादव, अनीता व स्कूल स्टाफ सरोज, सरस्वती एवं जियालाल सहित 150 बच्चों ने भाग लिया।

## मारपीट के दौरान घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

- सुरक्षा व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात

थाना लोनीकटरा के रामगंज मजरे ककरी गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही घर पर कोहराम मच गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने मुआवजा व आरोपी की गिरफ्तारी न किए जाने तक शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। इस दौरान पुलिस के हाथ पाव फूल गए। घटना की सूचना पाकर एस डी एम मो शम्स तबरेज खां पुलिस क्षेत्राधिकारी ने परिजनों को समझाकर मामले को शांत कराया जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि गांव निवासी गिरधारी और पड़ोसी विशंभर के बीच सहन की जमीन को लेकर वर्षो पुराना विवाद चल रहा है। पीड़ित परिजन के मुताबिक यह विवाद कई बार थाने तक भी पहुंचा। बुधवार दोपहर गिरधारी दीवार बनवा रहे थे। इसे लेकर विशंभर के पक्ष ने विरोध किया तो दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। बताते है कि विशंभर व उसके परिवार के महेश सहित कई लोगों ने गिरधारी व इनके भाई शत्रोहन पर हमला बोल दिया। जिसमें इन दोनों के अलावा शत्रोहन की पत्नी तुलसा, सचिन, रामावती भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया। जहां से गम्भीर घायल शत्रोहन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में देर रात शत्रोहन की मौत हो गई। इधर सुरक्षा व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए हैदरगढ़, सुबेहा , लोनीकटरा, सहित कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार की देर शाम युवक का शव गांव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने आर्थिक सहायता व आरोपी की गिरफ्तारी न होने तक अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे विधायक दिनेश रावत, एस डी एम मोहम्मद शम्स तबरेज खां, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामसनेही घाट ने परिजनों को आश्वाशन दिया कि घटना में शामिल नौ लोग पुलिस हिरासत में है दो की तलाश जारी है जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। परिजनो को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। जिसके बाद परिजनो का गुस्सा शांत हुआ और शव का अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह करने पर राजी हो गए।

## युवा निर्धारित तिथियों में पहुंचकर अपना वोटर कार्ड बनवाएं : डीएम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में दयानन्द वैदिक कॉलेज उरई में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी ने छात्र व छात्राओं से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर से जनपद में संचालित है। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत निर्धारित तिथियां हैं जहां पर पहुंचकर अपना वोटर कार्ड आसानी से बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर 2024 तक मतदाता सूची से संबंधित गतिविधियां की जाएंगी।

## भाजपा के दो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के निधन पर शोकसभा आयोजित



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के बीते दिनों दो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के निधन पर सिरौली गौसपुर लोक निर्माण अतिथि गृह सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कार्यकर्ताओं के साथ दो मिनट का मौन रख कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बुधवार को समर सिंह विनोद, व बीते दिनों करौरा के भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता मलखान चौहान का निधन हो गया। गुरुवार को सिरौलीगौसपुर डाक बंगला में शोक सभा का आयोजन किया गया।पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लॉक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के सनावा निवासी समरजीत सिंह विनाद व करौरा निवासी मलखान चौहान यह दोनों लोग पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता थे।इनका जाना पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। श्रदांजलि सभा मे मण्डल अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय, नीरज वर्मा,अमित भैया रामजी, रविंद्र अवस्थी प्रधान दयाशंकर शुक्ल,स्वतंत्र सिंह ,प्रहलाद कुमार विमल,सोनू सिंह ,रामपाल वर्मा,मुकेश यादव, उमेश निगम, विजय अवस्थी, सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक करोड़ की लागत से इंदिरा स्टेडियम के तरणताल का होगा सौंदर्यीकरण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जल शक्ति मंत्री ने इंदिरा स्टेडियम स्थित तरणताल के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने है। इस दिशा में कार्य की शुरुआत के लिए मंत्री के प्रतिनिधि, अरविंद सिंह चौहान व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इंदिरा स्टेडियम का दौरा किया और मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य कल से ही शुरू कर दिया जाए ।तरणताल के सौंदर्यीकरण के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण सुधार किए जाएंगे, जिनमें पाथवे, शौचालय, तरणताल के ऊपर शेड, टाइल्स का नवीनीकरण, बाउंड्री वाल, रैनोबेट रंगाई और पुताई आदि कार्य शामिल हैं। यह सुधार न केवल तरणताल की सौंदर्यवृद्धि करेंगे, बल्कि इसे और अधिक सुविधाजनक और आकर्षक भी बनाएंगे। जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद तरणताल का उपयोग स्थानीय लोगों के लिए और अधिक सुखद तथा आरामदायक होगा। इसके अलावा, तरणताल के आसपास के क्षेत्र में भी स्वच्छता और सुरक्षा के मानकों में सुधार आएगा।
जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है। यह सौंदर्यीकरण योजना जनपद के निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और जिले की खेल व जल क्रीड़ा के प्रोत्साहन के उद्देश्य से की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, क्रीड़ा अधिकारी, कार्यदाई संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाल दिवस पर पुरस्कार पाकर खिले छात्रों के चेहरे

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



आज पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल इटावा में बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने विभिन्न रूपों में अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने अपने रचनात्मक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों ने महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, रानी लक्ष्मीबाई और अन्य ऐतिहासिक पात्रों के रूप में प्रस्तुत होकर सबका दिल जीत लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के के डी सी महाविद्यालय इटावा के प्राचार्य, डॉ. महेंद्र सिंह ने बाल दिवस पर अपने विचार रखते हुए कहा कि बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को मंच प्रदान करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, और उनमें नैतिकता, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का विकास करना हम सभी का कर्तव्य है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं और उनके अंदर नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की भावना उत्पन्न करती हैं। प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों की भी प्रशंसा की, जिन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन कर उन्हें इस प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। अप्रैल से अब तक विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और सभी ने इस दिन को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया।

## नेत्र चिकित्सा शिविर का लोगों ने उठाया लाभ

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एसके शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन एवं प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय के कुशल नेतृत्व में आई चिकित्सा शिविर का आयोजन राज आई हॉस्पिटल के सहयोग से हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक महाप्रबन्धक मानव संशाधन एवं प्रशाशन दशरथ मिश्र रहे और विशिस्ट अतिथि डिस्पैच हेड अतुल पाण्डेय, प्रबन्धक पर्यावरण दुर्गेश मणि त्रिपाठी एवं राज आई हॉस्पिटल के प्रतिस्थापक डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तवा रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक प्रबन्धक प्रशाशन अखिलेश कुमार शुक्ल ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 101 लोगो के आँखों का परीक्षण हुआ और जांच के अनुसार चश्मा एवं दवा वितरित किये गए। नेत्र शिविर का संचालन डॉ. कमलेश सिंह, ने किया। नेत्र शिविर में आने वाले रोगियों के लिए समुचित व्यवस्था सहायक प्रबंधक प्रशासन अखिलेश शुक्ल, शब्बीर अहमद ने किया। दशरथ मिश्र ने बताया की बिजनेस हेड के नेतृत्व में प्रत्येक माह चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया जाता है और शिविर का अधिकतम लाभ श्रमिकों को मिले इसके लिए पूरी आईजीएल परिवार समर्पित रहता है। अखिलेश कुमार शुक्ल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। शिविर में राज आई हॉस्पिटल के मैनेजर डी डी द्विवेदी, नवाज खान, अरुण कुमार साहनी, अंकित दुबे, शमशाद अन्सारी उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र सनी उर्फ रोहित को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**संजय कुमार वर्मा पुत्र सूरत लाल**
**ग्राम लदई का पुरवा मजरे ख्वाजापुर**
**थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी**

## आईटीएम गीडा की दो छात्राओं ने मिलकर बनाया सेफ्टी डोर बेल

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



चिल्डर्न डे पर गोरखपुर आईटीएम गीडा की दो छात्रा शाम्भवी मिश्रा, तान्या प्रजापती, ने बच्चों के लिए एक ख़ास डोर बेल तैयार किया हैं। ये डोर बेल दरवाज़े पर लगे बटन को दबाने सें नहीं बल्कि छोटे बच्चे के दरबाजें के नजदीक आने से बजता हैं। एक आंकड़े के मुताबिख प्रति वर्ष भारत में 60 हजार बच्चें लापता होते है मतलब पांच वर्षो में इनका अकड़ा लगभग 3 लाख बच्चें लापता होते हैं इनमे छोटे बच्चों की संख्या अधिक है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुवें आईटीएम गिड़ा बीटेक डेटा साइन्स सैकेंड की दो छात्राओं ने मिलकर बच्चों की सुरक्षा के लिए बहुत कम खर्च में ऐसा इनोवेटिव प्रोजेक्ट तैयार किया है जिसके जरिये छोटे बच्चों पर ध्यान देने में उनके माता पिता को आसानी होंगी। कई बार छोटे बच्चें घर मे खेलते - खेलते घर से बाहर निकल जाते है इसकी जानकारी जब उनके माता पिता को होती है तब तक देर हो चुका होता है। अगर आप का छोटा बच्चा जैसे ही घर के गेट के पास पहुंचे और घर के अंदर अलार्म के माध्यम से आप को पता हो जाएं तो आप शतर्क हो जायेंगे और अपने बच्चों को गेट से बाहर जाने से रोक सकतें है। ये डिवाइस एक अलार्म का काम करेगा ये चिप बहुत हीं छोटा हैं। इसे बच्चों के कपड़े या जूतों मोज़े में आसानी सें लगाया जा सकता हैं।

छात्रा ने बताया इसे बनाने में हमें 5 दिनों का समय और 200 रूपये का खर्च आया हैं। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा लगातार बच्चों के गुमशुदा होने की ख़बरें अख़बार व सोशल मिडिया पर देखने को मिल जाती हैं। ऐसे में बच्चों की गुमशुदगी एक गंभीर समय हैं। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुवें हमारे छात्रों छोटे बच्चों के लिए एक ऐसी सिंपल चिप तैयार की हैं जो बच्चों को घर सें बाहर निकलने पर उनके माता पिता को अलार्म के माध्यम सें सुचना देता हैं। जिससे बच्चे गल्ती सें घर से बाहर नहीं निकल पाएंगे इस चिप सें घर के अंदर छोटे बच्चों पर नजर रखने में आसानी होंगी। छात्रा ने बताया इसे बनाने में स्मॉल जूता, रेडिओं चिप, 3 वोल्ट बटन बैटरी, एलईडी लाईट, रेडिओं रिसीवर, इत्यादि का प्रयोग किया गया है।

## प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुआ बाल मेला

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय लोधपुरवा में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले महिला अभिभावकों का प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ ने स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान अनेक तहर की प्रतियोगिताएं कराई गई। प्रधानाध्यापक आरिफ ने अभिभावकों को संबोधित कर बताया कि बच्चों का 3 से 6 वर्ष का समय कितना महत्वपूर्ण होता है इसी समय में बच्चे के मस्तिष्क का लगभग संपूर्ण विकास होता है। विजेता छात्र–छात्राओं व अभिभावकों को पुरस्कार वितरण कर मेले का समापन किया गया।

## कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः-887/न0पं0नवाबगंज/ई0नि0सू0/2024-25 दिनांक 14/11/2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत नवाबगंज फर्रुखाबाद को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 05 टी0पी0डी0 वेस्ट प्रोसेसिंग निर्माण कार्य को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है, ई-निविदा नगर पंचायत नवाबगंज में वित्तीय वर्ष 2024-25 में समस्त ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई-टेण्डर की बेवसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 16/11/2024 को प्रातः 10:00 बजे से आमंत्रित की जाती है। बिना किसी कारण बताये किसी भी निविदा/समस्त निविदायें को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड का विवरण निम्न प्रकार है- विस्तृत शर्ते विवरण एवं निविदा प्रपत्र की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | 887/न0पं0नवा0/2024-25 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bid | 16.11.2024 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bid | 28.11.2024 05:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bid | 29.11.2024 02:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Nagar Panchayat Nawabganj Farrukhabad. |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत नवाबगंज**
**फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत नवाबगंज,**
**फर्रुखाबाद।**

# साईं मीर कॉलेज आफ फार्मेसी में हुई प्रतियोगिताएं

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

साईं मीर कॉलेज आफ फार्मेसी में बाल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

बाल दिवस पर साईं मीर कॉलेज आफ फार्मेसी मैं कैरम प्रतियोगिता बैडमिंटन प्रतियोगिता क्रिकेट प्रतियोगिता म्यूजियम चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विजय छात्र-छात्राओं को संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र डायरेक्टर डॉक्टर अनीता रंजन प्रधानाचार्य अर्पित कटिहार विजय छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया इस अवसर पर संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं रश्मि



**छात्र-छात्राओं को संस्था के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र डायरेक्टर डॉक्टर अनीता रंजन व प्रधानाचार्य अर्पित कटिहार ने विजय छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत**

सिंह खुशबू वर्मा उमस नारायण अरुण कुमार रोली शाक्य शर्मिला मौर्य सिमरन आर्य देवेंद्र कुमार शिवकांत सुजाता शाक्य दीपा राजपूत अलशिफा सिद्दीकी दीपक प्रजापति रजत शाक्य आदित्य शर्मा नैंसी शालिनी श्रीवास्तव पारुल त्रिपाठी काजल त्रिपाठी विकास पाल रेहान अंसारी आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला व पुरुष की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।**।इस वर्ष के पहले दिन कोहरा होने के कारण रॉन्ग साइड चल रहे बाइक सवार को पड़ा भारी हादसा का कारण तेज कोहरा भी हो सकता है क्यू की रॉन्ग साइड एक्सीडेंट हुआ अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला और पुरुष की हुई मौत शवो के ऊपर से निकलते रहे कई वाहन जैसे ही स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को हुई जानकारी दी गई मौके पर मंडी चौकी प्रभारी प्रभारी निरीक्षक में पुलिस बल के घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस ने दोनों शवो को अपने कब्जे में लेकर सौ सैयां अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया शवो की शिनाख्त के लिए पुलिस कर रही प्रयास मामला छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के निगम मंडी के पास स्थित एक गेस्ट हाउस के पास हुआ हादसा। समाचार लिखे जाने तक शवो की शिनाख्त नहीं हो सकी।

# एडीजी ने मेहंदीघाट की सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन तथा उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह तथा उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र जोगेन्द्र कुमार ने कार्तिक पूर्णिमा मेले के अवसर पर मेंहदीघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा संबंधी सभी तैयारियों का जायजा लिया तथा सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था,कंट्रोल रूम, पार्किंग और रूट डायवर्सन की समीक्षा की गई। गोताखोरों की उपयुक्त तैनाती सुनिश्चित की गई। अपर पुलिस महानिदेशक एवं उपमहानिरीक्षक ने सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) कुलवीर सिंह सहित अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।



मेंहदीघाट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते अपर पुलिस महानिदेशक व उपमहानिरीक्षक

# बाल दिवस पर याद किए गए पं. जवाहर लाल नेहरू

**प्राचार्य ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

बाल दिवस के अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को यादकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

गुरुवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद सभी शिक्षकों ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। इस मौके पर प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय ने चाचा नेहरू पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुलामी से निजात मिलने के बाद देश एक नई चुनौती का सामना कर रहा था। उस समय अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए चाचा नेहरू ने देश को एक नई दिशा दी। प्राचार्य ने सभी छात्र- छात्राओं को बाल दिवस के अवसर पर चॉकलेट वितरित की। इस दौरान उप प्राचार्य फिरोज अहमद, एसके सिंह, बृजमंगल, देवेंद्र सिंह कनौजिया, संजय यादव, सुषमा पाल, अरुण यादव, प्रीती यादव सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।



छात्र को चॉकलेट प्रदान करते प्राचार्य एसके पांडेय

# निशान यात्रा के लिए स्वयंसेवकों को सौंपी जिम्मेदारी

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में हुई श्री खाटू श्याम सेवा समिति, राष्ट्रीय सनातन संघ, मां नव दुर्गा सेवा समिति, भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) एवं बालाजी सेवा समिति की संयुक्त बैठक में स्वयंसेवकों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

इस अवसर पर श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा सभी स्वयंसेवक सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर पर 17 नवंबर शुक्रवार को सुबह 8 बजे तक पहुंच जाएं और वहां लगे शिविरों में श्याम भक्तों से टोकन लेकर निशान वितरण का कार्य करें। मंदिर में पूजन के बाद 6100 निशान फहराते भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा में लोकल ढोल, तिरंगा फहराते युवक, जेसीबी जिस पर सनातन धर्म का फ्लेक्स लगा होगा।

इसके पीछे देशभक्ति के गाने बजाती डीजे, 15 फीट का निशान फहराते युवक, दिल्ली की महाकाल टीम, गणेश जी, डीजे, श्याम बाबा की ज्योति जिसके दोनों तरफ 6 दान पात्र और बाबा की बड़ी फोटो होगी। तत्पश्चात श्याम बाबा का रथ होगा। इसके पीछे डीजे फिर रस्सी की बेरीकेटिंग के अंदर 1000 महिलाएं और उनकी सुरक्षा के लिए 5 महिला बाउंसर, इसी क्रम में एक एक हजार महिलाएं निशान फहराते चलेंगी। इनके पीछे माता रानी का रथ, बैंड, हनुमान जी की झांकी, डीजे और फिर युवक निशान फहराते चलेंगे। मास्टर बैंड, शंकर भगवान की झांकी और सबसे अंत में डीजे होगा। उन्होंने कहा सभी स्वयंसेवक पूरी यात्रा में धैर्य बनाए रखें। इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी, राष्ट्रीय सनातन संघ के जिलाध्यक्ष रिंकू पांडेय, श्री बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी, मां दुर्गा सेवा समिति के महामंत्री संदीप दुबे ने भी विचार व्यक्त किए।

इस दौरान रामदत्त गुप्ता, अनुज कुमार शर्मा छोटू, नेहा गुप्ता, पिंकी पांडेय, विनय शर्मा सेठ, मोनू मिश्रा, छोटे मिश्रा, बिट्टू यादव, अन्नू बाबा, विमलेश गुप्ता, विकास, ऋषभ, प्रियांशु, आयुष, सुमित, शालू, राज, विनोद गुप्ता व रामू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।



यात्रा में व्यवस्थाओं की जानकारी देते अध्यक्ष विवेक गुप्ता

## चिकित्सक की मौत से चिकित्सा क्षेत्र में हुई क्षति

**गुरसहायगंज, कन्नौज।**। उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक व नगर के विरिष्ठ चिकित्सक का बीते कई दिनों से दिल्ली के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। बुधवार की रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो जाने की खबर से जहां परिवार में चीख पुकार मच गई। तो वही नगर में शोक व्याप्त हो गया। उप्र व्यापार मंडल के संरक्षक व सेवा हॉस्पिटल के संचालक चिकित्सक मनीष सिंह का शव गुरुवार की सुबह नगर स्थित आवास पर आया तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। जबकि शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। चिकित्सक के शिक्षक भाई आशीष सिंह ने बताया कि उनका किडनी व लीवर का उपचार चल रहा था। 22 अक्टूबर को उनके लीवर का ट्रांसप्लांट किया गया था। बुधवार की देर रात उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

# स्कूली छात्रों को एमआरएफ सेन्टर का कराया गया भ्रमण

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर बाल दिवस पर राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्रों को टाउन कर्मचारियों ने एमआर एफ सेन्टर पर भ्रमण कराकर उनको भारत स्वच्छता मिशन के तहत जानकारी से अवगत कराया गया। समधन नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर टाउन कर्मचारियों ने गुरुवार को राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्रों को बाल दिवस पर नगर में बने एम आर एफ सेन्टर का भ्रमण कराकर उन्हें भारत स्वच्छता मिशन के तहत टाउन कर्मचारी दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पंचायत में सफ़ाई कर्मचारियों की ओर से एकत्रित किया गया कूड़े कचरे को सूखा व गीला अलग- अलग सेन्टर पर लाकर उसका शोधन किया जायेगा। आगे उन्होंने छात्रों को साफ- सफाई व स्वच्छता पर बल देते हुऐ कहा कि न खुद अपने घर के आसपास गन्दगी फैलाये न दूसरों को फैलाने दे तभी सरकार का स्वच्छता मिशन अभियान सफल हो पायेगा इस अभियान में सभी को बढ़ चढ़कर अपनी अहम भूमिका निभानी होगी।



# धूमधाम से मनाया पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

बाल दिवस मनाने का मकसद बच्चों की खुशियां, उनके अधिकारों और उनके उज्जवल भविष्य के लिए जागरूकता फैलाना है। पंडित जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं, बच्चों को अच्छी शिक्षा और स्वस्थ जीवन दिए जाने की जरूरत है। उन्हें बच्चों से बहुत लगाव था। यह बात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लवी ने कही। गुरुवार को गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में बाल दिवस का आयोजन हुआ। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लवी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके बाद समस्त शिक्षकों और राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने अपने- अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा संजना ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ष 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनायी जाती हैं। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार, मोरपाल सिंह, सचिन, दिलदार सिंह, मोहिनी शर्मा, कौशिकी सहित सौम्या, कोमल, प्रिया पाल, ज्योति, प्रभाती, अनुष्का, मुश्कान, रागिनी, प्रशांत, शिवम सहित आदि छात्र- छात्रा रहे।

**समस्त शिक्षकों ने चाचा नेहरू के चित्र पर किया पुष्प अर्पित**

**बाल दिवस विद्यालय में लगा बाल मेला, बच्चों ने लिया आंनद**

पंडित वृंदावन मेमोरियल विद्यालय पाण्डेयपुरवा में जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन विद्यालय के संस्थापक राम मोहन पांडेय ने फीता काटकर किया। संस्थापक और प्रधानाचार्य पंकज कुमार पांडे ने पं. जवाहर लाल नेहरू का माल्यार्पण कर याद किया। बाल मेले में विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गईं। छात्र- छात्राओं द्वारा बाल मेले में खरीदारी कर मेले का आनंद लिया।



## बाल दिवस पर बच्चों को बांटे गये टूथपेस्ट, दी सलाह

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** बाल दिवस के अवसर पर डॉ वरुणसिंह कटियार (चिकित्साधिकारी, मुख एवं दंत सर्जन) द्वारा सदर ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय नाहरघाटी उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को मंजन वितरित कर उन्हें मुख स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सलाह दी गई। एवं मंजन करने की सही विधि के बारे में अवगत कराया गया। विद्यालय प्रधानाध्यापिका मंजू देवी, सहायक अध्यापिका सुनिधि सचान द्वारा सहयोग और बच्चों को बाल दिवस मनाए जाने के बारे में अवगत कराया गया। चिकित्साधिकारी डॉ वरुण सिंह कटियार द्वारा विगत 12 वर्षों से लगातार ग्रामीण बच्चों को बाल दिवस के अवसर पर मंजन का वितरण और निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन कर मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# 1248 प्रतिभागी करेंगे वैजयंती ट्रॉफी के लिये आयोजन

**संकल्प शारीरिक खेल प्रतियोगिताओं का 15 नवंबर से होगा शुभारंभ**

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका छिबरामऊ के स्थापना उत्सव में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिये 34 विद्यालयों के 1248 छात्र छात्राओं ने चल वैजयंती ट्रॉफी के लिए कमर कस ली है। गुरुवार को देर शाम तक सफाई लिपिक अमरदीप की देख देख में नगर पालिका के सुपरवाइजर कैलाश चंद्र, सुभाष, सूरज, महेश, सलाउद्दीन, सूरज, राजेंद्र, प्रभु दयाल की शारीरिक खेलों के लिए मैदान को लेबल कराया। अलग अलग टुकड़ी बनाकर जहां एक तरफ सफाई की गई वहीं दूसरी तरफ बुलडोजर से जमीन को लेवल किया गया। देर रात तक रेफरी और पीटीआई की देख देख में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो, ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक और 100, 400 एवं 1200 मीटर की दौड़ के लिये ट्रैक बनवाने का काम जारी था। चेयरमैन मनोज दुबे ने बताया कि उपजिलाधिकारी उमाकांत एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी खेल उत्सव की शुरुआत करेंगे। ओपनिंग परेड के साथ, चल वैजयंती ट्रॉफी को ग्राउंड में भ्रमण कराके सलामी दी जायेगी। हीरालाल कॉलेज खेल मैदान और बटेश्वर दयाल महाविद्यालय के मैदान में होने वाली प्रतियोगिताओं के पहले दिन कबड्डी, खो खो, ऊंची कूद, लंबी कूद की प्रतियोगिताये होंगी।



# सदस्यता अभियान से संगठन को मिल रही है मजबूती

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आम आदमी पार्टी की मजबूती और विस्तार के लिए गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। आगामी चुनावों के लिए पार्टी जमीनी स्तर पर तैयारी कर रही है। बूथ स्तर पर पार्टी के पदाधिकारी हो इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पार्टी की नीतियों और उददेश्यों से प्रभावित होकर भारी संख्या में लोग जुड़ रहे है। यह बात आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. चन्द्रकांत यादव ने कही।

गुरुवार को ग्राम सराय दौलत में जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रकांत यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पंजाब और दिल्ली में आम आदमी की सरकार चल रही है। आम आदमी पार्टी ने जनता से किए गए वादों को पूरा किया है। जिसका प्रभाव अब उत्तर प्रदेश में भी दिखने लगा है। दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर अब यूपी में भी आम आदमी पार्टी अपना परचम लहरा रही है। बड़ी संख्या में लोग संगठन से जुड़ रहे है। जिससे संगठन को मजबूती मिल रही है। इस दौरान स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बाल दिवस पर बच्चों ने मनाया उत्सव, दिखाई प्रतिभा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सरकार सहित गैर सरकारी संगठन बच्चों के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हालांकि सरकार ने बच्चों के लिए मिडडे मील, मुफ्त शिक्षा और छात्रवृत्ति जैसी कई योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। आजादी के बाद भी बच्चे बाल मजदूरी और शोषण का शिकार हैं। तो कई बच्चों को ठीक से भोजन नहीं मिल पाता है।

यह बात प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। गुरूवार को जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन प्रधानाचार्य ने बच्चों के साथ केक काटकर मनाया।

**बाल दिवस के रूप में मना नेहरू का जन्मदिन, लगाये गये स्टॉल**

विद्यालय परिसर में बच्चों ने बाल मेला में रंग बिरंगे आकर्षक स्टॉल लगाकर वस्तुओं की बिक्री की। जिसमें पानीपुरी, भेलपुरी, फिंगर, स्नैक्स, टी स्टॉल सहित वस्तुओं को शिक्षकों व अभिभावकों ने खरीदा। बाल मेला में बच्चों ने झूला का आनंद उठाया।

इस दौरान वीरेन्द्र सिंह, विकास कुमार, सरनाम सिंह, ओमेन्द्र सिंह, मनीष कुमार शर्मा, अमन यादव, अनिल कुमार, उरूज आलम, रंजीत कुमार, फूल मोहम्मद, यशेन्द्र सिंह, मो. हलीम, स्वाति दुबे, अल्का दुबे, आरती राजपूत, नाजरीन बानो, रागिनी, संजू यादव, मुस्कान इदरीसी, प्रेमा राजपूत, संध्या यादव, मनाली वर्मा, खुशी, लक्ष्मी शर्मा, शिवानी दुबे, अंकिता शर्मा, दीपिका तिवारी, सीमा राजपूत, सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। इसी प्रकार ब्लाक गुगरापुर के ग्राम मोहनपुर रतनपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पण्डित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। छात्र छात्राओं ने बाल मेला में विभिन्न स्टॉल लगाए। बाल वैज्ञानिक, डॉ. झटका, पीवी सिंधु खेल स्टोर, मोहनपुर के पानी बतासे, मीठी मिष्ठान भंडार, चाय वाला, हरियाली बाजार, हेल्पलाइन डेस्क आदि स्टॉल लगाए गए। खेल कूद आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## किराने की दुकान का ताला तोड़कर सामान किया पार

**तिर्वा।** इंदरगढ़ कस्बे में कॉपरेटिव बैंक के निकट स्थित एक किराने की दुकान का बुधवार की रात अज्ञात चोरो ने ताला तोड़ दिया। चोरो ने दुकान में रखा करीब 20 हजार रूपए का सामान चोरी कर लिया। मामले में पीड़ित ने इंदरगढ़ थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। इंदरगढ़ निवासी लालन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कॉपरेटिव बैंक के निकट वह किराने की दुकान किए है। प्रतिदिन की तरह बुधवार की रात भी दुकान बंद करके घर चला गया था। तभी देर रात अज्ञात चोरो ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर करीब 20 हजार रूपए का सामान पार कर दिया। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बच्चें देश का भविष्य, जिम्मेदारी से करें निर्वहन: प्रधानाचार्य

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

आज सरकार और कई गैर सरकारी संगठन बच्चों के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं। हालांकि सरकार ने बच्चों के लिए मिडडे मील, मुफ्त शिक्षा और छात्रवृत्ति जैसी कई योजनाएँ शुरू की हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। आजादी के इतने सालों के बाद भी कई बच्चे बाल मजदूरी और शोषण का शिकार हैं। कई बच्चों को ठीक से भोजन नहीं मिल पाता है। हमें चाहिए कि अपने आसपास गांव क्षेत्र के ऐसे गरीब बच्चों की हर संभव मदद करे

यह बात प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। गुरूवार को जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें पानीपूरी, भेलपुरी, फिंगर, स्नैक्स, टी स्टॉल सहित कई अन्य प्रकार की वस्तुओं के स्टॉल लगाकर आकर्षण का केन्द्र रहे। इसके अलावा कई बच्चों ने प्रधानाचार्य से अपनी स्टॉल का फीता काटकर उद्घाटन भी कराया। बाल मेले के दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने झूले का जमकर आनंद उठाया। इस दौरान उन्होंने नेहरू जी का याद करते हुए कहा कि उनके जन्मदिन पर हम न केवल उन्हें याद करते हैं बल्कि बच्चों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा करते हैं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी बच्चों को उनके अधिकार मिलें और उनके लिए चलायी जा रही योजनाओं का लाभ मिले। पं0 जवाहर लाल नेहरू का कहना था कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं और वह बगीचे में खिले ऐसे फूल होते हैं जिनका हमें ध्यान रखना चाहिए और उन्हें प्यार देना चाहिए। क्योंकि वही हमारे देश को आगे ले जायेंगे। मौके पर वीरेन्द्र सिंह, विकास कुमार, सरनाम सिंह, ओमेन्द्र सिंह, मनीष कुमार शर्मा, अमन यादव, अनिल कुमार, उरूज आलम, रंजीत कुमार, फूल मोहम्मद, यशेन्द्र सिंह, मो0 हलीम, स्वाति दुबे,श्रीमती अल्का दुबे, आरती राजपूत, नाजरीन बानो, रागिनी, संजू यादव, मुस्कान इदरीसी, प्रेमा राजपूत, संध्या यादव, मनाली वर्मा, खुशी, लक्ष्मी शर्मा, शिवानी दुबे, अंकिता शर्मा, दीपिका तिवारी, सीमा राजपूत, सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।




## नलकूप का फाल्ट सुधारने गया संविदा लाइनमैन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नलकूप की लाइन ठीक करने गया संविदा लाइनमैन करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे प्राथमिक उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

गुरुवार को भूड़ा सराय प्रयाग फीडर पर तैनात ग्राम बबरापुर निवासी संविदा लाइनमैन स्वदेश कुमार पुत्र रघुवर दयाल ग्राम भूड़ा स्थित नलकूप पर फाल्ट सही करने गया था। दोपहर लगभग 01.45 बजे उसने एसएचओ योगेंद्र सिंह से शट डाउन लिया और बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा। तार को पकड़ते ही वह करंट की चपेट में आ गया और ट्रांसफार्मर पर आकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत चिंताजनक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

# गुमशुदा बच्चे को सकुशल किया बरामद

**बच्चें को बरामद कर पुलिस ने परिजनों को किया सुपुर्द**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ऑपरेशन मुस्कान

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक आलोक दुबे के नेतृत्व में थाना गुरसहायगंज पुलिस द्वारा मात्र 03 घण्टे के अन्दर 06 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को ऑपरेशन मुस्कान के तहत सकुशल बरामद कर परिजनो को सुपुर्द किया। गुरसहायगंज के मोहल्ला आजाद नगर निवासी पूजा पत्नी आशीष कुमार दोहरे ने थाना गुरसहायगंज पर सूचना दी। कि उसका 06 वर्षीय पुत्र आशू अचानक घर से कही चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं हो पा रही है। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा बच्चे की बरामदगी हेतु ऑपरेशन मुस्कान के तहत टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा अथक प्रयास कर मात्र 03 घण्टे के अन्दर 06 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को ऑपरेशन मुस्कान के तहत सकुशल बरामद कर परिजनो को सुपुर्द किया। बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस कि प्रशंसा की।



परिजनों की सुपुर्द में बच्चा व मौजूद पुलिस

# गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए महिला बीएसएफ की टीम ने किया जागरुक

- डीएम-एसपी ने महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर
- बोले सभी बेटियां आगे बढ़कर सामाजिक कार्य में दें अपना सहयोग



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारीगण, शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पतित पावनी मां गंगा के घाट पर गंगा संरक्षण हेतु बीएसएफ के 60 लोगों की टीम विशेषकर 20 महिला कर्मियों की टीम नौकायन के द्वारा कायमगंज से पांचाल घाट पर मां गंगा के संरक्षण हेतु नारे लगाते हुए पहुंची। महिला सशक्तिकरण एवं मां गंगा की स्वच्छता हेतु जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन गंगा घाट पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी उपस्थित रहे। बीएसएफ की टीम के द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला गंगा समिति के द्वारा बीएसएफ की महिला टीम का सम्मान जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज, एनएकेपी इंटर कॉलेज, एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों के लोगों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है। गंगा की स्वच्छता हेतु प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि सभी बेटियों को आगे बढ़कर काम करना चाहिए एवं सामाजिक कार्य में भी अपना सहयोग देना चाहिए। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि गंगा हमारी राष्ट्रीय नदी है। प्रत्येक मनुष्य को अपने स्तर से गंगा नदी को स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए। गंगा में किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं करना चाहिए।

बीएसएफ टीम के कमांडर मनोज सुंद्रयाल ने महिला गंगा नदी राफ्टिंग अभियान कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह यात्रा गंगोत्री से प्रारंभ होकर गंगासागर तक जाएगी। जिसमें मुख्य रूप से उन जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जहां से गंगा नदी होकर बहती है। जिसके अंतर्गत फर्रुखाबाद जनपद में भी 2 दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिप्टी कमांडेड दिनेश सिंह ने भी कार्यक्रम के बारे में बताकर गंगा संरक्षण के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा रिवर राफ्टिंग टीम को फ्लैग ऑफ करके कन्नौज के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर नमामि गंगे की टीम एवं अन्य विद्यालयों की छात्राओं के द्वारा गंगा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में प्रभागीय निदेशक प्रत्यूष कुमार कटियार, अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, सिटी मजिस्ट्रेट संजय सिंह, उप जिलाधिकारी रजनीकांत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवनीन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल, बेसिक शिक्षा अधिकारी, एमआईसी स्कूल के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर एवं अन्य अधिकारी, ग्राम प्रधान, विभिन्न विद्यालय के अध्यापक एवं अन्य लोगों उपस्थित रहे।

# सरकार की दमनकारी नीति के विरोध में ठेकेदारों ने आगामी निविदाओं का किया बहिष्कार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद ठेकेदार कल्याण समिति ने अधीक्षण अभियंता कन्नौज-फर्रुखाबाद वृत्त लो.नि.वि. कन्नौज को प्रदेश सरकार की दमनकारी नीति के विरोध में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी निविदाओं के बहिष्कार व मुख्यालय घेराव के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में ठेकेदारों ने कहा कि प्रांतीय खण्ड लो.नि.वि. फतेहगढ़ के परिसर में ठेकेदारों द्वारा सरकार की दमनकारी नीति के विरोध में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी निविदाओं का बहिष्कार किया जा रहा है। ठेकेदारों ने कहा कि मार्गों की क्रस्ट 27.5 एम.एम. से कम है। उनको पांच वर्षीय अनुरक्षण से हटाया जाये, निविदाओं की दिनांक 15.11.2024 की गयी है। उनकी दिनांक बढ़ाकर



अधीक्षण अभियंता लो0नि0वि0 को ज्ञापन सौंपते ठेकेदार

27.11.2024 तक की जाये। जिससे समस्त ठेकेदार मार्गों की क्रस्ट चेक करा लें। पांच वर्षीय अनुरक्षण की दरें नवनिर्माण अथवा पी.एम.जी.एस.वाई. की दरों के समान किया जाये। जब तक एस.ओ.पी. का शासनदेश जारी न हो जाये तब तक के लिए निविदाओं की तिथि बढ़ा दी जाये, एम.ए. 11 संबंधित 6 गुना अर्थदण्ड लगाया जा रहा है। जिसमें ठेकेदारों को भारी नुकसान हो रहा है, आदि मांगें शामिल हैं। इस मौके पर गणेश प्रसाद, गौरव कुमार चौरसिया, संजय यादव, विवेक यादव, ऋषिदत्त शर्मा, बलवान, विनय आदि ठेकेदार मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत



मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भतीजे के साथ तरीख करने आ रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भतीजे के साथ फतेहगढ़ कचहरी में तारीख पर जा रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद एटा थाना नयागांव के गांव सिमरा निवासी 80 वर्षीय वृद्ध जदुनाथ सिंह राजपूत गुरुवार को अपने भतीजे ओमवीर पुत्र बाबू सिंह के साथ बस से फतेहगढ़ कचहरी के लिए आ रहा था। नेकपुर पुल पर वह बस से उतरकर लघुशंका करने लगा। उसी समय पीछे से किसी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना ओमवीर ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पत्नी लीलावती, बेटी अमृत देवी, माधुरी, अरुण, रामसनेही, हरेंद्र आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# विधायक ने फीता काटकर किया कौमुदी महोत्सव का शुभारंभ

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को भदंत विजय सोम इण्टर कालेज संकिसा के प्रांगण में कौमुदी महोत्सव 57 वां भगवान बुद्ध स्वर्गावतरण समारोह का अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने फीता काटकर शुभारंभ किया वहीं उन्होंने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष अगरबत्ती मोमबत्ती प्रज्वलित की मौजूद भिक्षुगणों ने सामूहिक बुद्ध वंदना कराई।

विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि आज के दिन भगवान बुद्ध संकिसा में आए थे। उन्होंने बौद्ध धार्मिक आयोजनों की शुरुआत की। उन्होंने सबसे पहले भिक्षुगणों को धम्म ज्ञान दिया इसी कारण कार्तिक कौमुदी महोत्सव कार्यक्रम होता है। लगभग 2500 वर्ष पूर्व बुद्ध ने इसी देश की धरती पर जन्म लिया था। वह राजा के पुत्र होने के बावजूद भी राज्य का सुख त्याग कर संसार के भले के लिए उन्होंने लोगों को बौद्ध धर्म दिया और अपने राज्य के सभी सुखों से दूर रहे।





कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक सुशील शाक्य

उन्होंने कहा हमारा उद्धार कैसे होगा इसकी खोज में भगवान बुद्ध निकल गए। उन्होंने बौद्ध धर्म दिया। बुद्ध ने जो मार्ग बताया उस पर हम लोग नहीं चल पा रहे हैं। समाज को पंचशील का संदेश बुद्ध ने दिया। विवाह बुद्ध धर्म से करो क्या इतना ही बुद्ध ने बताया है किसी भी धर्म या रीति रिवाज से करो सब ठीक है केवल ध्यान करने को कहा। पूरे संसार की शक्तियों को समझ लिया। इसके पाश्चात संस्कृति के लोग इसे बिगड़ने में लगे हैं। 1999 में बिंबयान में भगवान बुद्ध की मूर्ति को तोड़ा गया था। क्या यही संस्कृति है। मोहम्मद को मानने वालों ने भगवान बुद्ध की मूर्ति को तोप से तोड़ा था। राजा अशोक ने कलिंग को पराजित किया था। तब उन्होंने देखा की बहुत से निर्दोष लोग मारे गए। उसके बाद उसका मन बदला और भगवान बुद्ध के रास्ते पर आ गए तथा जगह-जगह बौद्ध शिलालेख लगवाए। हर राजा का राज्य बदलता। राज्य सत्ता तथा संस्कृति सत्ता दोनों अलग-अलग हैं। सामाजिक संस्कार केवल गेरुआ वस्त्रधारियों ने दिया। चाहे वह किसी भी धर्म के हो पंचशील का पहला सिद्धांत बौद्ध धर्म को मानने वाला होगा। भाजपा ही केवल देश की संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। बुद्ध ने पहले योजना बनाकर बौद्ध धर्म का प्रचार विश्व में किया। सभी पंचशील के सिद्धांतों को मानें सभी लोग संकिसा महोत्सव में आकर बुद्ध का मार्गदर्शन सुनकर उनके मार्ग पर चलें। संकिसा के विकास में मेरा पूरा योगदान है।

संकिसा दो-तीन साल में विश्व पटल पर आ जाएगा। मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी भी विकसित हो जाएगी तथा पर्यटक आवास गृह का भी सुधार होगा तथा संकिसा से मोहम्मदाबाद मार्ग का भी चौड़ीकरण होगा। इस अवसर पर आयोजक सुनील दत्त. कर्मवीर शाक्य, सत्य प्रकाश शाक्य, भन्ते ज्ञान रतन, भन्ते करमापा, भन्ते गुणदीप आदि उपस्थित रहे।

# केडी बालिका महाविद्यालय में बाल दिवस का हुआ आयोजन



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास लोहियापुर स्थित कृष्णा बालिका महाविद्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बाल दिवस का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बाल सुलभ, चेष्टाओं, क्रियाओं को करके सबको हंसाया। कविता, स्पीच, गाना आदि के माध्यम से बाल दिवस की महत्ता को उजागर किया। बाल सुलभ हठ के ऊपर और बच्चों की निरहलता के ऊपर अश्आर भी सहर द्वारा प्रस्तुत हुए। जैसे मूर्ति सोने की निरर्थक वस्तु है उसके लिए मोम की गुड़िया अगर बच्चे को प्यारी है तो है और मेरे दिल के किसी कोने में मासूम सा एक बच्चा बड़ों की देख के दुनियां, बड़ा होने से डरता है। डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव से बाल दिवस की उपयोगिता, महत्ता, आवश्यकता पर व्याख्यान भी दिया एवं उपस्थित सभी बच्चों ने खूब मनोरंजन भी किया।

## खबरें एक नजर में

### युवती ने फांसी लगाने का किया प्रयास

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव इकलहरा निवासी रेनू उम्र 18 वर्षीय पुत्री श्याम सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में फॉसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहॉ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### एक्सपोजर विजिट पर गये दिव्यांग बच्चों की बस को सीडीओ ने दिखायी हरी झंडी



विजिट के दौरान तीर्थस्थल पर मौजूद बच्चे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** समग्र शिक्षा में समेकित शिक्षा के अंतर्गत 150 दिव्यांग बच्चों का एक्सपोजर विजिट का मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दिव्यांग बच्चों ने तीर्थस्थलों पर जाकर खूब मौज मस्ती की। इस दौरान बच्चों में सेल्फी लेने को लेकर होड़ लग गयी। साथ में गये शिक्षकों ने सभी बच्चों को ऐतिहासिक तीर्थस्थलों की जानकारी दी। नीम करोली धाम में बच्चों ने दर्शन किये। दर्शन करने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ बच्चों को तीर्थस्थलों पर घूमना फिरना भी चाहिए। जिससे वह अपने जनपद के ऐतिहासिक चीजों के बारे में जान सकें।

### स्कूली बस की टक्कर से पेड़ टूटकर बस पर गिरा, अनहोनी टली





स्कूली बस पर गिरा पेड़

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को कायमगंज के एक प्रतिष्ठित विद्यालय की बस जो छुट्टी के बाद बच्चों को छोड़ने के लिए शमशाबाद गई हुई थी। बताते हैं जिस वक्त बस फैजबाग शमसाबाद मार्ग से गुजर रही थी थाना चौराहे के निकट गुजरते समय अचानक बस एक पेड़ से टकरा गई। परिणामस्वरुप बस की टक्कर से नीम का पेड़ टूट गया और सड़क के ऊपर गिर गया। हालांकि दुर्घटना में आवागमन कर रहे राहगीरों ने भागकर खुद को बचाया, लेकिन सड़क पर नीम का पेड़ गिर जाने के कारण जाम जैसे हालात हो गए। बताते हैं जाम काफी देर तक लगा रहा। थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए स्थानीय लोगों के सहयोग से जैसे तैसे नीम के पेड़ को कटवाकर हटवाया। तब कहीं जाकर आवागमन चालू हो सक। हालांकि इस दुर्घटना में सभी लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन यहां से गुजरने वाले लोगों को जाम जैसे हालातो से गुजरना पड़ा। पेड़ के काटने और हटने के बाद ही लोग अपने-अपने वाहनों से गुजर सके।

### एनडीपीएस के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने विमलेश बाथम पुत्र राधेश्याम निवासी इमालपुर मोहम्मदाबाद को एनडीपीएस के मामले में दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जानकारी के अनुसार बीते चार वर्ष पूर्व थाना मऊदरवाजा में तैनात उपनिरीक्षक स्वदेश सिंह ने 25 मई 2020 को मय हमराही अनुज कुमार, सुनील कुमार के साथ रवाना होकर शान्ति व्यवस्था व व वांछित की धरपकड़ हेतु जसमई चौराहे से की एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। हम लोगों को देखकर भागने लगा। संदिग्ध समझकर बल प्रयोग कर भागकर पकड़ लिया। पकड़े हुए युवक ने अपना नाम विमलेश बताया। तलाशी लेने पर नशीला नाजायज पाउडर बराद हुआ था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किया था। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त दिनेश सिंह चौहान की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने विमलेश बाथम को तीन वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# खाकी की दबंगई, गंगा पुत्रों व महिला से की अभद्रता

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना पुलिस द्वारा गंगा पुत्रों व महिला श्रद्धालु से अभद्रता को लेकर पंडों में आक्रोश व्याप्त है। शाहजहांपुर के जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि जरूरत पड़ी तो धरना भी दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार ढाईघाट शमशाबाद गंगा तट के दोनों ओर वर्षों से मेले का आयोजन होता आ रहा है। उत्तर की ओर जिला पंचायत शाहजहांपुर के संरक्षण में मेला लगता तथा दक्षिण में जिला पंचायत फर्रुखाबाद का। गंगा के उत्तर की तरफ के ग्राम थाना मिर्जापुर में लगते हैं। गंगा के उत्तर की तरफ के कई गांव एक वर्ष से शमशाबाद थाना क्षेत्र में लग रहे हैं। ढाईघाट पर शमसाबाद दोनों ओर की जमीन जिला पंचायत फर्रुखाबाद के अंतर्गत है।

सुरक्षा व्यवस्था में पिछले वर्ष मेले में पुलिस की व्यवस्था फर्रुखाबाद जनपद की थी। अब मेले में शमशाबाद पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में है। मगर मेले में उत्तर की तरफ जिला पंचायत शाहजहांपुर ही हस्तक्षेप करता है। घाट गंगा के उत्तर की तरफ बुधवार की शाम स्थानीय पुलिस ने गंगा पुत्रों के साथ अभद्रता करते हुए रास्ता बनाने के चक्कर में राउटियों को हटवा दिया था और पंडों व महिला श्रद्धालु के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्रता भी की थी।

जिसके चलते गंगा पुत्रों व महिला श्रद्धालु में शमसाबाद पुलिस के खिलाफ आक्रोश व नाराजगी का माहौल पनप गया। गुरुवार की दोपहर शाहजहांपुर परिक्षेत्र के जिला



पुलिस द्वारा गिरायी गयीं राउटियां

पंचायत सदस्य ओमपाल कुशवाहा तथा जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर गंगा पुत्रों व महिला के साथ शमसाबाद पुलिस द्वारा की गई अभद्रता को लेकर महिला श्रद्धालु व गंगा पुत्रों की मदद के लिए ढाईघाट शमशाबाद पहुंचे। घटना की जानकारी के बाद उन्होंने गंगा पुत्रों व महिला को हर संभव मदद का भरोसा दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव के ससुर वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि गंगा के उत्तर की तरफजिला पंचायत शाहजहांपुर काफी वर्षों से व्यवस्थाएं देख रहा था और देखेगा भी। फर्रुखाबाद जिला पंचायत हस्तक्षेप ना करें। शमसाबाद थाना पुलिस ने जो सुलूक ढाईघाट मेले में महिला श्रद्धालु व गंगा पुत्रों के साथ किया है उसकी शिकायत उनके द्वारा शासन से की जायेगी। जिला पंचायत शाहजहांपुर के एएमए संतोष कुमार सिंह ने कहा कि शमसाबाद थाना पुलिस के अभद्र व्यवहार की शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी।

### रात्रि में नगर भ्रमण पर निकले ईओ, गंदगी देख दी हिदायत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अधिशासी अधिकारी लव कुमार मित्रा ने देर रात्रि नगर में भ्रमण कर नाला सफाई वं जल निकासी का औक्षक निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार कायमगंज अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने बीती रात्रि नगर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान गंदगी मिलने पर कर्मचारियों को कड़ी हिदायद दी। उन्होंने कहा कि गंदगी पाए जाने और प्रतिबंध के बाबजूद सामग्री बेचने व नियमों का उल्लघन करने पर दुकानदारों पर चलानी कार्रवाई की हिदायत दी। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने चाय की दुकानों और गुमटियों में पहुंचकर दुकानदारों को हिदायत दी कि सभी दुकानदार चाय को डिस्पोजल की जगह कॉच के ग्लास में ग्राहकों को दें। दुकानों के अन्दर और बाहर साफ-सफाई रखें। गंदगी और कचरा नहीं करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, जेई प्रशान्त यादव, बड़ेबाबू रामभुवन यादव, विजय कुमार मौजूद रहे।

# पीएम सोलर लाइट योजना को लेकर सीडीओ ने बीडीओ के कसे पेंच



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय परिसर में मुख्य विकास अधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बैठक लेकर विकास खंड अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ शत-प्रशित ग्रामीणों को मिले।

जानकारी के अनुसार बैठक को लेकर मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला विकास अधिकारी ने हर गांव को स्वच्छ भारत समृद्ध बनाने की मंशा जाहिर करते हुए बताया कि जब हर गांव स्वच्छ रहेगा तभी भारत समृद्ध बनेगा। स्वच्छता को लेकर पहुंचे खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी ने जांच पड़ताल की तथा सफाई-सफाई भी देखी। इसके बाद उन्होंने प्रधान और सचिव तथा रोजगार सेवकों के साथ में बैठक की। जिसमें गांव में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर काफी गहनता से समझाया गया। जिसमें जिला विकास अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत आने वाली सोलर लाइट योजना हर ग्रामीण के लिए मुफ्त योजना का काम करेगी। जैसे जिसका बिजली का बिल आ रहा है यदि वह सोलर लाइट लगवाता है तो उसका बिजली का बिल आना लगभग खत्म हो जाएगा। वहीं बची हुई बिजली वह सरकार को वापस बेंच सकता है। वहीं उसके द्वारा खर्च की गई बिजली टोटल बिजली से माइनस कर दी जाएगी। जिससे उसका कोई भी पैसा खर्च नहीं हो पाएगा। राजेश चौरसिया ने बताया कि 1 किलो वाट का कनेक्शन लेने पर केवल 15000 रुपये उपभोक्ता को देना पड़ेंगे। वहीं 2 किलोवाट का कनेक्शन लेने पर उपभोक्ता को लगभग 40000 रुपये देने पड़ेंगे। वहीं कमालगंज ब्लॉक को 1000 सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव मिला है। कूड़ा कलेक्शन को लेकर 26 ग्राम पंचायत चुनी गई है। खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद शर्मा ने बताया कि अभी तक कुछ ग्राम पंचायत में पूरा कलेक्शन भी किया गया है। जिसके अंतर्गत 384480 का कलेक्शन कुछ ग्राम पंचायत के द्वारा किया गया है। बाकी अन्य सभी ग्राम पंचायत में अभी सरकार अपने पास से कूड़ा कलेक्शन के पैसे भर रही है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में समझाते हुए बताया कि सोलर लाइट योजना के अंतर्गत इस बैठक का आयोजन किया गया है। जिसके चलते जिन ग्रामों में आरआरसी सेंटर बन चुके हैं उनको जल्द से जल्द चालू करवाया जाए और जहां कार्य अपूर्ण है वहां जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करवाया जाए। उन्होंने यह भी बताया की सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं में यदि ग्राम के प्रधानों को नहीं जोड़ा गया तो वैसे जितनी भी योजनाएं हो मगर सारी की सारी फेल रहीं है, क्योंकि गांव की जनता प्रधान के ऊपर विश्वास करती है। इसलिए एक मात्र साधन प्रधान तथा रोजगार सेवक व समूह की महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि कूड़ा उठाने के लिए हर घर को मात्र 50 रुपये का शुल्क प्रतिमाह देना पड़ेगा। जिसके लिए गांव में बैठक कर ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा समूह की महिला, स्वयंसेविकाएं व सचिव, खंड विकास अधिकारी गांव-गांव जाकर चौपाल लगाएंगे तथा आम जनता को इसके प्रति जागरूक करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानों को बताया कि यदि आप विकास कार्यों में 70 प्रतिशत धन भी गांव में खर्च करते हैं तो गांव की सूरत और सीरत दोनों चीज बदल जाएगी। पानी की बर्बादी को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आजकल हर घर में समरसेबिल लगने का प्रचलन चल रखा है जहां समरसेबल से पानी की अधिक बर्बादी की जाती है। इस बात के लिए भी सरकार गंभीर है। जिसके लिए हम आम लोगों को निगरानी करनी चाहिए। जिससे पानी की बर्बादी रुकी जा सके। वहीं ग्रामीणों में इंजीनियरों को लगाकर नाली के बहाव को लेकर मिस्त्री इंजीनियर व जेई से मिलकर गांव में जिस तरफ ढलान हो उस तरफ नाली निकालना चाहिए। जिससे जल भराव की समस्या कम से कम हो पाए। गांव को साफसुथरा रखना हम सब की प्राथमिकता है। सीडीओ ने कहा कि अभी तक 22 ग्राम पंचायत में कूड़ा कलेक्शन हो रहा है। जहां पर 364000 का कलेक्शन हो चुका है। जिसके तहत हर ग्रामवासी को चाहिए कि वह सरकार का सहयोग करें और पूरा अपने घर के बाहर न इकट्ठा करके कूड़ा कलेक्शन सेंटरों तक पहुंचाने का कष्ट करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र तथा जिला विकास अधिकारी राजेश चौरसिया, खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा, सहायक विकास अधिकारी विनय चौहान, सचिव अमित कुमार शुक्ला, अंजलि, कंचन रावत, आलोक दुबे, अरविंद सिंह, करण कुमार, अभय कुमार, पंचायत सहायक तथा तकनीकी सहायक सहित प्रधान तथा रोजगार सेवक आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कूड़ा कलेक्शन के लिए धन अर्जित न करने वाले सचिवों पर होगी कार्यवाही: पीडी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

परियोजना निदेशक व डीसी मनरेगा ने विकास खंड सभागार में आरआरसी सेंटर तथा विकास कार्यों की ग्राम सचिवों, पंचायत सहायकों, ग्राम प्रधानों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को परियोजना निदेशक कपिल कुमार व डीसी मनरेगा रणजीत सिंह ने आरआरसी तथा विकास खंड क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य एवं मनरेगा योजना जैसे कई योजनाओं के बारे में समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान काम प्रगति पर पाए जाने पर संबंधित सचिवों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकास खंड क्षेत्र में शासनादेश के अनुसार बनाए जा रहे ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान जिन ग्राम पंचायत के आरआरसी सेंटर पूर्ण रूप से तैयार हो गए उनमें तरल अपशिष्ट कूड़ा कलेक्शन करने के लिए सभी



अभिलेख देखते पीडी व मौजूद बीडीओ आदि

ग्राम पंचायत में से धन एकत्र कर ग्राम पंचायत के कूड़ा कलेक्शन वाले कर्मचारियों का मानदेय आदि अतिरिक्त कार्य करने के लिए ग्रामीणों से डेढ़ रुपए प्रतिदिन के हिसाब से लेने की बात कही गई और जिले के पीडी कपिल कुमार ने सख्त लहजे में ग्राम पंचायत सचिवों को बताया वह कूड़ा कलेक्शन के लिए यदि ग्राम पंचायत से धन अर्जित नहीं कर सकते हैं तो वह अपने वेतन से धन लगाकर कूड़ा कलेक्शन की प्रक्रिया को पूरा करें। वहीं जिन ग्राम पंचायत के सचिव ने कूड़ा कलेक्शन के लिए धन एकत्र नहीं कर पाया है उन पर बहुत कड़े लहजे में कार्रवाई करने की बात कही। परियोजना निदेशक ने बताया की सभी ग्राम सचिव तीन दिन के अंदर प्रगति व्याख्या विकास खंड कार्यालय पर देना सुनिश्चित करें, नहीं तो ऐसे सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद डीसी मनरेगा रणजीत सिंह ने भी मनरेगा कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने विकास खंड कार्यालय के अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। वहीं विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ लिपिक कनिष्ठ सहायक सहित मनरेगा सेल में मनरेगा कर्मचारी को भी निर्देशित करते हुए वह ग्राम पंचायत पहाड़पुर अठसैनी में स्थलीय निरीक्षण करने चले गए। वहीं ग्राम प्रधान आचरिया बाकरपुर के ग्राम प्रधान ने समूह द्वारा बनाए गए केयरटेकर की भी शिकायत की। जिस पर डीपी मनरेगा रणजीत सिंह ने विकास खंड अधिकारी को मामले में कार्रवाई करने की बात कही। इस मौके पर परियोजना निदेशक कपिल कुमार, डीसी मनरेगा रणजीत सिंह, विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, बीडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, ग्राम पंचायत सचिव जगबीर सिंह यादव, मोतीलाल यादव, अखिलेश कुमार, प्रमोद शुक्ला, सुनील कुमार, बृजेश कुमार, अनुपम बाजपेई, आकांक्षा सक्सेना सहित सभी सचिव तथा ग्राम प्रधान कन्हैया गंगवार, सुरेंद्र सिंह, राजीव यादव, अभय राज, ग्राम प्रधान पिलखाना सुनील कुमार, धर्मवीर सिंह यादव सहित दो दर्जन से अधिक ग्राम प्रधान तथा सभी पंचायत सहायक, सभी ग्राम सचिव बैठक में मौजूद रहे।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना आर्मी पब्लिक स्कूल

- रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बाल दिवस पर लगाये गये स्टॉल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में आर्मी पब्लिक स्कूल ने सीपी इंटरनेशनल स्कूल को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया और खेल को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में विजेता टीम आर्मी पब्लिक स्कूल को 15 हजार रुपये का चेक और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता सीपी इंटरनेशनल स्कूल को 7 हजार रुपये का चेक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। निर्देशिका डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्स्ना अग्रवाल, उपनिदेशिका अंजू राजे और प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने डीएम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


कार्यक्रम में पुरुस्कृत होते छात्र मौजूद डीएम व अन्य

स्काउट और गाइड के बच्चों ने मुख्य अतिथि का प्रवेश द्वार पर सैल्यूट एवं स्काउट ताली से स्वागत किया। डीएम ने कहा कि खेल न केवल सद्भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक और शारीरिक विकास में भी सहायक होते हैं। निर्देशिका डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उपनिदेशिका अंजू राजे ने खेलों के महत्व पर जोर दिया। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने सभी आगंतुकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। छोटे बच्चों ने सुंदर गीत और नृत्य प्रस्तुतियां दीं। जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अविघ्न मिश्रा ने प्रथम पुरस्कार के रूप में रेफ्रिजरेटर जीता, अंशुमान शुक्ला ने एलईडी जीती, जबकि प्रांजल दुबे को वाशिंग मशीन मिली। कई बच्चों ने विभिन्न छोटे-छोटे पुरस्कार जीतकर खुशी का अनुभव किया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय द्वारा बाल मेले का भी आयोजन किया गया।

जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने विभिन्न प्रकार की दुकानों का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य योगेश तिवारी, प्रधानाचार्य आरके बाजपेई के अलावा संदीप द्विवेदी, अंजनी कुमार, आस्था अवस्थी, शिवा सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिटी गर्ल्स इं.का. में बाल मेले का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में बाल दिवस पर मेले का आयोजन धूमधाम से हुआ। प्रधानाचार्य एस्तर रोज दयाल ने फीता काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया।

सभी अध्यापिकाओं ने अपनी-अपनी कक्षा के लिए स्टॉल लगाए। अध्यापिकाओं द्वारा स्टॉल को सजाया गया और प्रत्येक खाने की चीज़ तथा खेल अध्यापिकाओं द्वारा तैयार किए गए। प्रधानाचार्य और अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ खेल खेले। बच्चों ने बाल दिवस मेले का लुफ्त उठाया और कहा कि बाल दिवस बहुत अच्छा मनाया गया, इससे पहले कभी नहीं देखा। विभिन्न स्टालों पर लगाये गये व्यंजनों का बच्चों ने खूब आनंद उठाया। बच्चों की खुशी के लिए


बाल दिवस मनाती छात्रायें व मौजूद शिक्षिकायें

परिश्रम के साथ बाल दिवस का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्या ने सभी शिक्षिकाओं की सराहना की और बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अच्छे अंक लाकर परीक्षा में पास हो, जिससे विद्यालय और परिवार का नाम रोशन हो। सभी बच्चों ने शिक्षिकाओं के साथ बाल दिवस मनाया और अपने अनुभव साझा किये।


केक काटते बच्चे व मौजूद प्रबंधक व शिक्षक

## बच्चों को तिलक कर केक काटकर मनाया गया बाल दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीएचएलएपी विद्यालय में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंधक एके सिंह ने जवाहर लाल नेहरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। साथ ही केक काटा गया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु थे। उनके जन्मदिन को हम बाल दिवस के रुप में मनाते है। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य है। शिक्षा के प्रति प्रेरित करना मेरा उद्देश्य है, साथ ही विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विजयी और विजेताओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजीत मैसी व प्रबंधक एके सिंह ने सम्मानित किया। बच्चों को तिलक लगाकर बाल दिवस मनाया गया।

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपने आदर्शों एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण भारत में ही नहीं विदेशों में प्रसिद्ध बच्चों के प्रिय भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि डायरेक्टर अशोक कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल, राजीव मोहन पांडे, सुशील अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वरचित गान पलक सिंह, अनन्या पाण्डेय ने प्रस्तुत किया। राजस्थानी गीत परिणीता कटियार, इशिका साध, आकृति अग्निहोत्री तथा आरोही अग्निहोत्री ने प्रस्तुत का सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानी की झांकी प्रस्तुत की। नई ऊर्जावान पीढ़ी ने पोम पोम नृत्य प्रस्तुत कर सभी में जोश भर दिया। सभी अभिभावकगणों ने मेले का लुफ्त उठाया। बाल दिवस पर विद्यालय में मेले का आयोजन किया गया। छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने पानीपुरी, चाट, पापड़ी, केक, मोमोस, चाउमिन, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, छोले कुलचे आदि स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए। कुछ छात्रों ने मनोरंजन खेल भी रखें। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने बाल दिवस की शुभकामनाएं दी तथा छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा के दौरान अर्जित किया गया ज्ञान एवं कौशल जीवन के कठिन रास्तों में सदैव सहायक होता है। डायरेक्टर राजीव मोहन पांडे ने अशोक कुमार अग्रवाल को अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।


बाल दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ करते प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल

# अनंत पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर हुई प्रतियोगितायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अनंत पब्लिक स्कूल हाता करम खां में बाल दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। साथ ही बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाये। चेयरमैन अंचल मणि त्रिपाठी के निर्देशन में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस के उपलक्ष्य में जानकारी दी और कहा कि इस दिवस को पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, क्योंकि पं. जवाहर लाल नेहरु बच्चों से बहुत प्रेम करते थे। उन्होंने अपने जन्मदिन को बच्चों को समर्पित करते हुए इस दिवस को बाल दिवस के रुप में मनाने का प्रधानमंत्री रहते हुए निर्णय लिया। तब से यह दिवस



बाल दिवस के रुप में मनाया जाता है और प्रत्येक 14 नवम्बर को बाल दिवस के रुप में चाचा नेहरु को याद किया जाता है। बच्चों ने मैक्रोनी, पास्ता, पापड़ी, समोसा, पेप्सी, पैटीज व खिलौनों की दुकान लगायी। अध्यापिकाओं द्वारा सहयोग किया गया। उप प्रधानाचार्य अल्का ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर शिक्षिका सोविया, नेहा, दीक्षा, रोशनी, आदित्य, अमन, अरुण आदि लोग मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया बाल दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने एक अनोखा प्रयोग करते हुए बाल दिवस पर बाल संचालित कक्षाएं एवं कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया।

जिसमें प्रधानाचार्य आशुतोष अवस्थी को, एवं उप प्रधानाचार्य कार्तिकेय शुक्ला को बनाया गया। उन्होंने सभी संचालित कक्षाओं को कराया एवं चाचा नेहरू को उनके द्वारा किए गए कार्यो को बोध कराया। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों एवं बाल संचालित के प्रधानाचार्य आशुतोष अवस्थी को सम्मानित किया एवं सभी बच्चों को मिष्ठान वितरण एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम होने से विद्यार्थियों में नई जिज्ञासा उत्पन्न होती है एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों से एक नई प्रेरणा का संचार होता।

हमें माता-पिता एवं विद्यालय के आचार्य की प्रेरणा लेकर उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। जिससे हमें आगे विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम का संचालन शिवम वर्मा ने किया। इस अवसर पर कार्तिकेय शुक्ला, मुख्य वक्ता शौर्य शुक्ला रहे।


बाल दिवस पर मौजूद बच्चे

# रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में हुई सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को भारतीय महाविद्यालय में संपन्न हुआ। भाषण प्रतियोगिता में बद्री विशाल महाविद्यालय की छात्रा कु. प्रिया वैष्णवी मिश्रा प्रथम स्थान पर, शिवम पांडे बद्री विशाल महाविद्यालय द्वितीय स्थान पर एवं रिनी चौहान एनकेपी डिग्री कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्विज प्रतियोगिता में बद्री विशाल डिग्री कॉलेज के पवन पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ के सूर्यकांत ने द्वितीय स्थान एवं बद्री विशाल पीजी कॉलेज के छात्र शिवम पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में अभिनव सिंह सागर आरपी पीजी कॉलेज कमालगंज ने प्रथम स्थान, एनएकेपी डिग्री कॉलेज की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिंसी सिंह ने द्वितीय स्थान एवं मान्यवर कांशीराम डिग्री कॉलेज निनौआ की छात्रा कुमारी बबली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्रों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल के रूप में एनकेपी डिग्री कॉलेज से डॉ. प्रियंका वर्मा, डॉ. रूपा देवी, मान्यवर कांशीराम डिग्री कॉलेज निनौआ से सैन्य विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियांशु गुप्ता, वहीं बद्री विशाल डिग्री कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख डॉ. सुरेंद्र सिंह, भारतीय महाविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप द्विवेदी एवं शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रमाशंकर पांडे रहे।

निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए निर्णय की घोषणा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश ने की। विजयी प्रतिभागी अब मंडल स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे। प्रतियोगिताएं डॉ. आलोक विहारी लाल जिला समन्वयक सड़क सुरक्षा के नेतृत्व में कराई गई। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. समीर गुप्ता आदि मौजूद रहे।



सम्बोधित करते असिस्टेंट प्रो. आलोक बिहारी लाल शुक्ल

## लखनऊ में हुई मार्ग दुर्घटना में घायल चौथे युवक की भी मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते कुछ दिन पूर्व फर्रुखाबाद से लखनऊ जाते समय मार्ग दुर्घटना में कार सवार पांच युवकों में से तीन युवकों की मौके पर मौत हो गयी थी। जबकि दो लोग घायल हो गये थे। गुरुवार को चौथे घायल युवक की भी मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। विगत 9 नवंबर की देर रात फर्रुखाबाद से लखनऊ समय काकोरी के रेवरी टोल प्लाजा 289 किमी आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे कार एक ट्रक ट्राला में पीछे से घुस गई थी। इस दौरान कार में सबार जहानगंज निवासी शशांक राठौर, सिविल लाइन स्थित नई बस्ती फतेहगढ़ निवासी शिवम यादव, जेएनबी रोड फतेहगढ़ निवासी अनुज राठौर की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि सेंट्रल जेल निकट निवासी अमन उर्फआदित्य व आवास विकास कालोनी निवासी शांतनु घायल हो गये थे। गुरुवार को चौथे घायल अमन उर्फ आदित्य राजपूत की उपचार के दौरान मौत हो गयी। जानकारी होने पर मां ऊषा देवी आदि परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया।

## मिलावटखोर दूधिया को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज प्रथम शैली रॉय ने सुरेंद्र उर्फ ओमकार पुत्र शंकर लाल पाल निवासी हजरतपुर कायमगंज को मिलावट के मामले में दोषी करार देते हुए परिवीक्षा से दण्डित किया है। बीते 25 वर्षो पूर्व खाद सुरक्षा इंस्पेक्टर डीडी पाल ने 19 मई 1999 को कायमगंज दूधिया के साइकिल में बंधे डिब्बे का सैंपल लिया था। जिसको वाराणसी भेज था। जो कि जांच में गलत पाया गया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने सुरेंद्र उर्फ ओमकार को परिवीक्षा की सजा से दण्डित किया है।

# एसबी पब्लिक स्कूल में लगायी गई विज्ञान प्रदर्शनी

- शिविर लगाकर बच्चों का किया गया परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसबी पब्लिक स्कूल याकूतगंज में बाल दिवस पर लगाये गये लजीज व्यंजनों के स्टाल, चेयरमैन विवेक यादव की देखरेख में सीनियर कक्षों की छात्राओं ने प्रदर्शनी लगायी और विद्यालय में मेडिकल एण्ड डेंटल चेकअप का आयोजन किया गया। चेयरमैन विवेक यादव, डॉ. गौरव कटियार, स्नेहा यादव ने पंडित जवाहर लाल नेहरु के चित्र पर पुष्प अर्पित किये व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विज्ञान की प्रदर्शनी में स्वचालित मॉडल जैसे की हाइड्रोलिक मशीन, विंडमिल, फायर अलार्म, कैटापुल्ट जैसी चीजों को चलाकर दर्शाया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी के बाद विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं का डॉ. गौरव कटियार ने अपनी टीम के साथ दांतों का परीक्षण किया। मेडिकल चेकअप काउंटर का उद्घाटन छात्र-छात्राओं ने फीता कटवाकर शुभारंभ किया। दांतों के परीक्षण में जिन छात्र-छात्राओं के दांतों में कीड़े अथवा कैविटी की समस्या थी, उनको मुफ्त टूथपेस्ट एवं मेडिकल सलाह देकर रोजाना ब्रश करने को हिदायत दी। रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस एवं येलो हाउस की ओर से विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल्स लगाए गए थे। जिसमें भेलपुरी, पानी बताशे, पिज़्ज़ा, दाल मखनी, चावल कुल्चा, आइसक्रीम, फ्रूट चाट जैसे खास व्यंजनों का स्वाद छात्रों एवं उनके परिजनों ने जमकर लुफ्त उठाया। चेयरमैन विवेक सिंह यादव ने कहा की छात्र ही देश का भविष्य होते हैं और उनके पढ़ाई के साथ-साथ इनको प्रसन्न रखना भी अभिभावक और विद्यालय का दायित्व होता है। जिससे वह प्रसन्न मन के साथ अपनी शिक्षा को ग्रहण कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफमौजूद रहा।


मेडिकल शिविर का उद्घाटन करते बच्चे

# कांग्रेसियों ने मनायी भारत रत्न जवाहर लाल नेहरु की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 पंडित जवाहर लाल नेहरु का जन्मदिवस मनाया गया। भारत रत्न पं0 जवाहर नेहरु की जंयती पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। नितगंजा स्थित मंदिर के पास गोष्ठी में शहर अध्यक्ष पूर्ण प्रकाश पुन्नी शुक्ला ने कहा कि जवाहर लाल नेहरु आधुनिक भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। उन्होंने प्रधानमंत्री रहते देश हित में कई फैसले लिये और गुलामी के बाद जब देश आजाद हुआ उनका अहम योगदान रहा।

सरदार पटेल व महात्मा गांधी आदि लोगों ने जवाहर लाल नेहरु को प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रस्ताव रखा तो प्रथम बार पालियामेंट उनका अभिनंदन हुआ और वह प्रधानमंत्री बने। उनका जन्मदिवस स्कूलों में बाल दिवस के रुप में मनाया जाता है। सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और विचार व्यक्त किये। इस मौके पर अभिषेक सारस्वत, विनोद श्रीवास्तव, श्याम जी, नीरज कटियार, प्रभात कटियार, महेश चन्द्र वर्मा, दीपक कुमार चतुर्वेदी, शिवाशीष तिवारी, कौशलेन्द्र सिंह चौहान, खालिद हुसैन, रोहित वर्मा, कमल राजपूत, विजय कुमार, पीएन सक्सेना, संजीव कटियार आदि लोग मौजूद रहे।


विचार गोष्ठी में मौजूद कांग्रेसी

# इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल में बच्चों ने मनाया बाल दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल हाथी खाना फतेहगढ़ में पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रुप में मनाया गया। बाल दिवस जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर इसलिए मनाते हैं क्योंकि नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे और बच्चे जिनको प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। विद्यालय में प्रतियोगितायें व कार्यक्रम आयोजित किये गये। बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गये। बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया, साथ ही बच्चों ने गीत और कविताएं भी प्रस्तुत कीं। शिक्षकों ने भी अपने बाल काल की कहानियां भी सुनाई। सभी बच्चों को यह संदेश दिया गया कि वो अपने देश के महापुरुषों के जीवन से शिक्षा लेकर एक अच्छा इंसान बनें और देश की सेवा का संकल्प लें। विद्यालय के अध्यापकों ने बच्चों की हौसला अफजाई की। इस मौके पर प्रधानाचार्य शकील अहमद, व्यवस्थापक फ़राज़ तारिक, खुशरु अहमद, हाफिज सलमान आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

# अधर्म का नाश करने के लिए हिंदुओं को बनना पड़ेगा सामर्थ्यबान: मधुराम

- आदर्श रामलीला परिषद ने अखाड़ा सन्यासी का किया स्वागत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

आदर्श रामलीला परिषद नगला हूशा में सशस्त्र सन्यासी अखाड़ा के प्रमुख मधुराम शरण शिवा का जोरदार स्वागत किया गया। बीती रात्रि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने अपने गांव में आगमन पर मधुराम शरण का माल्यार्पण कर स्वागत किया। हिंदुत्व के लिए उनके समर्पण को नमन किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश की स्थिति बहुत ही बिगड़ती जा रही है, इसलिए आज के नौजवानों को हर तरह से तैयार करना पड़ेगा और भविष्य में आने वाली आपत्ति के समय डटकर मुकाबला करना होगा। अधर्म का नाश हो के नारे लगाये। विधर्मियों को खेत, मकान, दुकान, प्लॉट आदि देकर उनको बसाना भी नहीं है, देश और हिंदुत्व का कल्याण तभी होगा जब हम सब मिलकर अपने हिन्दू भाई की दुकान से सामान खरीदेंगे और उनका बहिष्कार करेंगे।

आज हमारी मातृ शक्ति को भी इस कार्य में आगे आना होगा और अपने बच्चों को सशक्त और ताकतवर बनाने में व उनको आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करना होगा। उनको यह भी बताना है कि शस्त्र और शास्त्र दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना है, हमें आधुनिक दिखावे से दूर रहकर के धरातल पर कार्य करने की आवश्यकता है, समाज में जो जातिवाद की बुराइयां हैं इनको हमें समाप्त करना होगा। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामप्रकाश अवस्थी एवं सुधीर अवस्थी ने मधुराम शरण शिवा को तलवार भेंट की। इस अवसर पर सुधीर अवस्थी, मनोज अवस्थी, नीरज अवस्थी, श्याम मोहन मिश्रा, शिवम अवस्थी, अजीत अवस्थी, सुमित अवस्थी, सचिन अवस्थी, किशन अवस्थी, आशीष अवस्थी, अंकित अवस्थी, प्रियांशु पाठक, आदित्य पाठक आदि उपस्थित रहे।


मधुरान शरण का स्वागत करते विपिन अवस्थी आदि



## द्वितीय सोपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्काउट गाइड का द्वितीय सोपान प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हुआ। ब्लाक स्काउट मास्टर राजकुमार द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद शमशाबाद में 11 नवम्बर से चल रहे सोपान शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। द्वितीय सोपान प्रशिक्षक राजकुमार द्वारा पायनिरंग, गांठों के बंधन, खोज के चिन्ह, बिना बर्तन के भोजन बनाना, टेंट का निर्माण करना, स्काउट नियम, स्काउट गाइड प्रतिज्ञा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्काउट गाइड ने बहुत लगन के साथ प्रशिक्षण ग्रहण किया। स्काउट नियमों पर चलने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर नोडल शिक्षक अशोक कुमार, हरीश कुमार, अतुल कुमार, अभिषेक कुमार, प्रधानपति प्रमोद गंगवार, एसएमसी अध्यक्ष अशोक कुमार, जिला स्काउट मास्टर सुधीश कुशवाहा, वैभव सोमवंशी आदि लोगों ने स्काउट गाइड के बच्चों को उत्साहित किया और जानकारियां दी। धन्यवाद स्काउट मास्टर राजकुमार ने ज्ञापित किया।

# आपसी सौहार्द को बढ़ाता है जौलजीबी मेला

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 64.47 करोड़ की 18 योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

समृद्धि न्यूज



**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को ऐतिहासिक जौलजीबी मेला-2024 का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला राज्य के लिए एक अनमोल धरोहर है, जो सदियों से भारत-तिब्बत, भारत नेपाल और सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी सौहार्द को बढ़ाता आ रहा है। दस दिन तक इस सीमा क्षेत्र में भारत और नेपाल की सांस्कृतिक बयार बहती है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 64.47 करोड़ की 18 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें 29.65 करोड़ के 13 कार्यों का लोकार्पण एवं 34.72 करोड़ के पांच शिलान्यास शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से बनाये जा रहे विभिन्न उत्पादों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलजीबी मेला हमारी समृद्ध परंपराओं को संजोने का कार्य करता है। यहां का नेपाल और तिब्बत से सदियों से सांस्कृतिक संबंध रहा है। नेपाल से इस क्षेत्र का रोटी और बेटी का सबंध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे संबंध और मजबूत हो रहे हैं। केदारनाथ और पशुपतिनाथ के बीच आध्यात्मिक यात्रा से भी दोनों राष्ट्रों के सबंधों को मजबूती मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला भारत और नेपाल के बीच आर्थिक सबंधों को बढ़ाने का कार्य भी करता है। यह मेला छोटे व्यापारियों, किसानों और कारीगरों को अपने उत्पादों का मंच प्रदान करने का बड़ा माध्यम है। हमारी अनेक प्रकार की औषधियों को प्रोत्साहित करने में भी यह मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। जिन गांवों को पहले अंतिम गांव कहा जाता था, इस अवधारणा को बदलकर प्रधानमंत्री ने इन गांवों को देश के पहले गांवों की संज्ञा दी है।

### सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है सीमांत क्षेत्रों का विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमवार्ती क्षेत्रों में आधुनिक सड़कों, सुरंगों और पुलों का निर्माण किया जा रहा है। सीमांत क्षेत्रों के विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में हैं। इन क्षेत्रों के विकास के लिए अनेक कार्ययोजनाओं की मंजूरी दी गई है। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत पहले चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को विकसित किया जा रहा है।

### दस हजार लोग कर चुके हैं आदि कैलाश के दर्शन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आदि कैलाश आने के बाद इस क्षेत्र में तेजी से आवागमन बढ़ा है। पिछले साल की तुलना में इस बार 10 हजार से अधिक लोगों ने आदि कैलाश के दर्शन किये हैं। इससे हमारे इन क्षेत्रों को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### मुख्यमंत्री धामी की घोषणाएं

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मक्वाना से सेकला तक मोटरमार्ग का निर्माण, आपदा प्रभावित क्षेत्र लुमती तोक बगीचा बगड़ में सुरक्षा दीवार का कार्य, मवानी रवानी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण और तेजम में मिनी स्टेडियम का निर्माण के साथ ही तीनखोल ढुंगातोली और पण्डा में चेक डैम निर्माण करने की घोषणा की।

# चार टी20 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में भारत ने 11 रन से दक्षिण अफ्रीका को हराया

एजेंसी




**सेंचुरियन।** चार टी20 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 11 रनों से पटखनी दी है। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत की इस जीत में मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा की बेहतरीन बल्लेबाजी मुख्य कारक रहीं, जिन्होंने 51 गेंदों में अपना पहला शतक लगाया।

भारत की तरफ से मिले 220 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम ने गजब का जज्बा दिखाया लेकिन लक्ष्य को हासिल नहीं कर सके। मेजबान टीम के लिए हेनरी क्लासेन ने 41 रन, कप्तान एडन मार्कराम ने 29 रन, रेजा हेंड्रिक्स ने 21 रन और रयान रिकल्टन ने 20 रन की पारी खेली। हालांकि आखिर के ओवर में मार्को यानसन ने धुंआधार शॉट लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था। यानसन ने 17 गेंदों में 54 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोलकर सिर्फ 208 रन ही बना सकी और उसे 11 रनों से हार झेलनी पड़ी। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन और वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट अपने नाम किए। वहीं, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, एक बार फिर टॉस हारकर भारतीय टीम ने बल्लेबाजी की और 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। हालांकि टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन बिना खाता खोले पारी की दूसरी ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और तेज गति से रन से भी बनाए। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी हुई। अभिषेक 25 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक रन बनाकर जल्दी ही पवेलियन लौट गए। वहीं हार्दिक पांड्या ने 18 रन, रिंकू सिंह ने 8 रन और रमनदीप सिंह ने 15 रन का योगदान दिया।

# वर्ष 2030 तक साढ़े नौ करोड़ भारतीयों के मधुमेह की चपेट में आने की आशंका

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** भारत में अभी आठ करोड़ लोग मधुमेह बीमारी से पीड़ित हैं और वर्ष 2030 तक यह आंकड़ा बढ़कर साढ़े नौ करोड़ से अधिक होने का अनुमान है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 34 लाख से अधिक लोग मधुमेह और इससे जनित बीमारियों से मर रहे हैं। बच्चों में फास्ट फूड, सीमित शारीरिक गतिविधियों, व्यायाम नहीं करने और कोल्ड ड्रिंक का ज्यादा सेवन इस बीमारी के खतरे को बढ़ा रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार यह बीमारी अब युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रही है और लगभग दस प्रतिशत भारतीय युवा इससे पीड़ित हैं। में मधुमेह पर शोध करने वाली संस्था रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया के कहा कि जिस तरह से मधुमेह का प्रसार बढ़ रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अगर समय रहते अपने खान पान और जीवन शैली में बदलाव नहीं किया तो अगले दो दशकों में भारत विश्व में डायबिटीज कैपिटल बन जाएगा। देश में वर्ष 1950 शहरीकरण की दर मात्र 15 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 35 प्रतिशत हो गई है। लोगों की आमदनी में इजाफा हुआ है मगर लोगों में आराम तलबी से अन्य बीमारियों भी बढ़ी हैं। सुविधा संपन्न होने से निष्क्रिय जीवन शैली हुई है जिसका असर हमारे शरीर की मेटाबोलिक गतिविधियों पर पड़ा है और मधुमेह तथा हृदय की बीमारियों में बढ़ोतरी हुई है। शहरों में बच्चों में ÷टाइप वन डायबिटीज ÷ हो रही है। संस्था के संचालन सचिव डॉक्टर पारस गंगवाल ने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस पर 52 वीं वार्षिक बैठक में लोगों को इस बीमारी के खतरे से बचाने के लिए ए टू जेड अभियान की शुरुआत की जिसमें वजन पर नियंत्रण रखने, उचित रक्तचाप, खाने के बाद शुगर का स्तर 100 और खाना खाने के बाद 150, अच्छा कोलेस्ट्रॉल- एच डी एल 50 से ऊपर, बुरा कोलेस्ट्रॉल - एल डी एल 70 से नीचे रखने की हिदायत दी गयी है। इस बीमारी से बचने के लिए शराब, तंबाकू और तले भुने खाने से परहेज करें।

### झारखंड में एनडीए की सरकार बनना तय : अमित शाह

**गिरिडीह।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गिरिडीह में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया है। जिससे तय हो गया कि झारखंड में अगली सरकार एनडीए की ही बनने जा रही है। उन्होंने जनता से इस बार झारखंड में भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए की सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे झारखंड का चौतरफा विकास होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी गठबंधन झारखंड को एटीएम का जरिया मानते हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और साथी दल झारखंड को समृद्ध प्रदेश बनाना चाहते हैं।

# लुंगी एनगिडी श्रीलंका व पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से बाहर

एजेंसी

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कमर की चोट के कारण श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रिका (सीएसए) ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी।

सीएसए ने बयान जारी कर बताया कि प्रोटियाज पुरुष टीम के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कमर की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के साथ-साथ पाकिस्तान के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला से भी बाहर हो गए हैं। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने हाल ही में अपनी संरचित कंडीशनिंग अवधि के हिस्से के रूप में एक चिकित्सा मूल्यांकन किया, जिसके दौरान स्कैन से द्विपक्षीय प्रॉक्सिमल एडक्टर टेंडिनोपैथी का पता चला। अब वह एक पुनर्वास कार्यक्रम शुरू करेंगे। उनके जनवरी में खेलने के लिए वापस आने की उम्मीद है। सीएसए ने बयान में यह भी बताया कि टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा अपनी बायीं कोहनी की चोट से उबरने में सकारात्मक प्रगति कर रहे हैं और 18 नवंबर को फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिससे यह पता चल सकेगा कि 27 नवंबर को डरबन में श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता क्या है। दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 27 नवंबर से शुरू हो रही है। श्रीलंका के बाद पाकिस्तान की टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे पर आएगी। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला होगी। इसके बीद दोनों टीमें दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

# आदिवासी ही भारत के मूल मालिक लेकिन नहीं मिल रही है भागीदारी

एजेंसी



**मुंबई।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को नंदूरबार की चुनावी सभा में कहा कि आदिवासी ही भारत के मूल मालिक हैं लेकिन उन्हें सरकार में उनके हिस्से की भागीदारी नहीं मिल रही है। उन्हें यह भागीदारी सिर्फ संविधान से ही मिलेगी।

राहुल गांधी नंदूरबार में महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी आबादी 8 प्रतिशत है तो भागीदारी भी 8 प्रतिशत होनी चाहिए। केंद्र सरकार जब 100 रुपये खर्च करती है, तो आदिवासी के लिए केवल 10 पैसे तय किए जाते हैं। राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार के लोग सभी आदिवासियों को वनवासी कहते हैं, वे आपके अधिकार छीन रहे हैं। आपकी जमीन, जल, जंगल छीनकर अरबपतियों को दिया जा रहा है। आदिवासी ही भारत के मूल मालिक हैं। इसे बदलने का एक मात्र तरीका जातिगत जनगणना है। इसी से पता चलेगा कि किसकी कितनी आबादी और उसे सरकार में कितनी भागीदारी मिल रही है। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही उनकी सरकार आएगी, जातिगत जनगणना शुरू की जाएगी। इसके साथ ही आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से बढ़ा दी जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र के बहुत से उद्योग पड़ोसी राज्यों में भेज दिया गया है, जिससे राज्य में बेरोजगारी बढ़ी है। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी सरकार आने पर किसी अन्य राज्य के उद्योग धंधे किसी अन्य राज्य में नहीं भेजे जाएंगे।

### पानीपत में बेकाबू ट्रक ने छह को कुचला, पांच की मौत

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़-दिल्ली मुख्य मार्ग पर स्थित पानीपत में एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर छह लोगों को कुचल डाला। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को एक ट्रक चालक एलिवेटिड हाईवे पर विपरीत दिशा में एंट्री ली और सिवाह पुल के सामने एक बाइक पर सवार दो लोगों को कुचला। घटना के बाद चालक ने आगे मलिक पेट्रोल पम्प के सामने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। इसके बाद चालक ने तीसरा हादसा गुरुद्वारे के सामने भी ट्रक से दो लोगों को टक्कर मार दी। एक के बाद एक तीन वाहनों में टक्कर मारने की घटना में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद शव सड़क पर बिखरे पड़े रहे और मुख्य मार्ग पर जाम लग गया।

# आईसीएमआर ने भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी : जेपी नड्डा

एजेंसी




**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग व भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने गुरुवार को सुषमा स्वराज भवन में स्वास्थ्य अनुसंधान उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन का आयोजन किया।

इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि आईसीएमआर बायोमेडिकल अनुसंधान में सबसे आगे रहा है और कुछ सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। तपेदिक, मलेरिया और सीओवीआईडी -19 जैसी संक्रामक बीमारियों से निपटने से लेकर गैर-संचारी रोगों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण संबंधी विकारों के समाधान को आगे बढ़ाने तक-आईसीएमआर ने भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आईसीएमआर को बधाई देते हुए कहा कि आईसीएमआर अपने स्थापना दिवस के वार्षिक उत्सव के दौरान अनुसंधान उत्कृष्टता को मान्यता देने की इस परंपरा को जारी रखेगा और एक स्वस्थ और मजबूत भारत बनाने के अपने मिशन में आगे बढ़ेगा।शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश के जैव चिकित्सा और वैज्ञानिक क्षेत्रों में योगदान के शानदार इतिहास के साथ, आईसीएमआर लंबे समय से भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहा है। सरकार विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है। अनुसंधान और नवाचार में डीएचआर-आईसीएमआर का नेतृत्व, अपने एक्स्ट्रामुरल और इंट्रामुरल कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल में परिवर्तनकारी प्रगति को आगे बढ़ा रहा है। भारत का वैज्ञानिक परिदृश्य तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी को कोविड में मदद के लिए दिया जाएगा डोमिनिका का सर्वोच्च सम्मान

▸ डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन पुरस्कार करेंगी प्रदान

एजेंसी



**नई दिल्ली।** डोमिनिका सरकार ने कोविड-19 के दौरान मदद के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित करने की घोषणा की है। उन्हें यह सम्मान जॉर्जटाउन, गुयाना में आयोजित भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन (19-21 नवंबर) में एक समारोह के दौरान दिया जाएगा।

डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। डोमिनिका के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह पुरस्कार कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका में प्रधानमंत्री मोदी के योगदान और भारत और डोमिनिका के बीच साझेदारी को मजबूत करने के प्रति उनके प्रयासों के लिए दिया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि फरवरी 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की 70,000 खुराक प्रदान कीं। इस उपहार ने डोमिनिका को अपने कैरेबियाई पड़ोसियों को सहायता बढ़ाने में सक्षम बनाया। यह पुरस्कार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी में डोमिनिका के लिए भारत के समर्थन के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर जलवायु लचीलापन निर्माण पहल और सतत विकास को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को भी मान्यता देता है।

प्रधानमंत्री डॉ. रूजवेल्ट स्केरिट ने कहा कि यह पुरस्कार डोमिनिका और व्यापक क्षेत्र के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की एकजुटता के प्रति डोमिनिका की कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी डोमिनिका के लिए एक सच्चे साथी रहे हैं, खासकर वैश्विक स्वास्थ्य संकट के बीच हमारी ज़रूरत के समय में।

उनके समर्थन के लिए हमारी कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में और हमारे देशों के बीच मज़बूत संबंधों के प्रतिबिंब के रूप में उन्हें डोमिनिका का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करना सम्मान की बात है। हम इस साझेदारी को आगे बढ़ाने और प्रगति और लचीलेपन के हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुरस्कार की पेशकश स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक संघर्ष जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग के महत्व पर बल दिया और इन मुद्दों के समाधान में डोमिनिका और कैरिबियन के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का पिथौरागढ़ दौरा 16 नवंबर से

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 16 से 19 नवंबर तक देवभूमि उत्तराखंड में प्रवास करेंगे। नेपाल और चीन की सीमा से सटे उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में डॉ भागवत के चार दिवसीय कार्यक्रम है। भागवत का दौरा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरसंघचालक मोहन भागवत मौजूदा वैश्विक हालातों में दुनिया को सही राह दिखाने के लिए सनातन धर्म के सिद्धांतों पर आधारित हिंदुत्व का बोध कराएंगे और मानवता के कल्याण के लिए पंच परिवर्तन यथा स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य व पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश देंगे। दरअसल, सामाजिक समस्याओं और सुरक्षा पर ध्यान देना भी आज के दौर की एक बड़ी जिम्मेदारी है। उत्तराखंड राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने बताया कि सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के प्रवास के दौरान 16 नवंबर से 19 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# एजुकेट गर्ल्स संस्था ने 204 विद्यालयों में वितरित की ज्ञान का पिटारा किट्स

समृद्धि न्यूज



**सीतापुर।** भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जाता है। बालिका शिक्षा में कार्यरत एजुकेट गर्ल्स संस्था ने बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से सीतापुर में 204 स्कूलों में उपचारात्मक शिक्षा के लिए ज्ञान का पिटारा किट्स वितरित किए।

एजुकेट गर्ल्स संस्था ने ज्ञान का पिटारा किट उन बच्चों की मदद करने के लिए बनाया है जिन्हें अक्षरों को पहचानने, वाक्यों को पढ़ने या बुनियादी गणित कौशल में कठिनाई होती है। उन्हें मज़ेदार और आकर्षक तरीके से पढ़ाकर, सीखने को एक काम के बजाए एक आनंददायक अनुभव में बदल सकते हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी, अवनीश कुमार ने कहा, एजुकेट गर्ल्स द्वारा बनाई गई यह शैक्षिक किट बच्चों की नींव को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी और उन्हें सीखने में काफी मदद मिलेगी। एजुकेट गर्ल्स संस्था के स्टेट ऑपरेशन्स हेड, नितिन कुमार झा ने कहा, हम पिछले 4 सालों से राज्य के विभिन्न जिलों में सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और शिक्षा की गुणवत्तापूर्ण में सुधार करना है। हमें विश्वास है कि हम गुणवत्तायुक्त शिक्षा से जोड़कर बच्चों के बुनियादी शिक्षा स्तर को बेहतर बना सकेंगे। इस मौके पर समाज में शिक्षा के प्रति अभिभावकों को जागरूक करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूलों में पोस्टर्स लगाए गए। इस पहल में विद्यालय के शिक्षक प्रधानाध्यापक शगुफ्ता इकबाल शेख, दीपक कुमार, रमेश चंद्र वर्मा, अंजली देवी और एजुकेट गर्ल्स संस्था से शिवम शुक्ला, दीपक तिवारी और अंकुर कुमार उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नासिक से 1333 टन प्याज लेकर कांदा एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली पहुंची

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्याज की खपत के लिए नासिक से 1333 टन प्याज लेकर कांदा एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार को दिल्ली के किशनगंज स्टेशन पहुंची। विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर प्याज की कम खर्च पर आपूर्ति के लिए रेल रेक द्वारा प्याज का बड़े पैमाने पर परिवहन किया जाता है। उत्तर रेलवे की तरफ से गुरुवार को दी गई जानकारी के मुताबिक इस पहल से नासिक क्षेत्र के प्याज किसानों को थोक परिवहन के माध्यम से अतिरिक्त राजस्व का जरिया मिला है। रेल परिवहन में यह रणनीतिक बदलाव न केवल प्याज की कीमतों को स्थिर करके उपभोक्ताओं का राहत देता है बल्कि सहकारी समितियों को प्रभावी परिवहन विकल्प प्रदान करता है।रेलवे द्वारा किसानों को शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं को सीधे भेजने के लिए शेतकरी समृद्धि की शुरुआत की हुई है। रेल द्वारा इतने बड़े पैमाने पर प्याज की ढुलाई से दिल्ली में प्याज की उपलब्धता में वृद्धि होगी। इस पहल से प्याज की आवक बढ़ेगी और मंडियों में प्याज का खुदरा मूल्य स्थिर होगा। वर्तमान में नासिक में एक और ट्रेन लोड की जा रही है जिसमें 1400 टन प्याज है।

### देवीपाटन शक्तिपीठ में 16 से जुटेंगे देश-विदेश के प्रमुख संत-महंत

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के देवीपाटन शक्तिपीठ मंदिर के ब्रह्मलीन महंत महेंद्रनाथ योगी की 24वीं पुण्यतिथि पर 16 नवंबर से सात दिवसीय वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश-विदेश के प्रमुख मठ मंदिरों के संत-महंत पहुंचेंगे। अंतिम दिन ब्रह्मलीन महंत को श्रद्धांजलि देने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पहुंचेंगे। शक्तिपीठ देवीपाटन में प्रत्येक वर्ष ब्रह्मलीन महंत महेंद्रनाथ योगी की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई जाती है। इस वर्ष 24वीं पुण्यतिथि मनायी जा रही है। कार्यक्रम में 16 से 22 नवंबर तक रामकथा चलेगी। इसके साथ ही अखंड रामायण पाठ, संत सम्मेलन किया जाएगा। अंतिम दिन 22 नवंबर को श्रद्धांजलि सभा एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में गोरक्ष पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी के आगमन को लेकर भी मुख्यमंत्री कार्यालय से स्वीकृति मिल गई है। संत सम्मेलन व श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर, हरियाणा, नेपाल के दांग चौखड़ा सहित विभिन्न स्थानों से संत व महंत शामिल होंगे।

### पाकिस्तान में अभियान के दौरान 12 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में दो अलग-अलग खुफिया-आधारित अभियानों में 12 आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत और उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में यह अभियान चलाया था। बलूचिस्तान के केच जिले में अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें चार आतंकवादी मारे गए। इसके अलावा, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में आतंकवादियों के ठिकानों पर सुरक्षा बलों के हमले में आठ आतंकवादी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। इलाकों में आतंकवादियों को को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### नेहरू की समाधि शांतिवन जाकर दी प्रियंका ने श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती पर उनके समाधि स्थल शांति वन जाकर उन्हें गुरुवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती वाड्रा ने खुद यह जानकारी देते हुए कहा फ्रदेश को 21वीं सदी में लाने वाले सैकड़ों शैक्षणिक, वैज्ञानिक, औद्योगिक एवं शोध संस्थाओं व परियोजनाओं के स्वप्नदृष्टा, कृषि और उद्योग कार्यक्रमों के माध्यम से आधुनिक भारत की मजबूत बुनियाद रखने वाले राष्ट्रनिर्माता एवं महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को शांति वन जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पंडित नेहरू के लोकतांत्रिक आदर्श, स्वतंत्रता, बराबरी, न्याय और प्रगति के विचार हम सबकी प्रेरणा हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की कैंटीन में सीजेआई व वरिष्ठ जजों ने छका लंगर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की कैंटीन में गुरुवार को गुरु नानक देव जी की जयंती के मौके पर लंगर का आयोजन किया गया। इसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, सूर्यकांत सहित अन्य जजों ने लंगर छका। गुरु नानक देव जी की जयंती पर 15 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में अवकाश की वजह से आज ही सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से लंगर का आयोजन किया गया।लंगर में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एन कोकेश्वर सिंह, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस उज्जवल भूईयां, जस्टिस केवी विश्वनाथन, जस्टिस पीबी बराले, जस्टिस जेजे माहेश्वरी और जस्टिस पीएस नरसिम्हा मौजूद थे। सुप्रीम कोर्ट के अन्य जजों ने भी लंगर छका।

### पाक से 1481 तीर्थ यात्रियों का वीजा रद्द किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण

**चंडीगढ़।** भारतीय सिख श्रद्धालुओं का एक जत्था गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश उत्सव पर्व को मनाने के लिए गुरुवार को अटारी-बाघा बार्डर के रास्ते पाकिस्तान के लिए रवाना हुआ। यह जत्था 10 दिन बाद 23 नवंबर को भारत लौटेगा। पंजाब समेत भारत के अलग-अलग राज्यों से आए हुए 763 श्रद्धालु सतनाम वाहेगुरु के जयकारों के बीच रवाना हुए। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव सरदार प्रताप सिंह ने बताया कि 2244 तीर्थ यात्रियों के पासपोर्ट दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग को भेजे गए थे, जिनमें से दूतावास ने 763 तीर्थ यात्रियों को वीजा जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि दूतावास की ओर से 1481 तीर्थ यात्रियों को वीजा नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में सिख तीर्थ यात्रियों का वीजा रद्द किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### तमिलनाडु में डॉक्टरों की हड़ताल से ओपी सेवाएं प्रभावित

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कलैगनार सेंटेनरी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में ड्यूटी पर एक डॉक्टर की चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना और पर्याप्त सुरक्षा की मांग को लेकर विभिन्न डॉक्टर संगठनों की हड़ताल के कारण गुरुवार को राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में बाह्य मरीज सेवाएं प्रभावित हुईं। तमिलनाडु गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन और फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रति निष्ठा रखने वाले डॉक्टर सांकेतिक विरोध के रूप में ओपी सेवाओं का बहिष्कार करके हड़ताल में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि उनकी मांगों को सरकार मान नहीं लेती है, जिसमें अस्पतालों को सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने, आईसीयू में पुलिस कर्मियों की तैनाती और सरकारी अस्पतालों में कैजुअल्टी वार्ड और उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था शामिल है। भारतीय चिकित्सा संघ तमिलनाडु चैप्टर के अनुसार, पूरे राज्य के सरकारी और 8,000 निजी अस्पतालों के लगभग 45,000 डॉक्टर हड़ताल पर हैं।

### इंडिगो फ्लाइट में बम की सूचना देने वाला यात्री रायपुर से गिरफ्तार

**रायपुर।** इंडिगो फ्लाइट संख्या 6श्व812 में में बम होने की सूचना पर गुरुवार सुबह छत्तीसगढ़ के रायपुर में उसकी इमरजेंसी लैंडिग करायी गई। इस मामले को लेकर क्राइम ब्रांच पुलिस ने सूचना देने वाले यात्री अनिमेष मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। माना थाना के प्रभारी भावेश गौतम ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यात्री अनिमेष मंडल को पूछताछ के लिए ले जाया गया है। पूछताछ के बाद ही पूरे मामले की जानकारी सामने आएगी।